RNI No. UPHIN/2021/82019

# दैनिक सिद्धि सरकार

वर्ष - 03 | अंक - 245 | www.siddhisarkar.com | ललितपुर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 12 , मूल्य : 3/- रूपये

## शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, 8 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तर बढ़ा दी गई है। दिल्ली कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग



मामले में मनीष सिसोदिया के साथ-साथ विजय नायर और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत 8 भी मई, 2024 तक बढ़ा दी है। आज उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। मनीष सिसोदिया को इस सिलसिले में पिछले साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद से ही वह तिहाड़ में बंद हैं। मनीष सिसोदिया पर ईडी ने आरोप लगाया है कि शराब नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं और लाइसेंस वाले लोगों को अनुचित लाभ दिया गया।

## शादी में सिलेंडर ब्लास्ट..एक ही परिवार के 6 की मौत

### दरभंगा में बारातियों की आतिशबाजी से शामियाने में लगी आग, रसोई तक पहुंची चिंगारी

**दरभंगा।** शादी विवाह जैसे खुशियों के मौके पर आतिशबाजी फैशन बनती जा रही है। लेकिन बिहार के दरभंगा में बारात के पटाखे ने ऐसा तांडव मचाया कि छह लोग जिंदा जलकर राख हो गए। बेटी की शादी में खुशियां मना रहे परिवार में दर्द, आंसू और मातम का सैलाब उमड़ पड़ा। घटना बहेरा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव की है। बीती देर रात की इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में कोहराम मच गया है। प्रशासन की टीम मौके पर कैंप कर रही है। बताया जा रहा है कि सिलेंडर विस्फोट के बाद आग ऐसी भड़की जिसे कंट्रोल कर पाना मुश्किल हो गया। गुरुवार को पटना में एक होटल समेत दो इमारतों में लगी आग में भी 6 लोगों की मौत




हो गई। पटना रेलवे स्टेशन के पास पाल होटल समेत कई मकानों भीषण आग में 6 लोगों की मौत की तपिश अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि दरभंगा में शादी समारोह के दौरान अग्नितांडव की घटना ने लोगों को हिलाकर कर रख दिया।

### पटना स्टेशन के पास होटल और इमारतों में भीषण आग, 6 की मौत से कोहराम

गुरुवार की रात धूम धाम के साथ बारात आई और पहुंचने के साथ ही लड़की वाले के दरवाजे पर बारातियों ने जमकर पटाखेबाजी की। गर्मी और हवा के कारण पटाखे की चिंगारी से से शामियाने में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा टेंट आग की चपेट में आ गया। लोग वहां से भाग चले तो कुछ लोग आग बुझाने में लगे थे। इसी दौरान वहां रखे सिलेंडर में भी आग लग गई और विस्फोट कर गया। भंयकर विस्फोट से वहां मौजूद डीजल के स्टॉक में आग लग गई और छह लोग मौत के मुंह में समा गए।

## 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग हुई

### 5 बजे तक छत्तीसगढ़-त्रिपुरा-मणिपुर-बंगाल में 71 प्रतिशत से ज्यादा मतदान, मणिपुर के बूथ में कुछ संदिग्ध घुसे थे




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान शुक्रवार, 26 अप्रैल को वोटिंग हो रही है। इस दौरान 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर मतदाता मतदान का प्रयोग करेंगे। दूसरे चरण में केरल की सभी 20 सीटों पर मतदान हो रहा है। कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र की 8-8 सीटों, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की पांच, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ की तीन-तीन, मणिपुर, त्रिपुरा व केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की एक-एक सीट पर मतदान के जरिए उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। इस चरण में कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर लगी होगी, जिसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, हेमा मालिनी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, अभिनेता अरुण गोविल, पप्पू यादव, वीडी शर्मा प्रमुख हैं।

### मणिपुर में शांतिपूर्ण रहा मतदान, 75 प्रतिश तक रही वोटिंग- मुख्य निर्वाचन अधिकारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार झा ने कहा कि बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र, 13 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा है। ईवीएम को नुकसान पहुंचाने की एक घटना अब तक सामने आई है। हम सभी जिलों से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने बताया है कि मतदान शांतिपूर्ण रहा है। पिछले चुनावों की तुलना में, बाहरी मणिपुर में चुनाव बहुत शांतिपूर्ण रहा है। हमें पूरी उम्मीद है कि आज देर शाम हमारे सामने स्पष्ट तस्वीर होगी। एक या दो घटनाओं को छोड़कर, कुछ भी बड़ा नहीं हुआ है। मतदान बहुत उत्साहजनक रहा है। लगभग एक घंटे पहले हमें मिली अंतिम रिपोर्ट तक मतदान प्रतिशत 75 त्न के बीच था।

### तिरुवनंतपुरम के मतदान केंद्र पर ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को किया सील

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के बाद तिरुवनंतपुरम के एक मतदान केंद्र पर ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सील किया जा रहा है।

### शाम 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 77.71 प्रतिशत मतदान, छत्तीसगढ़ ने सभी को चौंकाया

असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90प्रतिशत, केरला में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06प्रतिशत, राजस्थान में 59.19प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.17 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.74 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत।

### तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज, कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी का ट्वीट

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ट्वीट किया कि सांसद और बेंगलुरु साउथ पीसी के उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के खिलाफ 25 अप्रैल 2024 को जयानगर पीएस में धारा 123(3) के तहत 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट करने और धर्म के नाम पर वोट मांगने के लिए मामला दर्ज किया गया है।

### अभिनेता शिव राजकुमार ने बेंगलुरु में में डाला वोट, बोले- जनता चाहती है बदलाव

कर्नाटक के बेंगलुरु में अपना वोट डालने के बाद अभिनेता शिव राजकुमार ने कहा कि मैं खुश हूं क्योंकि वोट देना हर किसी का अधिकार है। जब हम वोट करते हैं, तो हमें सवाल पूछने का पूरा अधिकार है। लोगों की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है। मुझे लगता है कि वे बदलाव चाहते हैं।

### भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने डाला वोट, उनकी बेटी भी रहीं मौजूद

भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी लोकसभा इलेक्शन के दूसरे चरण के लिए अपना वोट डालने के लिए अमरोहा के एक मतदान केंद्र पर पहुंचे। उनके साथ उनकी बेटी भी मौजूद थी, जो उनका हाथ पकड़कर चल रही थी।

### डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा ने डाला वोट, दिखाया विक्ट्री साइन

राजस्थान के डिप्टी सीएम और बीजेपी नेता प्रेम चंद बैरवा ने राजस्थान के दूदू में एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। इस दौरान उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाकर जीत का विश्वास जताया।

### 3 बजे तक सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 68.92 प्रतिशत व सबसे कम बिहार में 44.24 प्रतिशत हुई वोटिंग

असम में 60.32 प्रतिशत, बिहार में 44.24 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 63.92 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 57.76 प्रतिशत, कर्नाटक में 50.93 प्रतिशत, केरला में 51.64 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 46.50 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 43.01 प्रतिशत, मणिपुर में 68.48 प्रतिशत, राजस्थान में 50.27 प्रतिशत, त्रिपुरा में 68.92 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 44.13 प्रतिशत, वेस्ट बंगाल में 60.60प्रतिशत।

### अभिनेता ममूटी ने केरल में डाला अपना वोट

अभिनेता ममूटी ने केरल के एर्नाकुलम में एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। इस दौरान उनके फैंस उनको एक झलक पाने को बेताब नजर आए।

### जवागल श्रीनाथ ने कर्नाटक की मैसूरू सीट पर किया मतदान, लोगों से की यह अपील

पूर्व क्रिकेटर जवागल श्रीनाथ ने कर्नाटक की मैसूरू सीट पर मतदान करने के बाद कहा, मतदान करना हमारा अधिकार है। हम चाहते हैं कि लोग बाहर आएं और मतदान करें। मुझे खुशी है कि अब तक 50त्न से अधिक मतदान हो चुका है।

### अशोक चव्हाण ने किया मतदान

बीजेपी नेता अशोक चव्हाण ने नांदेड़, महाराष्ट्र में अपना वोट डालने के बाद कहा, %लोगों से मेरी अपील है कि बड़ी संख्या में मतदान करें। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में योगदान दें और मतदान करें, क्योंकि आपका वोट एक मजबूत सरकार लाने में महत्वपूर्ण है। सभी गलतफहमियां दूर हो गई हैं, लोगों में कोई संदेह नहीं है कि मराठाओं को 10त्न आरक्षण मिल गया है।

**पीएम मोदी का विपक्ष पर हमला**

# कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी

**अररिया/ मुंगेर।** पीएम मोदी इस माह बिहार में चौथी बार आ रहे। सीमांचल में दूसरी और अंग प्रदेश में पहली बार जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस देश के संसाधनों पर अगर पहला हक किसी का है तो वह मेरे देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का है। वह किसी भी जाति-धर्म का हो अगर वह गरीब है तो देश के संसाधनों पर पहला हक उनका है। कांग्रेस ने देश के हिन्दुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। यह लोग संविधान बदलना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस का कहना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक उनके वोटबैंक के खास लोगों का है।

कांग्रेस आपके मंगलसूत्र तक एक्स-रे और गहने तक हिसाब-किताब करने की बात करते हैं। आपकी बची हुई संपति को छीनकर अपने वोट बैंक को देने की कोशिश कर रही है। आप चाहते हैं कि आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों के काम आएगी। लेकिन, इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि आपके गुजर जाने के बाद आपकी संपत्ति पर 55 प्रतिशत टैक्स लगाएगी। इसलिए पूरा देश कह रहा है कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। साथियों आप इंडी गठबंधन को रोक सकते हैं। इसलिए सात मई को कमल के फूल और तीर चुनाव चिन्ह पर भारी मतदान होना चाहिए। पीएम मोदी ने अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह



### देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है

पीएम मोदी ने कहा कि बिहारवासियों से मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप ओबीसी के हक को लूटने देंगे? आप इनकी नजर ओबीसी के हक पर है। आने वाले समय में कांग्रेस और राजद इसी तरह से एससी-एसटी के हक को छीनने का काम करेगी। तुष्टिकरण के दल-दल में कांग्रेस और राजद इतनी धंस गई है कि यह लोग बाबा साहेब के संविधान का परवाह नहीं है। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में कांग्रेस ने ओबीसी कोटे पर डाका डालकर धर्म के आधार आरक्षण देने की कोशिश की थी।

**मालदा में विपक्ष पर गरजे पीएम मोदी**

### 'कांग्रेस-तृणमूल पहले चरण में पस्त और दूसरे चरण में ध्वस्त'

कोलकाता। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि आज देश में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और सुबह से ही लोग उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। मालदा में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'जो लोग मतदान के लिए उत्साह से निकल पड़े हैं, मैं उनका बहुत बहुत अभिनंदन करता हूं।' उन्होंने



आगे कहा, 'मैं इतनी भीड़ देखकर खुश हूं कि इतने लोग मेरा स्वागत करने के लिए यहां आए हैं। आज लोग लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव मना रहे हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि आप अपना वोट देकर भारत के लोकतंत्र में योगदान दें।'

#### टीएमसी और कांग्रेस पर गरजे पीएम मोदी

*पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि पहले चरण में टीएमसी कांग्रेस जैसे दल जो पस्त हो रहे थे अब दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे। एक समय था जब बंगाल पूरे देश के विकास का नेतृत्व करता था, लेकिन पहले लेफ्ट और फिर टीएमसी ने अपने शासन में बंगाल की इस महानता को चोट पहुंचाई।*

**अमित शाह ने दिया यह टास्क**

## केंद्र से लेकर प्रदेश तक के भाजपा नेता राजधानी में सक्रिय

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार सुबह शुरू हो गया। मशीनों की लेट लतीफी को लेकर नाराजगी और अपनी मांगों को आगे रखकर बहिष्कार की खबरों के बीच मतदान जारी है। राजधानी से दूरस्थ जिलों में हो रहे मतदान को लेकर चिंता की लकीरें भोपाल में बैठे नेताओं के माथे पर दिखाई दे रही हैं। केंद्रीय नेताओं से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक स्थितियों को दुरुस्त करने की कवायद में जुटा दिखाई दे रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार रात भोपाल पहुंचे। हालांकि, उनकी यह यात्रा शुक्रवार को राजगढ़ जिले के खिलचीपुर की सभा से जुड़ी हुई थी। लेकिन, कहा जा रहा है कि शाह का भोपाल आना



पहले चरण में हुए कम मतदान की फिक्र के साथ जुड़ा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि शाह ने गुरुवार को एक निजी होटल में पार्टी के चुनिंदा लोगों के साथ बैठक की है। जिसमें उन्होंने मत प्रतिशत बढ़ाने पर खास जोर दिया है। बताया जा रहा है कि शाह ने वोटिंग प्रसेंटेज बढ़ाने के लिए विधायकों को जिम्मेदारी सौंपी है। हर विधायक को प्रति बूथ 370 वोट बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है।

#### सीएम ने लिया जायजा

*सीएम डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार सुबह प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचकर मतदान वाले स्थानों की जानकारी ली। चुनाव वॉर रूम पहुंचे सीएम ने प्रदेशभर से आ रही सूचनाओं पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।*

#### यहां हो रहा है आज मतदान

*लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को प्रदेश की सात सीटों पर मतदान हो रहा है। इनमें टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद सीट शामिल है।*

#### नाराजगी यहां से वहां तक

*शुक्रवार सुबह शुरू हुए मतदान से पहले कई स्थानों पर ईवीएम मशीनों की खराबी की शिकायतें आईं। जिसके चलते मतदान निर्धारित समय से शुरू नहीं हो पाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की सीट खजुराहो में भी यही हालात थे। जिसको लेकर उन्होंने चुनाव आयोग से मतदान समय एक घंटा बढ़ाने की मांग की है। इधर ईवीएम खराबी पर दमोह में पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने भी नाराजगी जताई है।*

## सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम-वीवीपीएटी के 100 प्रतिशत मिलान की मांग खारिज

### बैलट पेपर से चुनाव नहीं होंगे, पर कैंडिडेट की शिकायत पर ईवीएम जांच होगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों की वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने बैलेट पेपर से मतदान कराने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दो निर्देश दिए हैं- पहला यह है कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को सील कर दिया जाना चाहिए और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए सहेज कर रखा जाना चाहिए। इसके अलावा दूसरा निर्देश यह है कि उम्मीदवारों के पास परिणामों के एलान के बाद इंजीनियरों की एक टीम की ओर से जांचे जाने वाले ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर प्रोग्राम को पाने का विकल्प होगा। इसके लिए उम्मीदवार को नतीजों के एलान के सात दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। इसका खर्च भी उम्मीदवार को खुद को उठाना होगा। इससे पहले दो दिन की लगातार सुनवाई के बाद पीठ ने 18 अप्रैल को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**कांग्रेस पर बरसे शिवराज**

## कांग्रेस की बुद्धि पर मंथरा बैठ गई, कुंडली में राहु-केतु विराजित

**विदिशा।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को विदिशा संसदीय क्षेत्र की गंजबासौदा विधानसभा के ग्राम मानोरा से जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। जगदीश स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन कर देश व प्रदेशवासियों के मंगल और कल्याण की कामना की। पूर्व सीएम ने बासौदा विधानसभा के कई गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं कर आमजन से संवाद किया। साथ ही गंजबासौदा में रोड-शो किया। इस दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम राजनीति में केवल दो ही उद्देश्यों से हैं। पहला देश की सेवा और दूसरा जनता की सेवा। मैं



आपकी जिंदगी बेहतर बनाने में अपनी अंतिम सांस तक लगा दूंगा, किसी पद की ख्वाहिश नहीं है। जनता की सेवा कर, ये जिंदगी सफल और सार्थक हो जाए। मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

### राहु-केतु दोनों कांग्रेस की कुंडली में बैठ गए हैं

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, राहुल के राजनैतिक गुरु कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि अमेरिका में एक कानून बना है, जिसके तहत आपके मरने के बाद आपकी अर्जित की हुई सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खाते में चला जाएगा। चौहान ने कहा कि ये भारत है, यहां तो मां-बाप पेट काट-काट कर बेटे-बेटियों के लिए थोड़ा बहुत बचा पाते हैं और कांग्रेस कह रही है कि हम मर गए तो 55 प्रतिशत सरकार के खाते में जाएंगे और तुम्हारे बच्चों को 45 प्रतिशत ही मिलेगा।

## आईसीआईसीआई बैंक के मोबाईल ऐप में टेक्निकल खामी

### 17,000 नए क्रेडिट कार्ड की डिटेल्स लीक हुईं, बैंक ने कहा- एरर की वजह से किसी भी मिसयूज की घटना नहीं




**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआइ बैंक ने पिछले कुछ दिनों में जारी किए गए लगभग 17,000 नए क्रेडिट कार्ड गलती से डिजिटल चैनलों में गलत यूजर्स के लिए मैप कर दिए। यानी इस टेक्निकल खामी की वजह से आईसीआईसीआईं बैंक के 'आईमोबाइल' ऐप के यूजर्स को दूसरे कस्टमर्स के क्रेडिट कार्ड से जुड़ी डिटेल्स दिख रही थीं। गुरुवार (25 अप्रैल) को इस बात की जानकारी बैंक ने खुद दी है।

### यूजर्स ने सोशल मीडिया पर बैंक की इस सुरक्षा खामी के बारे में बताया

दरअसल, आईसीआईसीआइबैंक के मोबाइल बैंकिंग ऐप 'आईमोबाइल' के कुछ यूजर्स ने कल शाम से सोशल मीडिया पर इस सुरक्षा खामी के बारे में बैंक को बताया था। हालांकि, अब बैंक ने इस एरर को ठीक कर दिया है। 17,000 क्रेडिट कार्ड बैंक के टोटल क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का करीब 0.1 प्रतिशत हिस्सा है।

दैनिक
सिद्धि सरकार

ललितपुर

ललितपुर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024


## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय का समय फिर हुआ परिवर्तित

ललितपुर। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी किये गये बुलेटिन के आधार पर जनपद में बढ़ते हुए तापमान के दृष्टिगत छात्रहित को देखते हुए जनपद में बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित समस्त परिषरदीय अशासकीय सहायता प्राप्त एवं अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयो (कक्षा 01 से 08 तक) के पठन-पाठन का कार्य प्रात-07-30 बजे से मध्यान्ह 11.30 बजे तक (10.00 से 10.30 बजे तक मध्यावकाश कर दिया जाये तथा लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत बूथों पर आवश्यक सुविधाओं के संतृप्तीकरण स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नवीन नामांकन में वृद्धि हेतु समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय के निरधारित समय अपरान्ह 01-00 बजे तक उपस्थित होकर उपरोक्त विभागीय कार्य का निष्पादन करेंगे। साथ ही उपरोक्त वर्णित समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय में शुद्ध पेयजल ओ0आर0एस पैकेट के साथ आवश्यक दवाओं उपलब्धता प्रत्येक दशा मे सुनिश्चित किया जाये और आउटडोर गतिविधिया तत्काल प्रभाव से रोक दी जाये विध्यारधियों को लू से बचाव हेतु जागरूक किया जाय और आपदा कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे जागरुकता संदेशों को विध्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा किया जाये। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चि किया जाय किसी भी दशा में शिथिलता न बरती जाय।

### छात्रवृत्ति के द्वितीय चरण में कार्यों की तिथियां निर्धारित

ललितपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि अनुसूचित जाति/जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शासन स्तर से निर्गत समय सारणी के अनुसार द्वितीय चरण में विभिन्न कार्यो हेतु समय सीमा निर्धारित की गयी है। छात्र-छात्राओं के द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन में त्रुटियों को छात्र के लॉगिन में प्रदर्शित किया जाना तथा छात्र-छात्राओं द्वारा त्रुटियों को ठीक करने की तिथि 26 अप्रैल से 03 मई 2024 निर्धारित है। इसी प्रकार छात्र-छात्राओं के द्वारा सही आवेदन द्वारा वांछित संलग्कों सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना तथा शिक्षण संस्थान द्वारा छात्र के अभिलेखों से मिलान किया जाना एवं ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 26 अप्रैल 2024 से 07 मई 2024 निर्धारित है। अतएव जनपद के समस्त शिक्षण संस्थान योजनान्तर्गत नियमावली एवं समय सारणी का गहन अनुश्रवण करते हुये आवश्यक कार्यवाही एवं संस्था स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार, नोटिस बोर्ड, सेमिनार के माध्यम से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उक्त तिथियों से अवगत कराना सुनिश्चित करें तथा उक्त करेक्शन की तिथि में छात्र एवं संस्थायें गत वर्ष के पूर्णाक व प्राप्तांक के साथ-साथ अन्य त्रुटियों को सही-सही भरें। ताकि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कोई भी पात्र छात्र-छात्रा योजना से वंचित न रह सकें।

### डीएम ने वार्ड में पहुंच कर देखी व्यवस्थाएं, दिये निर्देश

ललितपुर। शुक्रवार को सुबह-सुबह जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने नगर के घण्टाघर, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, महावीरपुरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा वार्डों में घरों से निकलने वाला कचरा डोर टू डोर वाहन में ही डलवाये जाने तथा मुहल्ले में यहां-वहां कचरा फेंकने वाले व्यक्तियों का चालान किये जाने के निर्देश सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को दिये गये। उन्होंने नगर में खुले प्लाटों को चिन्हित कर उनकी साफ-सफाई कराये जाने तथा वार्ड / मुहल्लों में जहाँ भवन निर्माण हेतु सड़कों पर मटेरियल डला है उसको तत्काल हटवाये जाने के निर्देश निर्गत किये गये। जिलाधिकारी द्वारा नगर में विचरण कर रहे आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें गौशाला भिजवाये जाने एवं प्रतिदिन पकड़े / छोड़े गये गौवशों की सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। नगर में आम जनमानस को पेयजल हेतु संचालित किये जा रहे प्याऊ की सूची उपलब्ध कराने तथा नगर के सभ्रांत नागरिकों / समाजसेवी संस्थाओं को प्रेरित कर उनसे नि- शुल्क प्याऊ लगवाये जाने के निर्देश निर्गत किये गये। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में एक हॉल बनवाये जाने तथा छात्राओं को खेलने हेतु विद्यालय के प्रांगण में बैड मिन्टन कोट लगवाये जाने तथा विद्यालय में बने टॉयलेट में टाल्स लगवाये जाने व खिड़की दरवाजों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये। दिन में जल रहीं स्ट्रीट लाईटों की समस्या को संज्ञान लेते हुये मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियन्ता विद्युत को स्ट्रीट लाईट हेतु पूर्व की भाँति पृथक से वॉयर/तार डाले जाने के निर्देश निर्गत किये गये। इस दौरान पार्षद गिरीश पाठक, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, कार्यालय अधीक्षक रमाकान्त तिवारी, मुख्य स्टोर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, जल संस्थान एवं जल निगम के अधिशासी अभियन्ता / अवर अभियन्ता, हैड स्वास्थ्य नायक संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर चालकों को दिलायी शपथ

ललितपुर। मुख्य सचिव उ.प्र. शासनादेश अनुसार सड़क सुरक्षा पखवाडा 22 अप्रैल से 04 मई 2024 तक मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में एआरटीओ मो. कय्यूम ने कार्यालय में सार्वजनिक वाहन (मोटर कैब, मैक्सी कैब, बस आदि) के चालक एवं परिचालक को अपने परिवार के फैमिली फोटो को ड्राइवर सीट के सामने लगाये जाने हेतु जागरूक किया एवं बताया कि वाहन चालक वाहन चलाते समय परिवार से भावनात्मक लगाव महसूस करते हुये किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचे तथा सावधानीपूर्वक वाहन चलाते हुये दुर्घटनाओं से सुरक्षित रह सके।

# बाइक पर तभी बैठना जब पापा लगायेंगे हेलमेट : टीएसआई

## स्कूली बच्चों को ले जा रहे अभिभावकों को टीएसआई ने किया जागरूक, ट्रैफिक पुलिस ने अभिभावकों से किया आह्वान, आफत में न डालें जान

ललितपुर। शासन के आदेश पर पांच मई तक मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखबाड़ा को लेकर अब यातायात पुलिस अभिभावकों को चिह्नित कर उन्हें बच्चों को विद्यालय लाने और लेजाने के दौरान हेलमेट का प्रयोग करने को लेकर जागरूक कर रही है। शुक्रवार को रेलवे स्टेशन से ओवरब्रिज चौराहा पर सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बच्चों को लेकर जा रहे अभिभावकों को रोककर उन्हें हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों से भी आह्वान किया कि वह अपने माता-पिता के साथ तब ही वाहन पर बैठें, जब वह हेलमेट लगायें।



गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेशानुसार एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा पखबाड़ा को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जहां एक ओर वाहन चालकों से यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए अपील की जा रही है तो वहीं अब बच्चों को घर से विद्यालय और विद्यालय से घर लाने और ले जाने वाले माता-पिता (अभिभावकों) को भी हेलमेट लगाने को लेकर आह्वान किया गया।

यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि बच्चों को मोटर साइकिल, स्कूटी इत्यादि पर बैठाकर विद्यालय लाने- ले जाने के अलावा कहीं भी ले जाने पर हेलमेट का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। उन्होंने कहा कि हो सके तो बच्चों को भी हेलमेट लगायें, ताकि वह भी सुरक्षित रह सकें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्रायें बिना लाइसेंस वाहन का संचालन न करें। शासन से निर्धारित आयुवर्षता पूर्ण करते हुये सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय से निर्धारित मानकों को पूर्ण कर लाइसेंस प्राप्त करें और लाइसेंस लेकर ही वाहन चलायें। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान यातायात पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

# सरकार आपके द्वार, डीएम ने शुरू की अनूठी पहल

## पूरे माह अलसुबह वार्डों में जन सामान्य के बीच जाकर सुनेंगे समस्याएं

**वार्डों में स्वयं भ्रमण कर पेयजल, विद्युत, सफाई, अतिक्रमण, अन्ना गौवंश जैसी समस्याओं को दुरुस्त कराएंगे जिलाधिकारी**

**लोगों को मूलभूत सुविधाओं के शत प्रतिशत आच्छादन हेतु अभियान प्रारंभ**

**वार्ड 26 महावीरपुरा में भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं के आच्छादन की जानी हकीकत**



ललितपुर। शासन की मंशानुसार जन सामान्य को मूलभूत सुविधाओं का शत प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित कराएं जाने हेतु जिलाधिकारी ने आज अभिनव पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत जिलाधिकारी प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ जनपद के वार्डों में सुबह भ्रमण कर लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। जिलाधिकारी ने आज नगर पालिका, जल संस्थान एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 26 महावीरपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिकारियों से नगर में नालियों व सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कैटल कैचर के संचालन की स्थिति की जानकारी ली, उन्होंने रूटचार्ट के बारे में चर्चा करते हुए मौके पर ही अन्ना गौवंशों को कैटल कैचर के माध्यम से पकड़वाया एवं निर्देश दिए कि शहर में अन्ना गौवंश को पकड़ कर गौशालाओं में भेजा जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि वार्ड में 48 हैंडपंप में से 4 खराब पाए गए, जिन्हे तत्काल सुधरवाने के निर्देश दिए गए, इसके अलावा पानी की आपूर्ति को भी देखा गया, जहां समस्या है वहां अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत एवं सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। भ्रमण के दौरान स्ट्रीट लाइट के लिए नगर में एक कंट्रोल स्विच लगाने के निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत को दिए गए, ताकि दिन के समय स्ट्रीट लाइट को एक साथ बंद किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पूरे माह में अभियान चलाकर वार्डों में भ्रमण किया जाएगा, जिसकी आज शुरुआत की गई। इसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान मोहल्लेवासियों ने प्राचीन जल श्रोतों को दुरुस्त कराने का अनुरोध किया, जिस पर वार्ड में स्थित कुओं एवं प्राचीन बावड़ी को दुरुस्त कराकर उपयोग में लाने हेतु ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वार्ड में ऐसे खाली पड़े प्लाटों का चिन्हांकन करें जिनमे कचरा डाला जाता है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रावर स्कूल एवं जीजीआईसी द्वारा संचालित प्राथमिक पाठशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि रावर स्कूल में बच्चों के खेल प्रोत्साहन हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएं, साथ ही स्कूल के बाहर लगे खंभे को दुरुस्त कराया जाए। जीजीआईसी द्वारा संचालित प्राथमिक पाठशाला में निरीक्षण के दौरान विद्यालय में रखरखाव का अभाव पाया गया, शौचालय आदि में समुचित सफाई नहीं मिली, जिस पर डीआईओएस को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में सफाई, पेयजल एवं शौचालय आदि व्यवस्था दुरुस्त कराकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

# समय पर करें पहचान, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पाये निदान: डीएम

## निशुल्क टोल फी नम्बर 14416 या 1800-891-4416 पर तुरंत कॉल करें

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि जनपद में बढ़ती आत्महत्या के प्रयास की घटनाओं के दृष्टिगत जनपदवासियों से अपील है कि यदि आपको चिन्ता, घबराहट, नींद न आना, उदासी एवं आत्महत्या के विचार आते हैं तो सहायतार्थ टेलीमानस के निशुल्क टोल फी नम्बर 14416 या 1800-891-4416 पर तुरंत कॉल करें। डीएम ने बताया कि 10 अक्टूबर 2022 को भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया था। भारत सरकार के टेली मानस संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमुखता के साथ प्रदेश में टेली मानस सेवा प्रदान की जा रही है। टेली मानस मेडिकल सर्विस को जन-मानस को प्रदान करने के लिए प्रदेश में एक डिजिटल मेंटल हेल्थ नेटवर्क की तत्काल जरूरत महसूस की गई, जिसका उद्देश्य देश के सबसे दूर-दराज हिस्से में भी



मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को हर समय उपलब्ध कराना है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में चार टेली मानस सेल बी. आर.डी. मेडिकल कॉलेज गोरखपुर, मानससिक स्वास्थ्य संस्थान आगरा, मानसिक अस्पताल बरेली, मानसिक अस्पताल वाराणसी में ट्रेंड काउंसलर्स के जरिए से मेंटल काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। टेली मानस पर मिलने वाली ज्यादातर कॉल उदास मन, तनाव से संबंधित कॉल, परीक्षा से संबंधित चिंता, घरेलू गड़बड़ी और नींद न आने की समस्या से संबंधित होती है।

# साप्ताहिक परेड कर एसपी ने किया निरीक्षण



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी ने शस्त्र हैंडलिंग व दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास भी देखा। पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एसपी ने यू.पी. 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा प्राथमिक उपचार किट व दंगा नियंत्रण उपकरण चैक कर पुलिस कर्मियों को घटना स्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराकर निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें। इस दौरान परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, निर्माणाधीन बिल्डिंग, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन रक्षपाल सिंह व प्रतिसार निरीक्षक के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मतदान करना हमारा मौलिक कर्तव्य : डीआईओएस

## नेमवि में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न

**ललितपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नेहरू महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राचार्य राकेश नारायण की अध्यक्षता में लोकतन्त्र के लिए मतदान का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा मतदाता जागरूकता विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्वीप सहायक नोडल अधिकारी डीआईओएस ओमप्रकाश ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है।

मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है। लोकतांत्रिक प्रणाली में भारतीय नागरिक को जितने अधिकार मिलते हैं उनमें से सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मतदान का होता है। तभी तो हमें मतदाता कहा जाता है।

यानी मतदाता अगर अपने अधिकार का इस्तेमाल करें तो वह एक सरकार को बना भी सकता है और उसे गिरा भी सकता है। लेकिन महत्वपूर्ण यही है कि मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। प्राचार्य ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व है मतदान चुनावी प्रक्रिया में मतदान लोकतंत्र का महापर्व होता है। ललितपुर जनपद में 20 मई को मतदान होना है जिसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि पहले ऐसी संस्था का निर्माण किया गया था, जो हमें लोकतंत्र की सबसे बड़ी



ताकत मानती है। जिसको हम भारत निर्वाचन आयोग के तौर पर जानते हैं।

भारतीय संविधान में इससे जुड़े कई नियम बताए गए हैं। इतिहास विभाग के प्रो.पंकज शर्मा ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शक्ति लोकतंत्र के इस महापर्व पर मतदान के दिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायता करेगी। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ओ.पी.चैधरी ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए अपने परिजनों को प्रेरित करना चाहिए। जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वह वेबसाइट पर जाकर मतदाता बन सकते हैं एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सकते हैं।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी लोगों को मतदान करना चाहिए। जितना अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा उतना ही लोकतंत्र मजबूत होगा। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में सविता सोनी ने प्रथम स्थान, श्रुति कुशवाहा ने द्वितीय एवं जय झा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में वैष्णवी ने प्रथम स्थान, सुरूचि बुंदेला ने द्वितीय स्थान एवं राधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी अनीता, डा.मनोज कुमार, डा. रामकुमार रिछारिया, डा.जितेन्द्र राजपूत, कार्यक्रम अधिकारी डा.वर्षा साहू, डा.बलराम द्विवेदी, डा.राजीव निरंजन, फहीम बख्श, विवेक पाराशर, अंकित चैबे, कमलेश कुमार, कार्यालय से हीरू गुप्ता सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# निर्भीक होकर मतदान करें, सूचना एवं जानकारी हेतु टोलफ्री नम्बर 1950 पर फोन करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

## मतदाताओं से वार्ता कर अधिकाधिक मतदान करने हेतु अपील की

ललितपुर। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने जोन संख्या-01 बानपुर के सेक्टर-2 मोगान के ग्राम म्यांव, कैलगुआ, मौगान व बरतला एवं बिल्ला सहित संवेदनशील/अति संवेदनशील मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया, साथ ही मतदाताओं से वार्ता कर शान्तिपूर्ण तरीके से शत-प्रतिशत मतदान कराने की अपील की।




निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय म्यांव, प्राथमिक विद्यालय नं.-1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैलगुवां, प्राथमिक विद्यालय ककरेला कैलगुवां, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोगान एवं प्राथमिक विद्यालय बरतला के मतदेय स्थलों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान दिवस पर सम्भावित गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त पेयजल, बैठने हेतु छायादार स्थान, परिसर में टेण्ट, शौचालय, कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें।

इसके अतिरिक्त महिलाओं, उनके साथ आए बच्चों, वयोवृद्ध मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं हेतु अतिरिक्त व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं ताकि किसी भी मतदाता को मतदान के दौरान परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने संवेदनशील/अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर मतदाताओं से वार्ता की, उन्होंने कहा कि सभी मतदाता शान्तिपूर्ण ढंग से अधिक से अधिक मतदान करें, मतदाता किसी भी बहकावे न आकर निर्भीक होकर मतदान करें और किसी भी घटना की सूचना हेतु निर्वाचन टोलफ्री नम्बर 1950 पर तत्काल जानकारी दें। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली हैं, किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद में रिकॉर्ड मतदान कराने में किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों की निगरानी करें, साथ ही क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर पुलिस बल तैनात रहे।

पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान अराजक तत्वों पर बारीक नजर बनाये रखें। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ी जायेगी। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत जिन बूथों पर कनेक्शन किये गए हैं, उनके संचालन की स्थिति निरीक्षण कर देख लें। डीएम ने निर्देश दिये कि मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरुक किया जाए, विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

# स्व.अनवरी बेगम की पुण्य स्मृति में हुई बैडमिन्टन प्रतियोगिता




ललितपुर। स्थानीय स्पोर्ट्स एकेडमी में स्व.अनवरी बेगम की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स अकादमी के बैडमिंटन खिलाड़ी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जहीर ललितपुरी द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में मिनी सब जूनियर बालक बालिका, जूनियर बालक बालिका एवं सीनियर बालक बालिका की एकल वर्ग की प्रतियोगिता हुई और बालक युगल वर्ग की प्रतियोगिता हुई। सभी बच्चों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे। सीनियर बालक वर्ग का खिताब यथार्थ चतुर्वेदी ने जीता और उपविजेता सार्थक रहे।

बालिका सीनियर वर्ग का खिताब अर्शिका खान ने जीता और नैंसी भार्गव उप विजेता रही, जूनियर बालक वर्ग में शौर्य श्रीवास्तव ने विजेता का खिताब जीता और विकर्ष सिंघई उप विजेता रहे, बालिका जूनियर वर्ग का खिताब महक खान ने जीता और उपविजेता राजस्मिता रही, मिनी सब जूनियर बालक वर्ग का खिताब स्वास्तिक शर्मा ने जीता और विराट शर्मा उप विजेता रहे, बालक वर्ग का डबल्स का खिताब शौर्य श्रीवास्तव व विकर्ष सिंघई की जोड़ी ने जीता और उपविजेता यथार्थ चतुर्वेदी व शिवांश श्रीवास्तव की जोड़ी रही।

समापन कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश देवास में रहने वाले वायोवृद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी अशोक चौबे की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि विद्वान अधिवक्ता प्रकाश देवलिया के द्वारा खिलाडियों को पुरूस्कार वितरण किए गए एवं बच्चों के बेहतरीन खेल के प्रदर्शन पर प्रशंसा करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया गया। बेहतरीन उपलब्धि के लिए मुख्य प्रशिक्षक जीशान सर के सहयोगी स्पोर्ट्स अकादमी के सीनियर खिलाड़ी-रोहित सोनी व सुरभि पटेल को सम्मान पुरूस्कार प्रदान किया गया। अकादमी के नए होनहार बच्चों में एंजेल सोनी, आध्या मालवीय, आशी शर्मा, मिस्टी गुप्ता, अस्वीका रजक को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए।

**सरकार आपके द्वार, डीएम ने शुरू की अनूठी पहल**

# पूरे माह अलसुबह वार्डों में जन सामान्य के बीच जाकर सुनेंगे समस्याएं

### वार्डों में स्वयं भ्रमण कर पेयजल, विद्युत, सफाई, अतिक्रमण, अन्ना गौवंश जैसी समस्याओं को दुरुस्त कराएंगे जिलाधिकारी

### लोगों को मूलभूत सुविधाओं के शत प्रतिशत आच्छादन हेतु अभियान प्रारंभ




ललितपुर। शासन की मंशानुसार जन सामान्य को मूलभूत सुविधाओं का शत प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित कराएं जाने हेतु जिलाधिकारी ने आज अभिनव पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत जिलाधिकारी प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ जनपद के वार्डों में प्रातःकालीन भ्रमण कर लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे।

जिलाधिकारी ने आज नगर पालिका, जल संस्थान एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 26 महावीरपुरा का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिकारियों से नगर में नालियों व सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कैटल कैचर के संचालन की स्थिति की जानकारी ली, उन्होंने रूटचार्ट के बारे में चर्चा करते हुए मौके पर ही अन्ना गौवंशों को कैटल कैचर के माध्यम से पकड़वाया एवं निर्देश दिए कि शहर में अन्ना गौवंश को पकड़ कर गौशालाओं में भेजा जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि वार्ड में 48 हैंडपंप में से 4 खराब पाए गए, जिन्हे तत्काल सुधरवाने के निर्देश दिए गए, इसके अलावा पानी की आपूर्ति को भी देखा गया, जहां समस्या है वहां अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत एवं सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पूरे माह में अभियान चलाकर वार्डों में भ्रमण किया जाएगा, जिसकी आज शुरुआत की गई। इसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान मोहल्लेवासियों ने प्राचीन जल श्रोतों को दुरुस्त कराने का अनुरोध किया, जिस पर वार्ड में स्थित कुओं एवं प्राचीन बावड़ी को दुरुस्त कराकर उपयोग में लाने हेतु ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वार्ड में ऐसे खाली पड़े प्लाटों का चिन्हांकन करें जिनमे कचरा डाला जाता है।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रावर स्कूल एवं जीजीआईसी द्वारा संचालित प्राथमिक पाठशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि रावर स्कूल में बच्चों के खेल प्रोत्साहन हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएं, साथ ही स्कूल के बाहर लगे खंभे को दुरुस्त कराया जाए। जीजीआईसी द्वारा संचालित प्राथमिक पाठशाला में निरीक्षण के दौरान विद्यालय में रखरखाव का अभाव पाया गया, शौचालय आदि में समुचित सफाई नहीं मिली, जिस पर डीआईओएस को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में सफाई, पेयजल एवं शौचालय आदि व्यवस्था दुरुस्त कराकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

# स्पोर्ट्स अकादमी के बैडमिंटन खिलाड़ी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया



ललितपुर। जमील सर,स्पोर्ट्स अकैडमी ललितपुर में दिनांक 23 अप्रैल 20 24 से 25 अप्रैल 20 24 तक समाज सेविका स्वर्गीय मां अनवरी बेगम की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स अकादमी के बैडमिंटन खिलाड़ी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जहीर ललितपुरी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में मिनी सब जूनियर बालक बालिका, जूनियर बालक बालिका एवं सीनियर बालक बालिका की एकल वर्ग की प्रतियोगिता हुई और बालक युगल वर्ग की प्रतियोगिता हुई।सभी बच्चों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे--- सीनियर बालक वर्ग का खिताब यथार्थ चतुर्वेदी ने जीता और उपविजेता सार्थक रहे, बालिका सीनियर वर्ग का खिताब अर्शिका खान ने जीता और नैंसी भार्गव उप विजेता रही, जूनियर बालक वर्ग में शौर्य श्रीवास्तव ने विजेता का खिताब जीता और विकर्ष सिंघई उप विजेता रहे, बालिका जूनियर वर्ग का खिताब महक खान ने जीता और उपविजेता राजस्मिता रही, मिनी सब जूनियर बालक वर्ग का खिताब स्वास्तिक शर्मा ने जीता और विराट शर्मा उप विजेता रहे, बालक वर्ग का डबल्स का खिताब शौर्य श्रीवास्तव व विकर्ष सिंघई की जोड़ी ने जीता और उपविजेता यथार्थ चतुर्वेदी व शिवांश श्रीवास्तव की जोड़ी रही। समापन कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश देवास में रहने वाले वायोवृद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी अशोक चौबे की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि विद्वान अधिवक्ता प्रकाश देवलिया के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किए गए एवं बच्चों के बेहतरीन खेल के प्रदर्शन पर प्रशंसा करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया गया। बेहतरीन उपलब्धि के लिए मुख्य प्रशिक्षक जीशान सर के सहयोगी स्पोर्ट्स अकादमी के सीनियर खिलाड़ी-रोहित सोनी व सुरभि पटेल को सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। अकादमी के नए होनहार बच्चों में एंजेल सोनी, आध्या मालवीय, आशी शर्मा, मिस्टी गुप्ता, अस्वीका रजक को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए।

# विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय में संगोष्ठी



**रिपोर्ट सोनम यादव**

ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा, उपप्राचार्य डॉ रामलाल रैकवार, कृषि विभागाध्यक्ष असि.प्रो. भजनलाल साहू एवं कार्यक्रम संयोजक असि0प्रो0 डॉली बानो ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीपप्रज्ज्वलन कर किया। डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए 26 अप्रैल को इसलिए चुना गया था क्योंकि यह उस तिथि से मेल खाता है जिस दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना के लिए कन्वेंशन लागू हुआ था इस इस दिवस का उद्देश्य बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना, विश्व में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव का विस्तार करना, बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करना, सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाना है।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा ने कहा कि वर्ष 2022 में विश्व में लगभग 600 विश्व बौद्धिक संपदा दिवस कार्यक्रम दर्ज किए गए थे उन्होंने बताया कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2024 का आधिकारिक विषय % आईपी और एसडीजी॰ नवाचार और रचनात्मकता के साथ हमारे सामान्य भविष्य का निर्माण % है, साथ ही बताया कि किसी भी देश की प्रगति का सूचक विकास दर को माना जाता है। ठीक उसी तरह संबंधित देश का समग्र समृद्धि का सूचक वहां की बौद्धिक संपदा होती है।।संगोष्ठी के कार्यक्रम में प्रशिक्षण महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण व छात्र/छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन असि0प्रो0 उत्कर्ष जैन ने किया।

# अंजनी मेला में भजनों की सुरसंगम में भक्त झूमे

महरौनी ( ललितपुर ) क्षेत्र महरौनी अंतर्गत ग्राम कुम्हैडी के बुंदेलखंड में प्रसिद्ध अंजनी मेले में मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा गुरुवार को रात्री कालीन वेला में भजन संध्या के कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुभव श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक माता अंजनी के चित्र पर तिलक लगा कर कार्यक्रम को सफल बनाने की आराधना की । मेला कमेटी के सदस्यों ने मंच पर उपस्थित अतिथियों को तिलक लगाकर सांल भेट कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाया ।कार्यक्रम के मुख्य कलाकार भजन सम्राट



रामकिशोर मुखिया, दिनेश विश्वकर्मा, वृर्जेन्दृ सिंह परमार आदि कलाकारों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती, गणेश जी,माता अंजनी की वंदना की ।मंच पर उपस्थित बुंदेली कलाकारों ने नये पुराने फिल्मी तथा धार्मिक राई, भजनों, जवावी कीर्तनों के माध्यम से जमाने में ममता की कीमत न होती अगर मां न होती, जो जावें अंजनी के द्वार में, तुम सुन बड़ों नईयां संसार में, समय से चेत लो प्यारे अत्य करैयन के नहीं होत उजियारे आदि गीत गाकर व श्रोताओं को श्री रामचरितमानस और धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से बताया कि हमारे जीवन भरत जैसा भाई , पहलाद जैसा भक्त, मां बाप की सेवा में अपना जीवन निछावर करने वाला श्रवण कुमार जैसा बेटा आज के दौर में शिक्षा और अच्छे संस्कार से मिल सकते है ।सांस्कृतिक कार्यक्रम धार्मिक व शिक्षाप्रद होने से श्रोताओं ने कलाकारों का तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया और फरमाहिसों का दौर रत भर चलता रहा ।मंच का संचालन बृजेश खरे ने किया इस मौके पर मुकेश श्रीवास्तव, पत्रकार दिनेश विदुआ,धनीराम टिकरिया संतोष काजू, रामशरण दीक्षित,संतोष निरंजन नेता, संजय मिश्रा, धर्मेन्द्र राजा,संतराम सेन, मुन्ना कुशवाहा, दीना साहू, पूरन कुशवाहा घसीटे कुशवाहा ,राकेश साहू ,ग्या पंचाल, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र नायक, नीशू दुबे आदि मौजूद रहे ।

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024**

# के पांचवें चरण में नामांकन के पहले दिन 9 सपा, बसपा व निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा खरीदे गये पर्चे, भाजपा प्रत्याशी द्वारा किया गया नामांकन

उरई( सू0वि0 )।लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की गई, जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार पाल को नियुक्त किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार आज जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय कक्ष में 09 प्रत्याशियों ने 21 पर्चे पीप, इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा जी ने नामांकन दाखिल किया।



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पांचवें चरण में होने वाले चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले ही दिन 09 प्रत्याशियों ने 21 पर्चे खरीदे।

जनपद की जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान होना है, इसके लिए आज शुक्रवार 26 अप्रैल से 03 मई तक प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकते है। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में प्रथम दिन नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष संख्या-13 में सुबह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 01 सेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चन्द्र ने 02 सेट, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायनदास अहिरवार ने 04 सेट, स्वतंत्र जनता राज्य पार्टी के प्रत्याशी सीताराम ने 01 सेट, आल हिंद पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह ने 04 सेट, भारतीय सत्य चेतना पार्टी के प्रत्याशी नागेन्द्र कुमार ने 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी दल सिंह ने 04 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रभान ने 02 सेट में पर्चा खरीद जिसमे से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 01 सेट दाखिल किया।

## हीट बेव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

ललितपुर ।अत्यधिक गर्मी हीट बेब के चलते अधिकतम तापमान का पूर्वानुमान अगले 5 दिनो तक लू की चेतावनी 26 से 30 अप्रैल 2024 तक भारत सरकार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय व भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा चेतावनी जारी की गयी है ।उक्त चेतावनी के क्रम में आम जनमानस को बचाव हेतु क्या करे क्या न करे के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है ।बताया गया है कि भारत सरकार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय व भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा चेतावनी जारी किए जाने का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे ।जिसके माध्यम से अत्यधिक गर्मी /हीट बेब के चलते अधिकतम तापमान का पूर्वानुमान अगले 5 दिनो तक लू की चेतावनी 26 से 30 अप्रैल तक हीट वेव/लू से बचाव के संबध में जनपद स्तर हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है ।

# निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज,मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ,मुनि श्री अजित सागर जी महाराज का कुंडलपुर से मंगल विहार

कुंडलपुर दमोह ।सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा पर आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव के पावन अवसर पर देश के कोने-कोने से युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्यों का बड़ी संख्या में कुंडलपुर में भव्य समागम हुआ। ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि श्री समय सागर जी महाराज ने 16 अप्रैल को आचार्य पद ग्रहण किया। महावीर जयंती के पश्चात मुनि संघों का मंगल विहार कुंडलपुर से निरंतर हो रहा है 26 अप्रैल 24 की प्रातः बेला में तीन मुनि संघों का कुंडलपुर की पावन धरा से मंगल विहार हो गया ।पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज से मंगल आशीर्वाद लेकर तीन उपसंघो के मंगल विहार परम प्रभावक पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के



साथ क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी महाराज का विहार हुआ। मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के साथ मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज, मुनि श्री संधान सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री आदर्श सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री समादर सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री चिद्रूप सागर जी महाराज , क्षुल्लक श्री स्वरूप सागर जी महाराज , क्षुल्लक श्री शुभग सागर जी महाराज का बिहार हुआ ।मुनि श्री अजित सागर जी महाराज, मुनि श्री नीराग सागर जी महाराज, ऐलक श्री विवेकानंद सागर जी महाराज का मंगल विहार सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से हुआ। आज आहार चर्या सभी संघों की पटेरा ग्राम में हुई। मुनि श्री निर्लोभ सागर जी महाराज,मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज, मुनि श्री निरुपम सागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से हुआ कुंडलपुर दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा से 26 अप्रैल की सायंकाल मुनिश्री निर्लोभ सागर जी महाराज, मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज, मुनि श्री निरूपम सागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से पटेरा की ओर हुआ।

## लापरवाही : अल्ट्रासाउंड मशीन ना होने के कारण एवं डॉक्टरों के अभाव में मरोजों को नही मिल रहा इलाज



माधौगढ़( जालौन ) सीएचसी माधौगढ़ में अल्ट्रासाउंड मशीन एवं अधिक सुविधा न होने के कारण एवं डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को ढंग का उपचार भी नही मिल पा रहा है जिस कारण कस्बे में झोलाछापों की तादात भी बढ़ गयी है एक प्रकार से यदि देखा जाये तो मरीजों की हालत जरा भी बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है या फिर उन्हें अपनी जान से हाथ धोना पढ़ता है सीएचसी में प्रतिदिन ओपीडी में 500 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते है एक डॉक्टर होने पर उन्हें घंटो इंतजार करना पढ़ता है तो वहीं यह भी है कि अस्पताल में जाँच की व्यवस्था भी मशीनों के अभाव में शून्य है क्योंकि अधिकांश मरीजों को जाँच के लिए बाहर पैथोलोजी पर जाना पढ़ता है तहसील स्तर पर मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ सेवा देने के लिए बनाया गया अस्पताल लगड़ी हालत में है क्योंकि नॉर्मल मरीज ही इस अस्पताल में उपचार ले पा रहे है अन्य किसी रोग विशेषज्ञों की कमी मरीजों को खल रही है सीएचसी में एक्सरा मशीन तो लगी है लेकिन वह भी जब तब ही चालू रहती है फिलहाल में एक्सरा के बाद भी किसी विशेषज्ञ को देखाने के लिए डॉक्टर का अभाव है जिस कारण मरीजों को परेशानी उठानी पढ़ती है ।एक दिलचस्प बात यह भी है कि माधौगढ़ में सीएचसी की बिल्डिंग अच्छी रूप में तैयार है लेकिन अब तक कई वार्डो को चालू भी नही करवाया है खस्ता हाल में पड़ा अस्पताल मरीज व तिरमदारों के लिए परेशानी बना हुआ है। स्वास्थ सेवा को लेकर जब प्रभारी कुलदीप राजपूत से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों में अभाव को लेकर विभाव को कई लेटर दिये गये लेकिन अब तक इस कमी को पूरा नही किया जा सका है ।अस्पताल में सभी प्रकार की फिलहाल तो सभी दवाएं उपलब्ध रहती है लेकिन फिर जरूरत के तौर पर कमी पढ़ने पर दवा बाहर से मगानी पढ़ती है ।

# जल संसाधन विभाग के अधिकारी और ठेकेदार की मिली भगत से

**मंसूर बाबरी नहर विस्तार में करोड़ों के भ्रष्टाचार का मामला, मंसूबाबरी**

आशीष गुरु देवरी कलां। सागर देवरी विकासखंड में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत से नहर की लंबाई कम कर चार गांवों के किसानों की खेती को सिचाई से वंचित करने के प्रयास जोर शोर से चल रहे है। इसी के चलते किसानों को जमीन अधिग्रहण का मुआवजा और नहर की खुदाई कार्य होंने के बावजूद मंसूर बाबरी बाई तट नहर विस्तार में पूर्व से स्वीकृत 18.5 किलोमीटर नहर की लंबाई घटाकर अब इसे 11.5 किलोमीटर करके 4 गांव के किसानों को इससे वंचित करने की कोशिश की जा रही है।

जिसका प्रस्ताव भी चुनावी आचार संचिता के दौरान तैयार कराया जा चुका है। इसमें प्रभावित चार गांव के किसानों ने अधिकारियों और ठेकेदार के बीच करीब तीन करोड़ की राशि के भ्रष्टाचार का अनुमान लगाते हुए शिकायत कलेक्टर और जल संसाधन विभाग के सी.ई. से की है। दरअसल

सरकार ने देवरी विकासखंड के 9 गांवों में 1000 एकड़ कृषि भूमि को सिंचित करने के लिए 10 करोड़ 63 लाख 89 हजार की लागत से मंसूरबाबरी वांयी तट नहर विस्तार को स्वीकृत किया था। जिसका ठेका मेसर्स कौशल प्रसाद पटेल रीवा को कार्य टर्न पद्धति पर 12 अप्रैल 2022 को सौंपा गया। इस टेंडर के पूर्व ही सभी 9 गांव के कुल 149 किसानों की निजी भूमि अर्जित करके उन्हें 3 करोड़ 54 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान भी शासन द्वारा किया जा चुका है। टेंडर के बाद ठेकेदार ने खुदाई का काम भी शुरु कर दिया। लेकिन पिछले करीब 9 माह से नहर का कार्य बंद कर दिया गया। और इसके साथ ही षडयंत्र शुरु हुआ कि नहर 18.5 किलोमीटर के स्थान पर 11.5 किलोमीटर ही बनाई जाये। ठेकेदार और अधिकारियों का ऐसा मानना है 11.5 किलोमीटर नहर बनने से ही एक हजार एकड़ जमीन सिंचित हो जायेगी। क्योंकि रामघाट नाले से बहुत से किसान अपने पंप लगाकर पानी लिफ्ट करके अपने खेत को सिंचित कर लेंगे। यानि किसान अपनी मशक्कत करके ही खेत को पानी जुटाये और रिकॉर्ड में इस परियोजना से एक हजार एकड़ जमीन सिंचित दिखा दी जाये। जबकि नियमानुसार कमांड क्षेत्र वही माना जाता है जहां नहर का पानी बह कर जाये। लेकिन अफसर तमाम नियम कानून को ताक पर रखकर मनमानी करने और लाभ कमाने का अवसर गंवाना नहीं चाहते।

### इन 9 गांवों को किया गया था शामिल

परियोजना की डी.पी. आर के मुताबिक देवरी विकास खंड के जिन 9 गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलना थी उनमें डोंगर सलैया, गोरखपुर, सेमराखेड़ी, कटंगी, सिलारी, पुरैनाकरन, खमरिया, विचुआ भवतरा एवं समनापुर सेठ है।

### अफसरों ने ये बदलाव किये प्रस्तावित

अज्ञात और तथाकथित फायदों के चलते माना जा रहा है कि आचार संहिता के दौरान नहर की लंबाई को घटाने की तैयारी की गई। इसमें जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री के पत्र क्रमांक 1233 दिनांक 03.04.2024 का संदर्भ देते हुये जल संसाधन विभाग के एसडीओ देवरी ने कार्यपालन यंत्री को दिनांक 15 अप्रैल 2024 को अपने पत्र क्रमांक 70/23-24 द्वारा रिवाईज एल सेक्शन भेजा गया। जिसमें 11.5 किलोमीटर ही नहर प्रस्तावित की गई। इसमें कहा गया है कि ग्राम समनापुर सेठ, खमरिया और डोंगर सलैया में नहर का निर्माण प्रस्तावित नहीं है।

हालांकि रिवाईज प्रस्ताव के मुताबिक ग्राम बिछुआ भवतरा में भी नहर निर्माण नहीं होना है। इस तरह 9 में से चार गांव के किसानो पर ही प्रभाव पड़ रहा है। मजे की बात है कि इस प्रस्ताव को कार्यपालन यंत्री ने तत्काल उसी दिन एस.ई. को भेज दिया। प्रस्ताव पर चीफ इंजीनियर की स्वीकृति की कार्यवाही तेजी से जारी थी। इसी बीच किसानो को षडयंत्र की भनक लगने से मामला उजागर हो गया।

सूत्रों ने बताया है कि गंभीर अनियमितताओं के कारण कई बार सस्पेंड हो चुके अधिकारी ने चहेते ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिये यह कहानी गढ़ी है। जिसमें निचले अमले पर दवाब बनाकर काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। यह भी बताया गया है कि उपरोक्त अफसर यहां नेताओं को किसम-किसम के आईडिया सुझाकर उनका संरक्षण पाने में माहिर है। अब देखना होगा कि किसानों को पानी से बंचित करने का षडयंत्र कहां तक सफल हो पाता है।

डी.पी.आर अनुसार ही बनेगी नहर॰ विधायक। बृजबिहारी पटैरिया ने बताया कि उन्होंने मंसूर बावरी परियोजना के मामले में जलसंसाधन विभाग के प्रमुख ई.एन.सी. भोपाल और चीफ इंजीनियर सागर सहित अन्य अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की है। डी.पी.आर के अनुसार ही नहर निर्माण के लिए पत्र भी लिखा है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

भोपाल। देश की हृदय स्थली भोपाल के पांच सितारा होटल रेडिसन में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा राष्टीय हिन्दी संगोष्ठी एवं विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।



हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा की मान्यता हेतु सतत प्रयासरत पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ , वृन्दावन धाम, मथुरा द्वारा 24 अप्रैल को भोपाल में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वत जनों को ÷विद्या वाचस्पति÷ सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि म प्र शासन के सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जैन रहे , अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति डॉ इन्दु भूषण मिश्रा ÷देवेन्दु÷ ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय, म प्र शासन के सेवानिवृत्त अपर निदेशक पं. धीरेन्द्र चतुर्वेदी एवं म प्र की मुख्यमंत्री उदय योजना के तकनीकि शिक्षा विभाग के प्रदेश प्रभारी विष्णुकांत कनकने उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रुप में प्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री दीपा मिश्रा उपस्थित रहीं तथा दुर्ग से आए हुए राष्टीय पर्यावरणविद एवं विद्यापीठ के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रहि एवं विद्यापीठ के राष्टीय संयोजक डॉ किरण बोंगले ने कार्यक्रम में विशिष्ट सानिध्य प्रदान किया । विद्यापीठ द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार, एवं वक्ता, मध्य रेलवे मुंबई के पूर्व उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं रेल मंत्रालय,भारत सरकार के निदेशक (राजभाषा), नई दिल्ली विपिन पवार को विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान से अलंकृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस सम्मान को मानद पी एचडी/ डॉक्टरेट के समकक्ष माना जाता है। विपिन पवार मूलतः इटारसी के हैं ।उन्होंने हिन्दी पढ़ाने के अलावा पत्रकारिता के क्षेत्र में भी खूब नाम कमाया है। उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें से पीली रोशनी का समंदर शीर्षक से प्रकाशित कहानी संग्रह विशेष रूप से चर्चित हुआ है।

विश्व मलेरिया दिवस

# मच्छर कर रहे लोगों को बीमार, न फॉगिंग न छिड़काव

### – कहीं जलभराव तो कहीं फैली गंदगी, कैसे रुकेगा संक्रमण, इस बार भी दावे न हो जाए हवाहवाई

हमीरपुर। मच्छर न केवल नींद खराब कर रहे हैं बल्कि लोगों को बीमार भी कर रहे हैं। सार्वजनिक स्थलों पर शाम होते ही खड़े होना मुश्किल कर रहे हैं। मच्छरों का प्रकोप गांव से लेकर शहरों तक फैला है। फिर भी जिम्मेदार न फॉगिंग न एंटी लार्वा का छिड़काव करा रहे हैं। ऐसे में लोग संक्रमित होकर बीमार हो रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्र में नगर पालिका व नगर पंचायत को फॉगिंग व दवा छिड़काव की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन, इनका सिस्टम कागजी साबित हो रहा है। न ही मशीनें काम कर रही हैं और न ही कर्मचारी जिम्मेवारी निभा रहे हैं। अफसरों के घरों व नेताओं के मकानों के आसपास जरूर कभी-कभी फॉगिंग के साथ नालियों में दवा का छिड़काव करा दिया जाता है। शाम छह बजे के बाद सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड पर मच्छरों के हमलों के बीच 10 मिनट भी ठहरना मुश्किल हो जाता है।

नगर पालिका परिषद में 200 से अधिक सफाई कर्मचारी हैं। फिर भी सफाई स्थित खराब है। इसी का नतीजा है कि मच्छरों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल रही है। वहीं मलेरिया विभाग में कर्मचारियों के पद रिक्त हैं।

#### कुरारा, सुमेरपुर व मुस्करा ब्लॉक में नहीं एक भी मशीन

जिला मलेरिया विभाग मच्छरों से निपटने के लिए समय-समय पर फॉगिंग कराता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रत्येक ब्लॉक को फॉगिंग मशीन भ उपलब्ध कराई गई थी। जो अब अधिकांश मशीनें खराब पड़ी हैं। लेकिन अधिकारी कह रहे हैं कि मशीनें सही हैं। पंचायतीराज विभाग की माने तो जिले के चार ब्लॉकों में कुल 12 फॉगिंग मशीनें उपलब्ध हैं। इनमें मौदहा एक, राठ चार, गोहांड छह व सरीला में एक मशीन है। जबकि कुरारा, सुमेरपुर व मुस्करा ब्लॉक में एक भी मशीन उपलब्ध नहीं कराई गई है।

#### यह हैं तीन साल के आंकड़े

*वर्ष – जांचे – रोगी*
*2021 – 48912 – 67*
*2022 – 60519 – 25*
*2023 – 72847 – 20*
*मार्च*
*2024 – 11614 – 00*

#### मलेरिया के लक्षण

मलेरिया के शुरूआती लक्षणों में बुखार, सिरदर्द व ठंड लगना शामिल है। इसके अलावा अत्यधिक थकान महसूस होना और कभी-कभी बेहोशी भी आ जाती है। सांस लेने में दिक्कत व आंखों व त्वचा का रंग भी पीला पड़ने लगता है। इसके लक्षण संक्रमित मच्छर के काटे जाने के बाद 10-15 दिन बाद शुरू होते हैं।

#### ऐसे करें बचाव

मच्छरों से बचाव के लिए पूरी आस्तीन की शर्ट, फुल पैंट व मोजे पहनें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास कहीं जलजमाव न होने दें। नियमित रूप से दवा का छिड़काव करते रहें। संदेह होने पर मलेरिया की जांच कराएं और चिकित्सक की सलाह पर दवा खाएं।

#### इन्होने कहा...

विभाग में कर्मचारियों की कमी तो है, फिर भी मलेरिया के रोकथाम के उपाय लगातार जारी हैं। इसी का नतीजा है कि मलेरिया के मरीजों की संख्या में लगातर कमी आ रही है।

**आरके यादव, जिला मलेरिया अधिकारी**

# सोसाइड से पहले वीडियो बना किया वायरल

### प्रधान व उसके साथियो से आहत हो युवक ने खाया था जहरीला पदार्थ

हमीरपुर।22 साल के एक युवक ने ग्राम प्रधान और उनके साथियों के उत्पीड़न से आहत होकर सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्य कर ली। मरने से पहले युवक ने 1 मिनट 22 सेकेंड का वीडियो भी बनाया जिसमें उसने रोते हुए ग्राम प्रधान और उनके साथियों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। युवक ने कहा %दुआओं में याद रखना टाटा-बाय-बाय, जय श्रीराम%। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस वीडियो की पुष्टि दैनिक रेडिकल टाइम्स नहीं करता है।

मझगवां थाना क्षेत्र के बरेल गांव के 22 साल के सुनीत तिवारी उर्फ छोटू ने बुधवार शाम खेतों में बैठकर सल्फास की गोलियां खा ली। इसके बाद उसने एक वीडियो बनाते हुए अपनी मौत का जिम्मेदार ग्राम प्रधान और उसके साथियों को ठहराया। उसने सल्फास की शीशी भी दिखाई। छोटू ने वीडियो में कहा, मैंने सल्फास खा ली है, पता नहीं कितने देर में मर जाऊंगा, पर इन लोगों को बचने मत देना। मैं जा रहा हूं,

# कड़ी सुरक्षा के बीच आज से शुरू होंगे नामांकन

### नामांकन कक्ष में प्रत्याशी सहित पांच लोगों को ही प्रवेश की अनुमति

हमीरपुर। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण का नामांकन शुक्रवार से शुरू होकर तीन मई तक चलेगा। इन तिथियों को प्रत्याशी सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नामांकन कलेक्ट्रेट के जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में होगा। कलक्ट्रेट परिसर में रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के कक्ष से लेकर कलेक्ट्रेट गेट तक बैरिकेडिंग के साथ सफेद पर्दे लगा दिए गए है।



उप निर्वाचन अधिकारी एसके शुक्ला ने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल से लागू कर दी जाएगी। इसके साथ ही 26 अप्रैल से तीन मई तक नामांकन होगा। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच, छह मई को नाम वापसी होगी। बताया कि जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक नामांकन पत्र लिए व दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन प्रत्याशी व प्रस्तावकों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को आरओ के कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। प्रत्याशी सहित कुल पांच लोग ही रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन के समय दस्तावेज जैसे जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ-पत्र आदि के साथ लाना होगा। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रत्याशी को एक प्रस्तावक और निर्दलीय प्रत्याशी को दस प्रस्तावक जरूरी हैं।

#### एसपी ने नामांकन स्थल का निरीक्षण कर लिया जायजा

*पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने गुरुवार को नामांकन स्थल की बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी /कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के क्रम में प्रत्याशियों के समर्थकों व वाहनों के रूट निर्धारित किए जाने के संबंध में कार्य योजना तैयार किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक माया राम वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।*

# विश्व मलेरिया दिवस पर संगोष्ठी कर निकाली रैली



हमीरपुर।विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय सभागार में संगोष्ठी व रैली एवं मतदाता शपथ का आयोजन किया गया।

बैठक में मलेरिया के विगत 03 वर्षों के आंकड़े प्रस्तुत किये। शासन द्वारा वर्ष 2027 तक मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य पर विचार किया। संगोष्ठी में मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय व सहयोग की अपील की गयी। मलेरिया से बचाव हेतु विभिन्न अन्तर्विभागीय गतिविधियाँ यथा जागरूक्ता बैठक, शपथ एवं रैली, मीडिया सेन्सटाईजेशन कार्यशाला का आयोजन, नियमित सोर्स रिडक्सन (हर रविवार मच्छर पर वार, लार्वा पर प्रहार), साफ-सफाई, मच्छर-दानी का प्रयोग करने आदि व्यवहार परिवर्तन को अपनायें जाने हेतु जन समुदाय को प्रेरित किया जाना हैं। बैठक में डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 पुष्पेन्द्र कुमार उप मु0चि0अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, पवन कुमार प्राचार्य जी0आई0सी0,अनिल यादव जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, इत्यादि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी जलीश खॉ ने किया। संगोष्ठी के अन्त में मतदाता शपथ का संकल्प लिया एवं रैली निकाली गयी।इस दौरान पंचायती राज, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा, कृषि, नगर पालिका, जल संस्थान बाल विकास एवं पुष्टाहार इत्यदि के प्रतिनिधि व स्वास्थ्य विभाग व अर्बन क्षेत्र की आशायें उपस्थित रही।

# मार्गों को सील कर करीब नौ स्थानों पर बैरियर के साथ पुलिस फोर्स रहेगा तैनात

हमीरपुर। लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह से सील कर वैरिकेडिंग लगाई गई है। नामांकन के समय कोई व्यवधान न हो इसके लिए कलक्ट्रेट की ओर जाने वाले सभी मार्गों को सील कर करीब नौ स्थानों पर बैरियर के साथ साथ पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

एएसपी मायाराम वर्मा ने बताया कि नामांकन के समय प्रत्याशियों के साथ आने वाले वाहनों के काफिलों को फायर बिग्रेड व महिला थाने के पास रोक लिए जाएंगे। चौरा देवी परिसर व शहीद पार्क में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहां से सिर्फ प्रत्याशी के वाहन की जाने की अनुमति मिलेगी। वाहन को पेट्रोल पंप के पास रोक लिया जाएगा।

बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलक्ट्रेट के अंदर व बाहर सीओ, इंस्पेक्टर, एसआई व पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। नामांकन के समय सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक अमन शहीद से स्टेडियम को जाने वाले मार्ग को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। जिसमें दोपहिया वाहन तक नहीं निकल सकेंगे।

एसपी ने बताया कि इस मार्ग से सिर्फ एंबुलेंस व रोडवेज बस ही निकल सकेगी। बताया रहुनियां धर्मशाला की ओर से जजी, एसबीआई, डाकघर जाने वाले लोग कोतवाली होते हुए आकिल तिराहा यहां विद्यामंदिर से होते हुए पीएनबी से फायर बिग्रेड के बगल वाले रास्ते से जजी व अन्य स्थान को जा सकेंगे।

इससे लोगों को काफी असुविधा उठानी पड़ेगी। बताया कि कुरारा कालपी मार्ग में वाहनों के लिए पार्किंग रहुनियां धर्मशाला, जबकि रानी लक्ष्मीबाई की ओर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग स्थल चौरादेवी बनाया गया है।

#### विभिन्न इलाकों में लगाए 9 बैरियर

*नामांकन को लेकर की गई नाकेबंदी को लेकर शहर में नौ स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं। जहां प्रत्येक बैरियर पर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। पहला बैरियर महिला थाने के पास, दूसरा अमन शहीद, तीसरा बस स्टैंड तिराहा, चौथा तहसील तिराहा, पांचवां स्टेडियम के सामने, छठवां दीक्षित स्वीट्स तिराहा, सातवां डीएम आवास के पास, आठवां हाईवे पर लक्ष्मीबाई तिराहे, नौवां वन विभाग के पास मोबाइल बैरियर लगेगा। कुरारा मार्ग पर महिला थाने व सुमेरपुर के लिए बीएसएनएल टावर के पास मिलेंगे। प्राइवेट साधन नामांकन को लेकर कुरारा, सुमेरपुर, बिवांर व अन्य स्थानों के चलने वाले वाहन अब बसस्टैंड के पास सवारी न तो भर सकेंगे और न ही उतार सकेंगे। दोपहर तीन तक प्राइवेट वाहन संचालक कुरारा मार्ग के लिए महिला थाने के पास व सुमेरपुर व अन्य मार्गों के लिए बीएसएनएल टावर के पास से सवारी भरेंगे।*

# खड़ी फ़सल में लगी आग, किसान दाने दाने को हुआ मोहताज



मौदहा।भीषण गर्मी व लू के समय पर अग्निकांड की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। तेरह बीघे से अधिक गेहूं की खड़ी फसल में आग लग जाने से जलकर खाक हो गई वहीं कृषक को भारी क्षति होने से दाने-दाने के लिए मोहताज हो गए।

बताते चलें कि अप्रैल माह के में एक सैकड़ा के लगभग पनाली व फसलों में जलने की घटनाएं देखने को मिली रही है।इन घटनाओं में किसानों को आर्थिक क्षति पहुंची और पनाली से भूसा बनाए जाने से किसानो के पालतू जानवरों को भोजन के लाले पड़ने लगेंगे। वहीं गुरुवार की दोपहर विकासखंड के परछा गांव में कृषक जियाउद्दीन उर्फ बच्चा रियाजुद्दीन व दो अन्य कृषकों की गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरी फसल जलकर खाक में तब्दील हो गई वहीं मौजूद किसान माथा पिटते रह गए।जबकि इस संबंध में जियाउद्दीन बच्चा का कहना है वहां आसपास किसी भी तरह की सार सर्किट होने का खतरा नहीं था किसी षड्यंत्रकारी सुनियोजित तरीके से आग की घटना को अंजाम दिया गया अब पालतू पशुओं के लिए भूसा की भारी किल्लत हो जाएगी।

# मौत को दावत दे रही स्टेशन मार्ग की अधूरी पुलिया

सुमेरपुर। कस्बे के स्टेशन मार्ग में रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के समीप सीसी मार्ग निर्माण के दौरान अधूरी छोड़ी गई पुलिया मौत को दावत दे रही है। इस पुलिया पर किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। लोनिवि इसका ठीकरा नगर पंचायत पर फोड़ रहा है।

कस्बे में स्टेशन मार्ग का निर्माण पीडब्ल्यूडी ने रानी लक्ष्मीबाई तिराहा से लेकर स्टेशन गेट तक फरवरी माह में कराया था। इसी सीसी मार्ग के दोनों तरफ इंटरलॉकिंग एवं नाली के साथ एक अदद पुलिया का निर्माण होना है। नगर पंचायत ने इसके लिए टेंडर भी निकाला था।

लेकिन किसी कारण से यह निरस्त कर दिए गए। उसके बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से टेंडर नहीं हो सके है। जिससे इंटरलॉकिंग के साथ पुलिया का निर्माण अधर में लटक गया है। स्टेशन मार्ग निवासी अभिषेक



शिवहरे, राजकुमार चौरसिया, राजू गुप्ता, बाबू गुप्ता, गोपाल मिश्रा, गुड्डू कुशवाहा आदि का कहना है इस मार्ग दो गेस्ट हाउस है जहां शादियों के दिन बड़ी संख्या में वाहन आते है।लेकिन सीसी मार्ग चौड़ी न होने कारण क्रासिंग को लेकर आएदिन विवाद होते है।

नगर पंचायत का कहना है कि सीसी मार्ग के दोनों तरफ मिट्टी भराई का कार्य लोनिवि को करना है।लेकिन वह अपना कार्य अधूरा छोड़ दिया है।वहीं लोनिवि का कहना है कि वह ह्यूम पाइप डाल कर पुलिया बना रहे थे।लेकिन नगर पंचायत ने रोक लगा दी थी। इन दोनों विभागों के झगड़े में न इंटरलॉकिंग हो रही है न ही पुलिया बन पा रही है। जिससे अधूरी पड़ी पुलिया किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है। नगर पंचायत के ईओ कुलकमल सिंह यादव ने बताया कि चुनाव बाद पुलिया का निर्माण कर दिया जाएगा।

# माध्यमिक स्कूलों के छात्रों को रोजगार के लिए किया जाएगा तैयार

### नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं को उनके रुचि अनुसार ट्रेड देकर किया जाएगा प्रशिक्षित

**हमीरपुर।** समग्र शिक्षा के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं को रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। उन्हें उनकी रुचि के मुताबिक विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर रोजगारपरक बनाया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इसके लिए 18 प्रकार के ट्रेडों की सूची सभी प्रधानाचार्यों के पास भेजी गई हैं। जिनमें से विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार ट्रेडों की जानकारी जिला परियोजना अधिकारी को भेजी जाएगी। चयनित ट्रेड का प्रशिक्षण कॉलेज में दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षित ट्रेनर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस तरह विद्यार्थी किसी भी ट्रेड में रोजगार के लिए तैयार हो सकेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने पर जोर दिया गया है। इसी के तहत जिले के सभी राजकीय व वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में स्थानीय आवश्यकता के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है।

#### इन ट्रेडों को किया गया शामिल

कंस्ट्रक्शन, टूरिज्म एंड हास्पिटलिटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, वस्त्र निर्माण, खाद्य संरक्षण, कृषि, ऑटोमोबाइल, ऑटोमोटिव, आईटी, प्लंबिंग, रिटेल, सिक्योरिटी, फिजिकल एजूकेशन, बिजली, बैंकिंग, इलेक्ट्रानिक्स, हेल्थकेयर, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, टेलेकॉम आदि।

#### नव भारत साक्षरता कार्यक्रम पर जोर

अधिक से अधिक लोगों को साक्षर बनाने के लिए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत ऐसे लोग जो विभिन्न व्यवसायों में लगे हैं, लेकिन वे शिक्षित नहीं है। उन्हें शिक्षित बनाया जा रहा है और परीक्षा लेकर प्रमाणपत्र दिया जा रहा है। इन लोगों को बेसिक शिक्षा दी जाती है। शिक्षा विभाग ने इसके लिए रैन बसेरा, जिला कारागार, बाल सदन, नारी निकेतन, वृद्धा आश्रम, ईंट भट्टे, गृह सुधार, मनरेगा एवं कारखानों में ऐसे लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

#### इन्होने कहा..

कॉलेज स्तर पर विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए राजकीय व एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से छात्रों की रुचि के अनुसार ट्रेड की जानकारी मांगी है। कहा कि 70-70 सीटों का लक्ष्य मिला है।

**केके ओझा, जिला विद्यालय निरीक्षक**

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

### पाराओझी में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम पाराओझी में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। डिप्टी कलक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोगों को वोट डालने की शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर गुरुवार को पाराओझी गांव में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलक्टर/प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओ को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर भ्रमण कर जागरूक किया। इसके साथ वोट हमारा है अनमोल,कभी न लेंगे इसका मोल,जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। वोट



डालने जाना है,बीस मई को जाना है। सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे।आओं मिलकर अलख जगाएं,शत प्रतिशत मतदान कराएं के नारे लगाए। डिप्टी कलक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर सचिव साधना सिंह सहित शिक्षक,एएनएम,ग्रामीण व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रही।

# बेटी ने लगाया कलयुगी पिता पर यौंन शोषण का आरोप

मौदहा।गुरुवार की सुबह कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती ने अपने पिता पर नशा कराने के बाद शारिरिक शोषण करने और अपनी जान माल का खतरा बताते हुए शिकायत दर्ज कराई, हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी परिजनों को कोतवाली बुला लिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी जो काफी समय से अपने परिवार के साथ कस्बे के एक मोहल्ले में रह रही है ने अपने पिता पर लम्बे समय से शारिरीक शोषण करने की शिकायत दर्ज कराई।पीड़िता ने बताया कि यह बात उसने अपनी मां और मामा को बताई थी लेकिन वह कुछ नहीं कर रहे हैं और लोकलाज के भय के कारण बात को घर के अंदर रखने की बात कह रहे हैं।पीड़िता ने बताया कि उसके पिता उसके साथ मारपीट करने के साथ नशे की गोलियां भी जबरदस्ती खिलाते हैं जिससे उसकी जान को खतरा बना हुआ है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जबकि क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और परिजनों को कोतवाली बुलाया गया है जांच की जा रही है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## 22 अप्रैल से 4 मई तक मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा




**बबीना(झांसी)** भारत सरकार के आदेश अनुसार बबीना टोल प्लाजा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 22 अप्रैल 2024 से लेकर 4 मई 2024 तक चलेगा मनाया जा रहा है सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अवसर पर झाँसी ललितपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह आमजन व सड़क उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करने तथा छोटी-मोटी सावधानियां बरतने से हम स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। प्रबंधक ने लोगों से अपील की कि वाहनों का संचालन करते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें, वाहनों को चलाते समय गति को नियंत्रित एवं सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन, आपके एक प्रयास से आप और आपके परिवार को सुरक्षित करने में एक महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकता है। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। बबीना टोल प्लाजा पर नियमित रूप से आम जनमानस को यह संदेश दिया जाएगा की सड़क पर चलते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें इस कार्यक्रम में प्रबंधक विजय कौशिक, मैनेजर आकाश कुमार, कृष्णा, अरुण, हर्षित, भूपेंद्र, सुनील, लाखन, बुद्धिमान,जीतेन्द्र,आदि कर्मचारि मौजूद रहे।

## खेतों में आग लगने से कीमती सीशम, सागौन के पेड़ जले

### किसानों का प्रयास आग बुझाने में रहा कामयाब



गुरसरांय। 26 अप्रैल शुक्रवार को दिन के तीन बजे लगभग गुरसरांय थाना अंतर्गत गुरसरांय एरच मार्ग पर गुरसरांय से लगभग 4 किलोमीटर दूर नट बाबा के पास आलमपुरा की तरफ से खेतों में लगी पराली से आग लगने के चलते अजनेरी मौजा और नट बाबा के आस- पास खेतों में आग लगते हुए भयावह स्थिति बन गई जिसकी सूचना फायर ब्रिगेड व थाना गुरसरांय को दी गई गुरसरांय पुलिस की तत्परता से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर आग बुझाने पहुंची लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी में पानी की व्यवस्था न होने पर वहां आस-पास के किसानों ने कई घंटो कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रण करने में कामयाबी हासिल की। तब तक किसानों के खेतों पर लगे सीशम,सागौन के वृक्ष पूरी तरह जल चुके थे। आग बुझाने में रामस्वरूप परिहार,नूतन पाराशर,उमाकान्त पाराशर सहित आस-पास के किसानों का सक्रिय योगदान देखा गया और इन किसानों ने पानी का अभाव होते हुए भी हरे झंकड से अपनी देशी जुगाड़ से आग बुझाने का सफल प्रयास किया उधर थानाध्यक्ष गुरसरांय इंस्पेक्टर संतोष कुमार अवस्थी इस आग बुझाने की ओर पूरी तरह काम करते देखे गए।

## काबिया ट्रेवल्स एंड हॉस्पिटैलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को मिली उत्तर प्रदेश सरकार की मान्यता

झांसी। काबिया ट्रेवल्स के निर्देशक श्रेय काबिया ने बताया उनको उत्तर प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के डायरेक्टर जनरल श्री मुकेश मेश्राम द्वारा मान्यता प्रदान की है काव्यकाबिया ट्रेवल्स को मिला अप्रूवल उत्तर प्रदेश सरकार की मान्यत काबिया ट्रेवल्स के



निर्देश श्रेय काबिया ने बताया उनको उत्तर प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के बाद पर्यटन विभाग के डायरेक्टर जनरल श्री मुकेश मेश्राम द्वारा मान्यता प्रदान की है काबिया ट्रैवल्स एक इन्नोवेटिव स्टार्टअप है जो बुंदेलखंड के पर्यटन विकास एवं समावेशी पर्यटन की दिशा में कार्य कर रही है, और यह स्टार्टअप बी.आई. ई.टी के इनक्यूबेशन सेंटर में स्थापित है, इस स्टार्टअप को पूर्व मे विभिन्न प्रकार की मान्यताएं जैसे की एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, स्टार्ट इन यू0पी, डी.पी.आईआईटी, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार आदि के द्वारा भी मान्यता प्रदान की गई है। अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पांच लाख रुपये का प्रोटोटाइप अनुदान भी प्राप्त हुआ है। इस अभिनव स्टार्टअप को झांसी वासीयो के द्वारा अभूतपूर्व सहयोग एवं स्नेह देने के लिए काबिया ट्रेवल्स की समस्त टीम झांसी वासीयों का आभार वयक्त करती है।

## विधानसभा क्षेत्र मऊरानीपुर के लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ




*झाँसी ललितपुर लोकसभा प्रत्याशी सांसद अनुराग शर्मा ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश को विकसित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है।*

*उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के अग्रिम भविष्य और बच्चों के भविष्य का चुनाव है। इस लिये बच्चों के भविष्य को देखते हुए मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को सुरक्षा देने का काम किया है। आज प्रदेश में शान्ति और सुरक्षा कायम है। आप लोगो को मतदान के दिन घर घर जाना है। और सभी से मतदान करने और मोदी योगी के हाथ मजबूत कराना है। क्षेत्रीय विधायक डॉ रश्मि आर्य ने कहा कि गठबंधन की सरकार में विकास की गंगा बह रही है। मोदी जी ने महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए उनके लिए कई योजनाएं बनाई है।*

*आवास योजना व घरोनी का स्वामित्व महिलाओं को दिया गया है। सरकार ने रहने के लिए आवास, बीमारी से निजात दिलाने के लिए स्वास्थ्य स्मार्ट कार्ड, और खाने के लिए निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग शर्मा ने क्षेत्र की समस्याओं को संसद में प्राथमिकता के आधार पर उठाने का काम किया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, एम एल सी श्रीमती रमा निरंजन, महापौर बिहारीलाल आर्य,पूर्व विधायक प्रागीलाल अहिरवार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि श्रीवास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वंदना पाठक ने संबोधित किया।*

*इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गिरी, डॉ रमेश श्रीवास, महेंद्र गुरुदेव, ब्लॉक प्रमुख आनन्द सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिपाल सिंह झाँकरी,आयुष श्रीवास, मिथलेश सिंह, चंद्रभान सिंह मुखिया, अशोक दुबे, देवेन्द्र नायक, मोहन पुरवार, राजकुमार शर्मा,जयशंकर देवलिया, राजेन्द्र राहुल, अरविन्द पटेल, डॉ अनिल राज, डॉ अनिल मिश्रा, वीरेन्द्र अग्रवाल, उदय सोलंकी, आर के टेलर, अरुण सिंह, मोनू मौर्य, महेन्द्र सिंह सोलंकी, मुकेश राजपूत,राजेश बिलाटिया, प्रवेश शर्मा, सरोज दुबे, कल्पना कनकने,सुमन बिलाटिया,मोहिनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।*

## थाना जीआरपी /आरपीएफ टीम द्वारा 04 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर किया गिरफ्तार



झांसी। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ, जयनरायन सिंह के आदेशानुसार, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, राकेश पुष्कर के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक रेलवे, झाँसी विपुल कुमार श्रीवास्तव व वरिष्ठ मंण्डल सुरक्षा आयुक्त विवेकानन्द नरायण आरपीएफ झाँसी के निर्देशन में ट्रेनो में नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, झांसी नईम खाँन मंसूरी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय थाना जीआरपी झाँसी के नेतृत्व में गठित जीआऱपी/आरपीएफ टीमों द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये दिनांक 25.04.2024 को रेलवे स्टेशन झाँसी से 04 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर

1.हरबीर पुत्र बारू सिंह निवासी सौदा पट्टी ग्राम लूम्ब थाना छपरौली जिला बागपत उ0प्र0 हाल पता 69/ए गोयला खुर्द गांव साउथ वेस्ट थाना छावला दिल्ली

2.किरणपाल पुत्र गुलाब निवासी पट्टी भितरली लूम्ब थाना छपरौली जिला बागपत उ0प्र0

3.अनवर पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम दोजा थाना बिनौली जिला बागपत उ0प्र0

4.आरिफ पुत्र मौसम निवासी ग्राम लूम्ब थाना छपरौली जिला बागपत उ0प्र0 को गिरफ्तार कर

अवैध गांजा - 9.550 किलोग्राम बरामद किया गया।

## मुख्य सचिव ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ हीटवेव से बचाव के लिए तैयारी और प्रबंधन की समीक्षा की



झांसी। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ हीटवेव से बचाव के लिए तैयारी और प्रबंधन की समीक्षा की।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि मौसम विभाग के मुताबिक 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक हीट वेव से उत्तर प्रदेश के अधिकांश जनपद प्रभावित होंगे। इसका प्रभाव आम जनमानस के साथ पशु-पक्षियों पर पड़ेगा। इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी अलर्ट रहें। संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय से आवश्यक कदम उठाये जायें। कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये। हीट वेव से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। हीट वेव के दौरान श्क्या करें और क्या न करेंश् इस बारे में समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया आदि प्रचार माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाये। हीट वेव से प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि सभी हैंडपम्प को क्रियाशील रखा जाए। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। पशु-पक्षियों के लिए तालाबों व अन्य जलस्रोतों को पानी से भरवा दिया जाये। गौशालाओं में भी पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता रहे। पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में पानी एवं दाना रखने के लिए आम जन को करें जागरूक करें। हीट वेव के संबंध में स्कूली बच्चों को जागरूक किया जाये। आगजनी की घटना होने पर अधिकारी मौके पर अवश्य पहुंचे, ताकि उन्हें एहसास हो कि इस संकट की घड़ी में शासन-प्रशासन उनके साथ है। जंगल में आगजनी की घटनाये न हो इसके लिए वन विभाग के कर्मियों को सेंसटाइज किया जाये। अनावश्यक बिजली कटौती न की जाये और फाल्ट होने पर उसे अविलम्ब ठीक कराया जाये।

उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ियों में ओआरएस के पैकेट, आवश्यक दवाइयां, आईस पैक और जीवन रक्षक औषधियों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे। इसके अलावा ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी और पीएचसी जहां एसी और कूलर की व्यवस्था है, वहां इसके लिए डेडिकेटिड वार्ड अथवा बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हीट स्ट्रोक रूम के रूप में प्रयोग किया जा सके। उन्होंने सभी श्रेणियों के स्वास्थ्यकर्मियों को हीट स्ट्रेस डिसऑर्डर, रोकथाम और प्रबंधन के लिए जागरूक करने लिए भी कहा।

उन्होंने कहा कि 84 व पंचकोसी परिक्रमा के दौरान रास्ते में तथा सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगवाये जाये। बाजार में व मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि विवाह कार्यक्रमों आदि में फूड प्वाइजनिंग की घटनाएं न हो, इसके लिये होटल एवं गेस्ट हाउस संचालकों से संपर्क करके उन्हें सेंसटाइज किया जाये और उनसे ताजा खाना परोसने के लिये कहा जाये।

बैठक में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारिगण सहित झांसी एनआईसी कक्ष में मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जुनैन अहमद आदि उपस्थित रहे।

## अखंड बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए संसद में प्राइवेट बिल को कैबिनेट की शीघ्र मंजूरी दी जाए, भानु सहाय




**झांसी।** बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से दिया गया, । ज्ञापन में कहा गया कि गत लोकसभा (2014) चुनाव में झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सु.श्री. उमा भारती जी, राजनाथ सिंह जी एवं प्रधानमंत्री जी ने बुन्देलखंड राज्य 3 साल के भीतर बनवा देने का वादा बुन्देलखंड की जनता ने किया था। 3 साल की जगह 10 वर्ष पूरे हो गए है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सात जनपदों क्रमशः झांसी, बाँदा, जालौन, हमीरपुर, ललितपुर, चित्रकूट एवं महोबा को मिलाकर बुन्देलखंड विकास बोर्ड का गठन किया है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश सरकार ने सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना, दतिया एवं निवाड़ी को मिलाकर बुन्देलखंड विकास प्राधिकरण का गठन किया है। इन्ही समस्त जिलों को बुन्देलखंड मानकर केंद्र सरकार ने बुन्देलखंड पैकेज दिया था। इन क्षेत्रों के साथ लहार, पिछोर, करेरा, गोहांड, चंदेरी, गंजबासौदा, कटनी, सतना का चित्रकूट आदि क्षेत्रों को जोड़कर अखंड बुन्देलखंड राज्य का निर्माण किया जाना चाहिये।

महोबा-हमीरपुर सांसद श्री पुष्पेंद्र सिंह चंदेल द्वारा प्रथक अखण्ड बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिए संसद में रखा गया प्राइवेट बिल को शीघ्र कैबिनेट की मंजूरी दी जाए जिससे राज्य निर्माण की प्रक्रिया साकार रूप लेना प्रारम्भ कर दे।

बुंदेलिओ का सब्र अब टूटता जा रहा, कही ऐसा न हो कि 2024 के आम चुनाव में कथनी और करनी के अन्तर के कारण खामियाजा भुगतना पड़ जायेगा ।

ज्ञापन देने वालों में अशोक सक्सेना, रघुराज शर्मा, वरुण अग्रवाल, कुँवर बहादुर आदिम, हनीफ खान, anil कश्यव, प्रदीप झा,राशिद कुरेशी, गोलू ठाकुर, नरेश वर्मा, विकास पूरी, प्रेम सपेरा, सईदा बेगम, हराना, प्रभु कुशवाहा मौजूद रहे

## जीआरपी व आरपीएफ द्वारा 1 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर दबोचा

### गिरफ्तार, तस्कर के कब्जे से 3.100 कि0 ग्रा0 अवैध गांजा बरामद (अनुमानित कीमत करीब 61 हजार रुपये



**झांसी।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ, जयनरायन सिंह के आदेशानुसार, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, राकेश पुष्कर के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक रेलवे, झाँसी विपुल कुमार श्रीवास्तव व वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त विवेकानन्द नरायण आरपीएफ झाँसी के निर्देशन में ट्रेनो में नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, झांसी नईम खाँन मंसूरी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय थाना जीआरपी झाँसी के नेतृत्व में गठित जीआऱपी/आरपीएफ टीमों द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये दिनांक 26.04.2024 को रेलवे स्टेशन झाँसी से 01 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर-हेमन्त सिंह पुत्र हुकम सिंह निवासी बिहारी नगरा अट्टास बांगर थाना कोतवाली वृन्दावन जिला मथुरा उ0प्र0 को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध गांजा - 3.100 किलोग्राम बरामद किया गया।

## मऊरानीपुर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हुआ संपन्न

### मेरे बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण से भाजपा 2024 में जीत हैट्रिक लगाने जा रही है: लाखन सिंह राजपूत

झांसी। मऊरानीपुर में बूथ सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत रहे अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक गिरी ने की मुख्य वक्ता ने बूथ अध्यक्षों मंडल अध्यक्षों एवं जिले के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा की बूथ अध्यक्ष ही भारतीय जनता पार्टी के रीड की हड्डी है सभी को जो बूथ पर 20 काम आए हैं उनको संपन्न करते हुए हमें इस बार मोदी जी को पुनः 400 के पास करवाना है।

उन्होंने बूथों पर होने वाले अनेक कार्य बताएं कि किस तरह संगठन का कार्य करते हुए समाज को जोड़कर एवं जनप्रतिनिधियों की सहायता लेते हुए आने वाले 30 में को अधिक से अधिक मतों से यहां अनुराग शर्मा को विजय बनाकर संसद में भेजना है तथा माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है उन्होंने कहा कि आप सभी को जितने भी लाभार्थी रह रहे हो चाहे वह



आयुष्मान योजना से लाभान्वित हो या प्रधानमंत्री आवास योजना से हो या किसान सम्मन निधि से हो या अन्य योजना से लाभान्वित हो सभी से संपर्क करना है एक-एक घर का दरवाजा खटखटाना है एवं अपने बूथ को सशक्तिकरण करना है इस बार हमें बूथ पर 370 से अधिक मतों को जोड़ना है सी ग्रेड के बूथ को बी ग्रेड, बी ग्रेड के बूथ को ए ग्रेड एवं ए ग्रेड के बूथ को ए प्लस ग्रेड बनाना है।

झांसी ललितपुर सांसद एवं प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की मोदी जी का 140 करोड़ का परिवार है और 18 करोड़ की सेना है उन्होंने आगे कहा की केन बेतवा की परियोजना किसान भाईयों के लिए बहुत लाभदायक है ,मोदी जी ने हम सभी को छुआ है सबसे बड़ी बात है कि देश के सभी मतदाता मोदी जी के लिए वोट डालना चाहते हैं आप भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता हैं आप सभी को हर घर पर दस्तक देना है तथा उनसे मोदी जी की राम राम कहना है हम सभी चुनाव मैं जाएंगे और बताएंगे की जब कमल का बटन यहां दबाएंगे तो पाकिस्तान थर्राता है जब कमल का बटन यहां दबता है तब भ्रष्टाचारियों का दिल दहलता है जब कमल का बटन यहां दबता है तब गुंडा दर से कांपता है 80 करोड़ लोगों को राशन दिया जा रहा है पहले लोग बीमार पड़ते थे तो गरीब आदमी सोचता था की बीमार को बचाएं या घर चलाएं आज अगर कोई बीमार होता है तो प्राइवेट हॉस्पिटल तक मैं आयुष्मान योजना में इलाज संभव है आज तक 4 करोड़ घर बने हैं मोदी की गारंटी है अगले पांच साल में योजना का और विस्तार होगा अगर किसान सम्मान निधि के पैसे आते तो।

एक रुपया भी बीच वाला नहीं ले पाता है ये है मोदी की गारंटी है उनके यहां परिवारवाद है चाहे सपा देख लीजिए उनके चाचा भतीजा बहु दामाद सभी को टिकट दे दिया है कांग्रेस देख लीजिए गांधी परिवार की पीढ़ियों ने ही कांग्रेस के कमान संभाली है हमारे यहां बूथ अध्यक्ष भी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बन सकता है ये भाजपा का संगठन है

## तीन दिन से लापता एक व्यक्ति का शव मिला पुलिस जांच में जुटी

मीरजापुर ड्रमण्डगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम नौगवां में आयी बारात में वर व वधु दोनों पक्षों के मध्य वाद-विवाद हो गया था ।उक्त विवाद के बाद से वधु पक्ष का एक युवक अजय कहार पुत्र पहलोदी कहार निवासी नौगवां गुरूवान थाना ड्रमण्डगंज मीरजापुर उम्र करीब 21 वर्ष गायब हो गया था ।परिजनों द्वारा सूचना के आधार पर थाना ड्रमण्डगंज पर गुमशुदगी दर्ज कर थाना ड्रमण्डगंज पुलिस टीम द्वारा अजय उपरोक्त की तलाश शुरू किया गया ।आज दिनांक 26.04.2024 को ग्राम नौगवां खलिहान में अजय उपरोक्त का शव होने की सूचना प्राप्त हुई ।सूचना पर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर %अभिनन्दन% सहित फील्ड यूनिट, डॉग स्कॉड व थाना ड्रमण्डगंज पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया ।थाना ड्रमण्डगंज पुलिस द्वारा घटना से सम्बन्धित आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है तथा शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।मौके पर कानून व्यवस्था सम्बन्धित कोई समस्या नही है ।

## झाँसी विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हुआ संपन्न

### बूथ अध्यक्ष हमारा असली जमीनी नेता है : अनुराग शर्मा

झांसी। आज भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हेमंत परिहार की अध्यक्षता में झांसी महानगर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संपन्न हुआ ! इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे लाखन सिंह राजपूत पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार !

लाखन सिंह राजपूत ने कहा झांसी में प्रचंड विकास हुआ है प्रचंड विकास का कारण है कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने डबल इंजन की सरकार के साथ मिलकर झांसी का विकास किया है झांसी की जनता जानती है विश्वास करती है कि भाजपा ही एकमात्र विकल्प है भाजपा इस बार पिछली बार की तुलना में रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से जीतने जा रही है !

विधायक रवि शर्मा ने कहा झांसी के हर बूथ अध्यक्ष हमारा जमीनी नेता है भारतीय जनता पार्टी ने इस बार 400 पर का नारा दिया है तो हर बूथ अध्यक्ष ने संकल्प लिया है की झांसी को प्रचंड बहुमत से जीतकर भगवा रंग में रंग देंगे ! लोकसभा प्रभारी नागेंद्र गुप्ता ने कहा आप लोगों की उपस्थिति प्रशंसनीय मैंने लोकसभा में झांसी महानगर में उत्साह देखकर यह लगता है इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से जीतने जा रही है!

सांसद लोकसभा प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने कहा इस चुनाव में हर घर घर जाकर मोदी जी योगी जी की योजना लाभ पहुंचा है हम को हर घर से आशीर्वाद मिल रहा है और उन्होंने



कहा आज जब कमल का बटन दबता है तब पाकिस्तान डरता है जब कमल का बटन दबता है तब पन्नी के नीचे बैठे रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार होता है आज भगवान रामलला मंदिर में विराजमान हैं जब कमल का बटन दबता है तब कश्मीर से 370 हटती है लाल चौक पर झंडा फेरता है जब कमल का बटन दबता है तब हर घर में नल बिजली होती हैं उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुड़ जाने के लिए कहा की पार्टी पूरे 5 साल चुनाव लड़ने की तैयारी करती है हम लोग एक सक्रिय कार्यकर्ता है जो 5 साल लगातार भारतीय जनता पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करते हैं जिला अध्यक्ष हेमंत परिहार ने सभी बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से निश्चित तौर से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और हमारे झांसी ललितपुर के लोकप्रिय सांसद दूसरी बार सांसद बनेंगे आप सभी कार्यकर्ताओं ने जो बूथ पर मेहनत करके संगठन को मजबूत किया है वह निश्चित तौर से 4 जून को सामने आएगा .. मंचासीन रहे मुख्य अतिथि लाखन सिंह राजपूत( पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) , सांसद अनुराग शर्मा लोकसभा प्रभारी नागेंद्र गुप्ता लोकसभा संयोजक डॉ जगदीश चौहान जिला अध्यक्ष हेमंत परिहार विधायक रवि शर्मा जिला प्रभारी संत विलास शिवहरे एमएलसी रमा निरंजन एमएलसी रामतीर्थ सिंगल एमएलसी बाबूलाल तिवारी महापौर बिहारी लाल आर्य क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह लोकसभा सह प्रभारी प्रभारी मनोज राजपूत क्षेत्रीय सहसंयोजक कुलदीप सिंह विधानसभा संयोजक प्रदीप सरावगी विधानसभा प्रभारी जगदीश तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सोनी पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा लोकसभा विस्तारक विवेक सिंह मंचासीन रहे!

## संपादकीय

# दिल्ली में कचरे के पहाड़

देश की राजधानी और व्यवस्था के स्तर पर अन्य जगहों के मुकाबले ज्यादा बेहतर होने के दावे के बावजूद अगर दिल्ली में कई जगह कचरे के पहाड़ खड़े दिखते हैं, तो यह अपने आप में एक अफसोसनाक तस्वीर है। विडंबना है कि लंबे समय से इस समस्या के उत्तरोत्तर गंभीर होते जाने और कई बार बड़ा मुद्दा बनने के बाद भी अब तक इसका हल निकालने की कोई गंभीर पहल नहीं दिखती। यह बेवजह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर हैरानी जताई है कि दिल्ली में हर रोज ग्यारह हजार टन ठोस शहरी अपशिष्ट पैदा होता है, जिसमें से तीन हजार टन कचरे का उचित निपटान नहीं किया जाता। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की रिपोर्ट पर कहा कि यह स्तब्ध करने वाली बात है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 को लागू हुए आठ साल गुजर चुके हैं, मगर अब तक दिल्ली में इस पर ठीक से अमल नहीं हुआ है। दिल्ली में उपराज्यपाल और सरकार के बीच जिस तरह की खींचतान चलती रहती है, उसमें इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाएगा! सर्वोच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और दिल्ली छावनी बोर्ड को नोटिस जारी किया है। क्या इन इकाइयों को अपने दायित्व का अहसास नहीं है? यह समझना मुश्किल नहीं है कि दिल्ली में अगर रोजाना ग्यारह हजार टन अपशिष्ट निकलता है और उसमें से तीन हजार टन कचरे का उचित निपटान नहीं हो पाता, तो आखिर उसका क्या होता है और आसपास के इलाकों की आबोहवा पर उसका क्या असर पड़ता होगा। गौरतलब है कि दिल्ली में भलस्वा, गाजीपुर और ओखला स्थित कचरा पट्टियों पर जितने बड़े पैमाने पर अपशिष्ट जमा होता गया है, उससे आसपास के इलाकों में कई तरह की समस्याएं पैदा हो गई हैं। सोमवार को गाजीपुर कचरा पट्टी में आग लग गई थी, जिसे बुझाने में अठारह घंटे लग गए। कचरे के निपटान की जिम्मेदारी सरकार के संबंधित नागरिक निकाय की है। मगर सवाल है कि उसकी निगरानी करने और पूरे कचरे के निपटान या प्रबंधन को सुनिश्चित करने का दायित्व किसका है?

## लोकसभा निर्वाचन 2024 : विशेष आलेख

# कांग्रेस की कमियों ने भाजपा को दिया है सत्ता में बने रहने का मौका



राजनेतिक विश्लेषक
प्रकाश व्यास की कलम से

**स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की गलतियां और कमियों की सजा भारत की जनता को मिली, जिसका मजा 2014 के बाद भाजपा ने उठाया। कई दशकों की गुलामी के बाद जब 1947 में एक देश के रूप में भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई, तो आम जनता में अपार उत्साह और ऊर्जा थी। इसी परिपेक्ष में कांग्रेस की लीडरशिप ने देश को नई दिशा और दशा देने के साहसिक कदम उठाए। भारत के पहले आम चुनाव में जब कांग्रेस ने जीतकर पहली बार सत्ता हासिल की और पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के प्रथम प्रधानमंत्री बने, तो लाखों करोड़ों भारतीयों के जीवन में उत्साह और उमंग छा गया। जनता के अपार समर्थन से नेहरू जी ने देश में तेज़ गति से विकास और प्रबंधन के कार्य आरंभ किए। यह सिलसिला उनके निधन 1964 तक निरंतर जारी रहा।**



स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की गलतियां और कमियों की सजा भारत की जनता को मिली, जिसका मजा 2014 के बाद भाजपा ने उठाया। कई दशकों की गुलामी के बाद जब 1947 में एक देश के रूप में भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई, तो आम जनता में अपार उत्साह और ऊर्जा थी। इसी परिपेक्ष में कांग्रेस की लीडरशिप ने देश को नई दिशा और दशा देने के साहसिक कदम उठाए। भारत के पहले आम चुनाव में जब कांग्रेस ने जीतकर पहली बार सत्ता हासिल की और पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के प्रथम प्रधानमंत्री बने, तो लाखों करोड़ों भारतीयों के जीवन में उत्साह और उमंग छा गया। जनता के अपार समर्थन से नेहरू जी ने देश में तेज़ गति से विकास और प्रबंधन के कार्य आरंभ किए। यह सिलसिला उनके निधन 1964 तक निरंतर जारी रहा।

पंडित नेहरू के बाद कुछ हद तक लाल बहादुर शास्त्री ने भी देश को नई ऊर्जा दी, लेकिन उनके निधन के बाद आने वाला कालखंड इंदिरा गांधी की उच्च महत्वाकांक्षाओं के भंवर में फंस कर रहा गया। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में राजनीतिक विषमताएं और षड्यंत्र पनपने लगे। युवा भारत आक्रोश और असंतोष से घिर गया, जिसके परिणाम स्वरूप देश में अराजकता, संगठित राजनीतिक विद्रोह और प्रतिशोध की भावना पनपना लगी। परिणाम स्वरूप 1975 में इमरजेंसी की घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की। अपरिपक्व लोकतंत्र की किताब के पन्ने खुलने लगे और देश में चारों ओर राजनीतिक अस्थिरता और धार्मिक उन्माद का माहौल फैलने लगा। कश्मीरी आतंकवाद, नक्सलवाद और सिख खालिस्तान आंदोलन ने देश को विकास के मार्ग से उतार कर विनाश की ओर धकेलना आरंभ कर दिया। यह सिलसिला 1984 में जब इंदिरा गांधी की हत्या हुई तब जाकर कुछ समय के लिए थमा।

इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति लहर ने कांग्रेस को देश का पहला सबसे बड़ा बहुमत दिलवाया और उनके पुत्र स्वर्गीय श्री राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने। बदलते वैश्विक परिवेश में राजीव गांधी ने देश को वैज्ञानिक उन्नति और प्रौद्योगिकी विकास में नई दिशा देने का भरपूर प्रयत्न किया, जिसके परिणाम भी सुखद रहे। लेकिन उनकी कमजोर नेतृत्व क्षमता ने 90 के दशक के आते-आते देश में पुनः राजनीतिक अस्थिरता का माहौल खड़ा कर दिया। 90 के पूरे दशक में हमारा लोकतंत्र राजनीतिक रूप से अस्थिर और नेतृत्व विहीन रहा। विपक्ष की भूमिका में अटल बिहारी वाजपेई ने एक नई उम्मीद की किरण जगाई। परिणाम स्वरूप 21वीं सदी के प्रारंभ में अटल बिहारी वाजपेई ने देश को एक योग्य और कुशल नेतृत्व प्रदान किया। इस दौरान कांग्रेस में वैचारिक मतभेद और राजनीतिक विचारधारा को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रही। सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस दिशाहीन होती चली गई। वर्ष 2004 से 2014 तक लगातार दो कार्यकाल में मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री रहे। केवल आर्थिक मोर्चे पर कुछ हद तक सफलता देखने को मिली, लेकिन कांग्रेस में देश के विकास और प्रगति के लिए नए विजन का अभाव रहा। लोगों में भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के कारण निरंतर असंतोष पनपता रहा।

जिस कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद देश को विकास की नई दिशा दिखाई थी, वह 2014 के आते-आते शून्य हो गई। सोनिया गांधी के अकुशल नेतृत्व के कारण कांग्रेस अपनी विचारधारा से विमुख हो गई। कांग्रेस पर तुष्टिकरण और वामपंथी विचारधारा ने अपना दबदबा बना लिया। स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की जड़ें, जो आम जनता तक पहुंच चुकी थी, वे छिन्न भिन्न हो गई। ऐसी कई बड़ी कमियां और गलतियों के कारण जनता में कांग्रेस के प्रति आक्रोश पनपने लगा। कांग्रेस का शासन जनता को सजा लगने लगा। इसी दौरान बीजेपी ने देश के माहोल को समझते हुए जनता के आक्रोश को अपने पक्ष में करने का कार्य किया। जब 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनी, तब लोगों की आशाओं को पंख मिले। राष्ट्रवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के संकल्प के साथ भाजपा सरकार ने अच्छे कार्य आरंभ किए, लेकिन वर्ष 2019 के आते-आते भाजपा ने अपना एजेंडा स्पष्ट कर दिया। वह यह था कि किसी भी तरह सत्ता को बनाए रखना। इस विचारधारा के चलते भाजपा भी देश के विकास और उससे जुड़ी हुई तत्कालीन समस्याओं को लेकर उदासीन हो गई। बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, भुखमरी और बुनियादी ढांचे पर जो कार्य किए जाने योग्य थे, वे हाशिए पर चले गए। राम मंदिर, तीन तलाक, धारा 370, जिसका विकास से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था, बड़े मुद्दे बनकर सामने आए। जनता इन मुद्दों में उलझकर अपनी मूलभूत परेशानियों को भूल सी गई। लेकिन सच यह है कि लोकतंत्र में राष्ट्र और जनता सर्वोपरि होते हैं। जनता के विकास के मुद्दे ही लोकतंत्र को मजबूत करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यदि राष्ट्र और जनता का विकास निरंतर जारी नहीं रहता है, तो कोई भी सत्ताधारी दल निरंतर सत्ता प्राप्त नहीं कर सकता। इस बात को भाजपा के उच्च नेतृत्व को समझना पड़ेगा। यह देखने में आ रहा है कि भाजपा के दूसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पुनः पनपने लगा है और राजनीतिक विद्वेषता तथा सामाजिक असमानता बढ़ती जा रही है। अमीर और अमीर हो रहा है तथा गरीब की हालत पहले से बदतर होती जा रही है। निःसंदेह मोदी जी वर्तमान में एक वैश्विक नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं। उनकी विदेश नीति और आतंकवाद उन्मूलन प्रभावित करते हैं, परंतु देश को उनके कुशल नेतृत्व का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसा लगता है कि भाजपा निरंतर सत्ता प्राप्ति के लोभ में उनको एक चुनावी पोस्टर बॉय के रूप में इस्तेमाल कर रही है, ना कि देश की सेवा और जनता की भलाई के लिए।

## राजनीतिक

# मतदाता सूची में नाम न हो तब भी कर सकते है मतदान!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

**देश मे पहले चरण का लोकसभा चुनाव मतदान 19 अप्रैल को हो रहा है।लोकसभा की 543 सीटों के लिए 97 करोड़ से अधिक मतदाता 10.50 लाख मतदान केंद्रों के माध्यम से विभिन्न चरणों मे मतदान कर सकेंगे।जिसके लिए चुनाव आयोग ने लगभग डेढ़ करोड़ चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की है।मतदान सहज रूप से मतदाताओं को आवश्यक सुविधाओं के साथ सम्पन्न कराया जा सके ,इसके लिए मतदान स्थल पर पेयजल सुविधा, शौचालय, व्हीलचेयर, रैंप, शेड,बिजली आपूर्ति, स्वयं सेवक प्रदत्त किये गए है।देश को मिली आजादी के बाद से अभी तक मतदान के विभिन्न चुनाव में विभिन्न तरीके अपनाये गए है।**



गांव स्तर से लेकर राज्य और केन्द्र स्तर तक अपना जनप्रतिनिधी चुनने के लिए जो तरीके अपनाये गए उनमें हाथ उठाकर अपना वोट डालने से लेकर ईवीएम वोटिंग मशीन तक का उपयोग मतदाताओं के लिए वरदान बना है। सन 1952 से लेकर साथ के दशक तक गांव में लोग अपना प्रधान व ग्राम सदस्यों का चुनाव हाथ उठाकर करते थे। तब न बैलट पेपर का झंझट था ,न वोटिंग मशीन की जरूरत थी, बस हाथ उठाओं और हो गया वोट। हरिद्वार जिले के गांव खुब्बनपुर निवासी मास्टर सुमन्त सिंह आर्य ने अपनी सरकारी नोकरी के दौरान चार बार ऐसे चुनाव कराये जब वोट बैलट के बजाए हाथ उठाकर दिया गया था। ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व ग्राम सभा सदस्यो के चुनाव सन 1962 तक हाथ उठाकर ही कराये जाते थे।

लेकिन जब हाथ उठाकर वोट देने के कारण लोगो के बीच आपसी राजनीतिक रंजिश बढने लगी तो हाथ उठाकर वोट देने की सरल व सुगम परम्परा को बन्द करना पडा। हालांकि आजादी के पहले तक तो हाथ उठाकर वोट डालने की परम्परा सामान्य थी। लेकिन तब भी कभी बडे सदनो के लिए हाथ उठाकर वोट डालने की प्रक्रिया को नही अपनाया गया।अपने जीवनकाल में स्वाधीनता सेनानी सत्यवती सिन्हा ने अपने अनुभव सुनाते हुए बताया था कि पहले लोग वोट का मतलब तक नही समझते थे। एक बार जब वे लोगो को एक पार्टी विशेष के पक्ष में वोट डालने के लिए कहने गई और उन्हे उस समय के चुनाव चिन्ह बैलो की जोडी के बारे में बताया तो गांव की महिलाओं ने वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पर जाने के बजाए खेतो में जाकर बैलो की जोडी के सामने पांच पांच पैसे चढा दिये और समझ लिया कि उन्होने मतदान कर दिया है। ग्राम प्रधान रह चुकी कमला बमोला का कहना है कि मतदान के लिए आज भी कई स्थानों पर लोगो को कई कई किमी तक पैदल जाना पडता है जो कि एक गलत व्यवस्था है। उन्होने माना कि चुनाव में काफी सुधार हुए है लेकिन अभी भी चुनाव धन बल की विकृति से मुक्त नही हो पाया है।गरीब व आम आदमी आज भी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता। ऐसे में कैसे माना जाए कि

लोग उस आम जनता में से चुन कर जा रहे है जिनकी संख्या कम से कम नब्ब फिसदी है। इसी कारण 90 प्रतिशत लोग आज भी चुनाव न लड पाने की हैसियत न होने के कारण चुनाव से दूर रह जाते है और जनप्रतिनिधी बनने से वंचित हो जाते है। इसी तरह अन्तर्राष्टीय खिलाड़ी डॉ आदेश कुमार शर्मा इस बात से दुखी है कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी आज भी वोटरो को प्रलोभित कर वोट पाना चाहते है और जब ऐसे लोग चुनाव जीत जाते है तो चुनाव बाद 5 साल तक फिर वे क्षेत्र में नजर नही आते ऐसे प्रत्याशियो को नकारने पर वे जोर देते है।

उन्होने चुनाव आयोग द्वारा चुनाव सुधार की दिशा में टी एन शेषन के समय की गई सख्ती का स्वागत किया था। उनकी सोच है कि चुनाव आयोग टीएन शेषन के समय से ही अच्छे रास्ते पर चलने लगा था परन्तु अब फिर उसकी विश्वनीयता ईवीएम पर सवाल उठने के कारण घटने लगी है। एक बार विधायक या सांसद बनने पर उनकी आय मे कई सौ गुना वृद्धि कैसे हो जाती है इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में पिछले चुनाव में मतदान के दिन कोई भी प्रत्याशी मतदान स्थल से 100 मीटर दूरी तक मतदाताओं को हाथ जोडकर नमस्ते तक नही कर पाया था,यह प्रावधान लोगो को बहुत पसंद आया है। जब आप वोट डालने मतदान केंद्र पर जाए और आपको पता चले कि आपका वोट किसी ने पहले ही डाल दिया है,ऐसी हालत में आप पीठासीन अधिकारी से टेंडर वोट डालने की सुविधा प्राप्त कर सकते है।यदि किसी मतदान केंद्र पर टेंडर वोट कुल मतदान का 40 प्रतिशत से अधिक हो जाए तो वहां पुनः मतदान कराया जाएगा।वही यदि आपका नाम मतदाता सूची में ही न हो तब आप धारा 49 ए के तहत पीठासीन अधिकारी से चुनौती वोट डलवाने का निवेदन कर सकते है।लेकिन यदि आपका नाम मतदाता सूची में न हो और आपके पास मतदाता पहचान पत्र भी न हो,तब भी धारा 8 के अंतर्गत कोई भी पहचान पत्र जिनमे पैन कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि दिखाकर मतदान कर सकते है। यानि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का मूलभूत अधिकार है, इसलिए मतदान अवश्य करे।

## सुविचार

**आशा कभी आपको छोड़कर नहीं जाती है, आप इसे छोड़ते है।**
**जॉर्ज वीनवर्ग**

## राशिफल

**मेष** — आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कहीं पर धन का निवेश करने पर लाभ होगा।

**वृष** — वृष राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपके लिए आज का दिन भाग्यशाली होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन** — आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको परेशानी हो सकती है। आपको आज अनेक प्रकार के कार्य निपटाने पड़ सकते हैं।

**कर्क** — कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन भाग्य की दृष्टि से उत्तम रहेगा और आपको मनचाहा लाभ मिलने से प्रसन्ता होगी। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा।

**सिंह** — आपको आज मिलेजुले फल की प्राप्ति होगी। आपके जीवन में समस्याएं बढ़ सकती हैं और आपको परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या** — कन्या राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा। आज आप अपने सभी कार्य आज समय से पूरे कर लेंगे। आप अपने कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे।

**तुला** — तुला राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा और आज का दिन आपके लिए शुभ फलकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — आज का दिन अनुकूल नहीं है और आज आपका मन अशांत और परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं।

**धनु** — आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप आज किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के बारे में सोच सकते हैं।

**मकर** — मकर राशि के लोगों का दिन आज अनुकूल नहीं है और आज आपको फालतू खर्च का भी सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ** — कुंभ राशि के लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें।

**मीन** — मीन राशि के लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। किसी विवाद का हल निकल आएगा।

# अहंकारी बाबा रामदेव ने एक बार फिर बनाया मूर्ख?



लेखक- सनत जैन

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बाबा रामदेव ने एक माफीनामा प्रकाशित करवाया है। रिट याचिका संख्या 645/2022 के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जो आदेश दिया गया था, उसकी अवज्ञा करने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जो माफीनामा प्रकाशित कराया है, उसे देखने से प्रतीत होता है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी है। पतंजलि आयुर्वेद द्वारा जो विज्ञापन फर्जी दावे कर प्रकाशित कराए गए थे। तब उन विज्ञापनों में तरह-तरह की फर्जी दावे किए गए थे। मौजूदा माफीनामा वाले विज्ञापन में ना तो उनका उल्लेख किया गया है और ना ही पतंजलि आयुर्वेद द्वारा फर्जी दावे कर जिनको ठगा गया है, उनसे ही माफी मांगने का कोई उल्लेख किया गया है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा वर्षों से प्रकाशित विज्ञापनों में जो झूठे दावे किए गए थे। उसके लिए अभी भी माफी नहीं मांगी गई है। बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड, बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण ने जो माफीनामा प्रकाशित कराया है। उसमें केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने पर माफी मांगी गई है। दरअसल 22/11/2023 को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को जो चुनौती उन्होंने दी थी, उसके लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से क्षमा मांगी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी छोटा सा विज्ञापन, जिसमें किसी किस्म के तथ्यों का उल्लेख ही नहीं था। कुछ विज्ञापन के माध्यम से पहले सुप्रीम कोर्ट को धोखा देने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट ने जब अपनी नाराजगी जताई, उसके बाद जो थोड़ा बड़ा विज्ञापन जारी किया गया उसमें भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि पतंजलि आयुर्वेद किस गलती के लिए किससे माफी मांग रही है। विज्ञापन में जो झूठे दावे किए थे। उसके बारे में कोई स्पष्टीकरण प्रकाशित नहीं किया गया है। ताकि उपभोक्ता और भक्त जिन्हें विभिन्न माध्यमों से ठगा गया वो जान सकें कि पतंजलि के विज्ञापन में झूठ परोसा गया था। उसके बारे में उपभोक्ता को जानकारी प्राप्त हो। बाबा रामदेव को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। बाबा रामदेव पतंजलि के उपभोक्ताओं और भक्तों को मूर्ख मानते हुए अभी भी धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का भी इस तरह से पालन कर रहे हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का क्रियान्वयन भी हो जाए और सही बात भी सामने नहीं आ पाए। पतंजलि द्वारा प्रकाशित दोनों विज्ञापन में उन्होंने उच्चतम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने का दावा किया है। पतंजलि आयुर्वेद ने उपभोक्ताओं के साथ जो छल किया है, उसके लिए उन्होंने अभी भी माफी नहीं मांगी है। सही मायने में विज्ञापनों में किए गए झूठे दावों के लिए उपभोक्ताओं से माफी मांगनी चाहिए थी। इसका स्पष्ट उल्लेख विज्ञापन में होना चाहिए था। बाबा के पास जो सामर्थ्य वर्तमान में है। उसको देखते हुए बाबा रामदेव से इससे ज्यादा की आशा उपभोक्ताओं को नहीं करनी चाहिए। ना ही सुप्रीम कोर्ट को बाबा रामदेव से करना चाहिए। बाबा ने सुप्रीम कोर्ट की महिमा और सम्मान को बनाए रखने के लिए अतुलनीय काम किया है। यही मानकर सबको चलना पड़ेगा। बाबा रामदेव शायद ऐसा ही सोचते हैं। यह विज्ञापन में साफ झलक रहा है। बहरहाल यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने दूसरा विज्ञापन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रकाशित करा दिया है। सुप्रीम कोर्ट विज्ञापन को किस रूप में लेगा, कहना मुश्किल है। उपभोक्ताओं के साथ पतंजलि आयुर्वेद और बाबा रामदेव ने मॉडल बनाकर जो धोखाधड़ी और विश्वासघात किया है। पतंजलि के उत्पाद को लेकर जो फर्जी दावे किए हैं। उपभोक्ताओं और भक्तों को साधु के वेष में जिस तरह से लूटा है। उसके लिए अभी तक बाबा ने माफी नहीं मांगी है।

# ईश्वर का स्वरूप क्या?




अध्यात्म

**पहले अपने स्वरूप को जानों**

एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है? महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो? वह बोला- नहीं जानता। तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा? अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

## कार्टून



# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी ने 468 रन बनाकर रचा इतिहास

## बनी ऐसा कारनामा करने वाली पहली टीम

नई दिल्ली। फाफ डुप्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल में उस समय इतिहास रचा, जब टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुरुवार, 25 अप्रैल को हुए मैच में 206 रन बोर्ड पर लगाए। इन 206 रनों के दम पर आरसीबी एक आईपीएल सीजन में लीग स्टेज के दौरान किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम बन गई है।

जी हां, इससे पहले जब आरसीबी और एसआरएच की भिड़ंत हुई थी तब बेंगलुरु ने हैदराबाद 262 रन बनाए थे। दोनों मुकाबलों का स्कोर जोड़कर आरसीबी ने एसआरएच के खिलाफ इस सीजन कुल 468 रन बनाए हैं। यह आईपीएल के इतिहास में लीग स्टेज में किसी भी टीम द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं।




इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर सनराइजर्स हैदराबाद की ही टीम है, एसआरएच ने आरसीबी के खिलाफ हुए पहले मुकाबले में 287 रन बनाए थे, वहीं अब दूसरे मुकाबले में उनकी गाड़ी 171 रनों पर रुक गई। एसआरएच ने इस तरह आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2024 में खेले दोनों मुकाबलों में मिलाकर 458 रन बनाए।

आरसीबी और एसआरएच दोनों टीमों ने मिलकर 11 साल पुराना रिकॉर्ड धवस्त किया है। 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पुणे वॉरियर्स के खिलाफ लीग स्टेज के दो मुकाबलों में मिलाकर सर्वाधिक 450 रन बनाए थे, 11 साल बाद अब आरसीबी ने नया रिकॉर्ड बनाया है। बात मुकाबले की करें तो, टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने विराट कोहली और रजत पाटीदार के अर्धशतक के दम पर 206 रन बोर्ड पर लगाए। हैदराबाद के लिए जयदेव उनादकट गेंदबाजी में चमके जिन्होंने सर्वाधिक 3 विकेटें चटकाई।

इस स्कोर का पीछा करने उतरी एसआरएच की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड पहले ही ओवर में विल जैक्स का शिकार बने। इसके बाद टीम ने पावरप्ले में ही इन फॉर्म अभिषेक शर्मा, एडन मारक्रम और हेनरिक क्लासेन का भी विकेट गंवाया। टीम पहले 6 ओवर में ही आधा मैच हार चुकी है। हालांकि अन्य बल्लेबाजों ने लड़ाई लड़ी, मगर वह निर्धारित 20 ओवर में टीम को 171 के स्कोर तक ही पहुंचा सके। हैदराबाद के किसी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं जड़ा।

## इंडोनेशिया की रोहमालिया ने टी-20 इंटरनेशनल में रिकॉर्ड बनाया




नई दिल्ली। इंडोनेशिया की ऑफ स्पिनर रोहमालिया ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट (मेंस और विमेंस) में नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बुधवार को डेब्यू मैच में बिना कोई रन दिए 7 विकेट लिए। बाली में खेले गए मंगोलिया के खिलाफ सीरीज के पांचवें मैच में रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, सभी डॉट रहीं, और उन्होंने 7 विकेट लिए। छह मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला 25 अप्रैल को खेला गया। बुधवार को खेले गए सीरीज के पांचवें टी-20 मैच में इंडोनेशिया ने 151 रन बनाए और बदले में मंगोलिया को 24 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद सीरीज का छठा मैच गुरुवार को खेला गया। इंडोनेशिया ने यह सीरीज 6-0 से जीती। अर्जेंटीना की एलिसन स्टॉक्स (3 रन पर 7 विकेट) और नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क (3 रन पर 7 विकेट) के बाद रोहमालिया महिला टी-20 में सात विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं।

## बतौर ओपनर विराट कोहली का बड़ा कारनामा

### क्रिस गेल, शिखर धवन और डेविड वॉर्नर के क्लब में बनाई जगह




नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेल बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गुरुवार, 25 अप्रैल को आईपीएल 2024 के 41वें मुकाबले में किंग कोहली ने 43 गेंदों पर 4 चौकों और 1 गगनचुंबी छक्के की मदद से 51 रनों की पारी खेली। इस पारी के दम पर उन्होंने आईपीएल में बतौर ओपनर 4000 रन का आंकड़ा पार किया। वह आईपीएल में ऐसा कारनामा करने वाले मात्र चौथे ही खिलाड़ी बने हैं। जी हां, उनसे पहले शिखर धवन, क्रिस गेल और डेविड वॉर्नर आईपीएल में ऐसा कर चुके हैं।

आईपीएल के इतिहास में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड शिखर धवन के नाम है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल में पारी का आगाज करते हुए सर्वाधिक 6362 रन बनाए हैं। वहीं इस सूची में क्रिस गेल 5909 रनों के साथ दूसरे, डेविड वॉर्नर 4480 रनों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। अब विराट कोहली 4041 रनों के साथ इस सूची में जुड़ने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं।

# कोलकाता नाइट राइडर्स का स्कोर 100 के पार, नरेन ने लगाई फिफ्टी

*नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2024 का 42वां मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जा रहा है। पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। कोलकाता ने एक बदलाव किया है। मिचेल स्टार्क चोट की वजह से नहीं खेल रहे हैं उनकी जगह दुष्मंथा चमीरा को मौका मिला है।*

*श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम जारी सीजन में शानदार प्रदर्शन कर रही है। टीम ने 5 मैच जीते हैं और पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर मौजूद है। दूसरी तरफ शिखर धवन की गैरमौजूदगी में पंजाब किंग्स ने लगातार मैच गंवाए हैं। पंजाब की कमान सैम करन के हाथों में है लेकिन वह भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सके हैं। कप्तानी के दबाव के कारण उनका प्रदर्शन भी खराब हुआ है। पंजाब किंग्स ने 8 मैच खेले हैं और सिर्फ दो मैच जीतने में कामयाब हुई है। टीम 4 अंक के साथ नौवें स्थान पर है। पंजाब के नियमित कप्तान एक बार फिर चोट के कारण ये मैच नहीं खेल सकेंगे।*




*कोलकाता नाइट राइडर्स (प्लेइंग इलेवन)ः फिलिप साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, दुष्मंथा चमीरा, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले मिचेल स्टार्क ने नेट्स में गेंदबाजी प्रैक्टिस नहीं की है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में उनकी उंगली में चोट लगी थी। हालांकि फ्रेंचाइजी की ओर से उनकी चोट को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।*

*आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने काफी निराश किया है। शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि उनके नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।*

*आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क जारी सीजन में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था। कई मौके पर विकेट निकालने की बजाए वह काफी महंगे साबित हुए हैं।*

*कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन करके दिखाया है, जिसकी बदौलत श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली केकेआर की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है। कोलकाता की टीम चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला हारी है।*

## जसप्रीत बुमराह ने नेट्स में उड़ाए एक के बाद एक छक्के

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुंबई इंडियंस को अपना अगला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 27 अप्रैल को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेलना है। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह नेट्स पर यॉर्कर गेंदबाजी करते हुए नहीं बल्कि एक के बाद एक छक्के लगाते हुए नजर आ रहे हैं।


बुमराह की बैटिंग प्रैक्टिस का वीडियो वायरल हो गया है। आईपीएल 2024 में बुमराह ने आठ मैचों में कुल 32 ओवर गेंदबाजी की है और इस दौरान उन्होंने 6.37 के इकॉनमी रेट से रन खर्चते हुए कुल 13 विकेट चटकाए हैं। आईपीएल 2024 की पर्पल कैप फिलहाल बुमराह के ही पास है। बुमराह गेंद से तो कमाल कर ही रहे हैं, लेकिन लगता है कि अपनी बैटिंग की तैयारी को भी पूरा रखना चाहते हैं। बुमराह की नेट्स पर बैटिंग का वीडियो देखकर फैन्स भी काफी खुश हैं क्योंकि आईपीएल 2024 के तुरंत बाद 2 जून से आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप भी खेला जाना है।




आपको बता दें कि जसप्रीत बुमराह बैटिंग में भी कमाल कर चुके हैं, इतना ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बुमराह के नाम ही दर्ज है। बुमराह ने 2022 में बर्मिंघम टेस्ट में स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में चार चौके और दो छक्के लगाए थे।

बुमराह ने उस ओवर में कुल 29 रन बनाए थे, जो टेस्ट क्रिकेट में एक ओवर में किसी भी बैटर द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। बुमराह ने एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का ब्रायन लारा का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा था।

## दिल्ली कैपिटल्स में अफगानिस्तान के धाकड़ ऑलराउंडर गुलबदीन नायब हुए शामिल




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को मिचेल मार्श के रिप्लेसमेंट का ऐलान किया है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को आईपीएल 2024 के बचे हुए मैच के लिए मिचेल मार्श के स्थान पर अफगानिस्तान के हरफनमौला गुलबदीन नायब को टीम में शामिल किया है। दिल्ली ने गुरुवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इसकी घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मिचेल मार्श हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए थे। वह मेडिकल चेकअप के लिए 12 अप्रैल को पर्थ रवाना हो गए थे। दिल्ली कैपिटल्स ने नायब को उनके आधार मूल्य 50 लाख रुपये में टीम में शामिल किया। नायब ने अफगानिस्तान के लिए 82 वनडे और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। नायब पहली बार आईपीएल में खेलने उतरेंगे। इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ गुलबदीन ने दमदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 193.10 के स्ट्राइक रेट के साथ 112 रन बनाए। नायब ने अफगानिस्तान के लिए 82 वनडे मैच और 65 टी20 मैच खेले हैं। इस सीजन गुलबदीन दिल्ली कैपिटल्स के लिए तीसरे रिप्लेसमेंट बन गए हैं। लुंगी एनगिडी चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले बाहर हो गए थे। हैरी ब्रूक ने व्यक्तिगत कारणों से अपना नाम वापस ले लिया था। इन दोनों की जगह जेक-फ्रेजर मैकगर्क और लिज़ाद विलियम्स को शामिल किया गया था।

# न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को हराया

## 4 रन से मुकाबला जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई, ओरूर्के के तीन विकेट

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान को 4 रन से हराया। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया।

पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाक टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन ही बना पाई।

न्यूजीलैंड के लिए ओपनर टिम रॉबिन्सन (51) ने अर्धशतक लगाया। राइट आर्म पेसर विलियम ओरूर्के ने तीन विकेट लिए। ओरूर्के को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




### रॉबिन्सन ने 51 रन की पारी खेली

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से इसी सीरीज में डेब्यू करने वाले टिम रॉबिन्सन ने 36 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 26 गेंदों पर 34 और टॉम ब्लंडल ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए।

### जमान का अर्धशतक पाक के काम न आया

179 रन के टारगेट का पीछा कर रहे पाकिस्तान ने पावरप्ले के अंदर ही अपने 3 विकेट खो दिए। फखर जमान ने 61 रन की पारी खेली, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

सवाल वर्ल्ड कप का है, जवाब आप दीजिएःकिसे होना चाहिए भारत का ओपनर, कौन होगा ऑलराउंडर; IPL के आधार पर बताएं अपनी राय

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का सिलेक्शन 1 मई से पहले होना है। BCCI ने पहले ही इस टूर्नामेंट के लिए रोहित शर्मा को कप्तान और हार्दिक पंड्या को उप कप्तान घोषित कर दिया है।

अब बाकी 13 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा होनी है। विराट कोहली और रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारियों के सहारे RCB ने सीजन के 41वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) को 35 रन से हराया।

## विराट कोहली, रिंकू सिंह और शिवम दुबे को संजय मांजरेकर की टी20 वर्ल्डकप स्क्वॉड में नहीं मिली जगह



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का क्रेज पूरी दुनिया पर चढ़ा हुआ है, लेकिन इसके साथ ही सबको इस बात का भी इंतजार है कि आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय स्क्वॉड में किसे जगह मिलेगी और कौन लिस्ट से आउट होगा? आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाना है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय स्क्वॉड अगले महीने की शुरुआत में चुनी जानी है। माना जा रहा है कि आईपीएल 2024 में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सीनियर मेंस सिलेक्शन कमिटी की पैनी नजर है और टी20 वर्ल्ड कप के लिए स्क्वॉड चुनते समय सिलेक्टर्स की नजर खिलाड़ियों की मौजूदा फॉर्म पर भी होगी। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए संजय मांजरेकर ने अपनी 15 सदस्यीय स्क्वॉड चुनी है, जिसको लेकर उनको जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

दरअसल संजय मांजरेकर ने 15 सदस्यीय स्क्वॉड में ना विराट कोहली को चुना है और ना ही रिंकू सिंह और ना ही हार्दिक पांड्या को। उनके 15 खिलाड़ियों की लिस्ट में महज छह स्पेशलिस्ट बैटर हैं, जबकि एक ही ऑलराउंडर है। इसके अलावा आठ स्पेशलिस्ट गेंदबाज हैं। संजय मांजरेकर की यह चुनी हुई स्क्वॉड देखकर फैन्स की हंसी नहीं रुक रही है और अगर आप फैन्स के कमेंट्स पढ़ लेंगे तो आपकी भी हंसी नहीं रुकेगी।

## निजी विद्यालयों का डीईओ ने किया निरीक्षण

### पाई कमियां, तो जारी किया शोकाज नोटिस



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय स्थित संचालित अशासकीय भारत ज्योति विद्यालय अनूपपुर, बेथल मिशन स्कूल अनूपपुर, महर्षि विद्यालय अनूपपुर तथा सनवीम विद्यालय अनूपपुर का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षण व्यवस्था, शुल्क में वृद्धि तथा गणवेश तथा पुस्तक आदि का अवलोकन किया गया। जिसमें कमियां पाई गईं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। संबंधित विद्यालयों को 29 अप्रैल 2024 तक अपना स्पष्टीकरण समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नौगवां से सोनियामार्ग पर जोहिला नदी में रपटा निर्माण में शिथिलता बरतने पर निविदाकार को जारी किया गया अंतिम नोटिस

**अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में नौगवां से सोनियामार्ग पर जोहिला नदी में रपटा निर्माण कार्य के निविदाकार अनिल बिल्डकॉन (इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड) को लम्बे समय से कार्य की पूर्णता नही किए जाने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री श्री सुगन्ध प्रताप सिंह ने अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि जवाब संतोषजनक न होने की स्थिति में फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लेख किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों के निविदाकारों द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। जिसके परिप्रेक्ष्य में आरईएस द्वारा नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

## पारुल शर्मा नहीं रहीं आज अंतिम संस्कार



शहडोल! कोठी बिजुरी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं राघव गैस एजेंसी के संचालक अंकुल शर्मा की पत्नी पारुल शर्मा उम्र 34 वर्ष का आकस्मिक निधन गत 25 अप्रेल को टाटा मेमोरियल हास्पिटल बंबई में हो गया है जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे कोठी बिजुरी मे होगा स्वर्गीय पारूल शर्मा छ.ग. पेनड्रा रोड निवासी ज्ञानेन्द्र उपाध्याय की भांजी थी।

## कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितता पाये जाने पर 4 लोक सेवा केन्द्र के संचालकों को 22 हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित करते हुये किया गया जुर्माने से दंडित

**छिन्दवाड़ा।**

छिन्दवाड़ा/कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा म.प्र.लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र छिन्दवाड़ा (नगरीय), छिन्दवाड़ा (ग्रामीण), बिछुआ और मोहखेड़ के निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितता पाये जाने पर संबंधित लोक सेवा केन्द्र के संचालकों को 22 हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित करते हुये जुर्माने से दंडित किया गया है तथा 3 दिवस के भीतर जुर्माने की राशि संबंधित बैंक खाते में जमा कर पावती उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में लोक सेवा केन्द्र के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा । कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान छिन्दवाड़ा (नगरीय) लोक सेवा केन्द में पुरूष कर्मचारी के निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी.एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-डी का उल्लंघन करने पर लोक सेवा केन्द्र संचालक श्रीमती अर्चना गुप्ता को 500 रूपये, छिन्दवाड़ा (ग्रामीण) लोक सेवा कन्द्र में साफ-सफाई, नागरिकों के लिये पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी.एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-डब्ल्यू-8 का उल्लंघन करने और लोक सेवा केन्द्र में आर.एफ.पी. में दिये निर्देशों के अनुसार बायोमेट्रिक अटेंडेंस व बिजली जाने पर जनरेटर/यूपीएस/बैटरी की व्यवस्था नहीं किये जाने और आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-एच का उल्लंघन करने पर लोक सेवा केन्द्र संचालक श्री निलेश कुमार नेमा को क्रमशः 500 रूपये व 5 हजार रूपये, बिछुआ लोक सेवा केन्द्र में बी कैटेगिरी के लिये कम से कम 3 कर्मचारियों की नियुक्ति के स्थान पर सिर्फ 2 कर्मचारी नियुक्त कर आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-बी का उल्लंघन करने, लोक सेवा केन्द्र में साफ-सफाई, नागरिकों के लिये पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी.एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-डब्ल्यू-8 का उल्लंघन करने पर और लोक सेवा केन्द्र में आर.एफ.पी. में दिये निर्देशों के अनुसार बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-ए का उल्लंघन करने पर लोक सेवा केन्द्र संचालक श्री जितेन्द्र काले को क्रमशः 5 हजार रूपये, 500 रूपये व 5 हजार रूपये तथा मोहखेड़ के लोक सेवा केन्द्र में आर.एफ.पी. में दिये निर्देशों के अनुसार बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम नहीं पाये जाने व आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-ए का उल्लंघन पाये जाने और स्वान के अतिरिक्त इंटरनेट कनेक्शन की व्यवस्था नहीं करने व आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-एच का उल्लंघन करने एवं लोक सेवा केन्द्र में साफ-सफाई, नागरिकों के लिये पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी.एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-डब्ल्यू-8 का उल्लंघन करने पर लोक सेवा केन्द्र संचालक श्री वीरेन्द्र कुमार डोले को क्रमशः 5 हजार रूपये व 500 रूपये के जुर्माने से दंडित किया गया है।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराएं: जिला निर्वाचन अधिकारी

## होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल उदयपुरा में 26 अप्रैल को होगा मतदान

**औबेदुल्लागंज।**

औबेदुल्लागंज कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित राजस्व और पुलिस अधिकारियों की जिला स्तरीय वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु की जा रही कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि द्वितीय चरण में होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल उदयपुरा विधानसभा में 26 अप्रैल को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना है। इसके लिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा और लगन से निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करें।

कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि मतदान दलों को 25 अप्रैल को मतदान सामग्री वितरण हेतु की गई तैयारियों का पुनः अवलोकन कर लें। मतदान दलों को सामग्री




वितरण उपरांत सुरक्षा व्यवस्था के साथ वाहन से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने राजस्व और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों के पहुंचने के उपरांत वह भी केन्द्रों का निरीक्षण करें तथा मतदान दलों से संवाद कर व्यवस्थाओं को देखें। कलेक्टर श्री दुबे ने अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्रों पर छायादार बैठक व्यवस्था, पेयजल, हेल्प डेस्क, दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहें। साथ ही मेडिकल किट भी उपलब्ध रहे।

कलेक्टर श्री दुबे ने विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र सांची, सिलवानी और भोजपुर विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से भी 07 मई को मतदान हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, राजस्व और पुलिस अधिकारियों से कहा कि लोकसभा निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियों में तेजी लाई जाए। महिला मतदाताओं को मताधिकार का महत्व समझाते हुए मतदान के लिए प्रेरित करें। पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल द्वारा भी सामग्री वितरण तथा मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्थाएं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वीडियो कॉफ्रेंस में स्वीप नोडल अधिकारी तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया तथा अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार ने भी निर्वाचन तैयारियों के बारे में निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मुकेश सिंह तथा रायसेन एसडीएम श्री पीसी शाक्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी सहित अन्य अधिकारी शामिल हुएं।

## नशे के सौदागरों पर पुलिस का कड़ा प्रहार, जावरा पुलिस ने तीन लाख से ज्यादा अवैध मादक पदार्थ किया जब्त, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रतलाम (इमरान खान)** जिले के जावरा शहर पुलिस को अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपी मादक पदार्थ प्लास्टिक के 06 बोरो मे भरकर ले जा रहे थे। जिनका कुल वजन 120 किलोग्राम कीमती 3,20,000 रूपये है। आरोपियों से एक सफेद रंग की मारूति इको गाडी भी जब्त हुई है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर सुचना के आधार पर रतलाम जिले मे जावरा शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध प्रभारी कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुचना पर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह जादौन के मार्गदर्शन मे उनि.रघुवीर जोशी ने टीम के साथ एनडीपीएस एक्ट के मामले में शनिवार को रतलामी नाका महू नीमच रोड जावरा से आरोपी विनोद पिता जगदीश दांगी जाति बलाई उम्र 30 साल निवासी ग्राम डिगांव माली थाना अफजलपुर जिला मन्दसौर ,मुजफ्फर पिता जाकीर मंसुरी उम्र 21 साल निवासी ग्राम डिगांव माली थाना अफजलपुर जिला मन्दसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी करते हुए पकड़ा है।

गिरफ्तार आरोपियों से काले रंग के प्लास्टिक के 06 बोरो मे भरा मादक पदार्थ डोडाचुरा कुल वजन 120 किलोग्राम कीमती 3,20,000 रूपये, एक सफेद रंग की मारूति इको गाडी पर रजि. नम्बर स्क्ष्क्ष3ङ्ख1848, किमती 5,00,000 रूपये कुल किमती 8 लाख 20 हजार रुपये भी जब्त किए है। उक्त मामले में जावरा पुलिस ने अप.क्रं- 152/2024 धारा- 8/15 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### सराहनीय भुमिका

निरीक्षक जितेन्द्र सिह जादौन, उनि.रघुवीर जोशी , प्रधान आरक्षक जाकीर खान ,प्रधान आरक्षक मृदंग सातपुते , आरक्षक यशवंत जाट , आरक्षक ललित जगावत, आरक्षक सुरेन्द्र पाल सिह , आरक्षक अभय चोहान , आरक्षक सोनपाल, आरक्षक जीवन विश्वकर्मा, , आरक्षक रामप्रसाद मीणा , आरक्षक स्नेहपालसिह , आरक्षक लक्ष्मण नागदा , आरक्षक सवाराम पंवार, आरक्षक देवेन्द्र शर्मा , आरक्षक सांवरिया पाटीदार , सायबर सेल प्रधान आरक्षक मनमोहन शर्मा , आरक्षक विपुल भावसार रतलाम की सराहनीय भुमिका रही है ।

## शोभा यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

*प्राण प्रतिष्ठा समारोह 26 अप्रैल को जैतहरी । मां शारदा देवी मढिया समिति लाइनपार जैतहरी के तत्वाधान में संगीतमय देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है एवं त्रीशक्ति मां शारदा, मां दुर्गा , मां काली एवं मरही माता की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन आगामी 26 अप्रैल को किया जाएगा । 24 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई एवं मंडप प्रवेश पंचांग पूजन किया गया 25 अप्रैल को कर्म कुटी अन्नादिवस , जल दिवस , पुष्पा दिवस नगर भ्रमण एवं शोभा यात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा तुलसी मानस भवन जैतहरी बस्ती से निकल गई जो कि नगर भ्रमण करते हुए मां शारदा मंदिर लाइनपार पहुंची शोभा यात्रा में मां काली नृत्य प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही । शोभा यात्रा में काफी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी । 26 अप्रैल को पूजन स्नान एवं देवी जी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी ।27 अप्रैल को पूजन एवं देवी भागवत कथा प्रारंभ होगा जिसका समापन 3 मइं को होगा । 4 मइ को अग्निवास, हवन प्रारंभ , 5 को पूर्ण होती एवं 6 मइ 2024 को कन्या भोज प्रसाद वितरण भंडारे का आयोजन किया जाएगा मां शारदा देवी मढिया प्रांगण लाइनपार जैतहरी में पंडित विनोद आनंद शास्त्री जी अयोध्या धाम द्वारा संगीत में देवी भागवत महापुराण का वाचन किया जाएगा ।*

## अलीराजपुर से भाजपा पार्टी की प्रत्याशी अनीता चौहान के नामांकन में सीएम डॉ. यादव के सा जगदीश देवड़ा ने सहभागिता की



**रतलाम।**

रतलाम-झाबुआ-आलीराजपुर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती अनीता चौहान जी के नामांकन कार्यक्रम व विशाल जनसभा में माननीय मुख्यमंत्री श्री डॉ.मोहन यादव जी के साथ उपमुख्यमंत्री माननीय श्री जगदीश देवड़ा जी ने सहभागिता की तथा बहन श्रीमती अनीता जी को ऐतिहासिक महाविजय की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की ! जनजातीय संस्कृति को सम्मान देने और जनजातीय गौरव को बढ़ाने की दिशा में भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी सरकार ने जो कार्य किया है वह अभूतपूर्व है इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी, कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान जी, कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया जी व कैबिनेट मंत्री श्री चैतन्य काश्यप जी सहित अन्य वरेण्यजन उपस्थित रहे !

# आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कलेक्टर श्री बाथम की बड़ी कार्रवाई एक साथ 33 आरोपियों को किया जिला बदर

**रतलाम। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराये जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री राजेश बाथम द्वारा आपराधिक तत्वों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर द्वारा एक साथ 33 आरोपियों को जिला बदर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री राहुल लोढ़ा के प्रतिवेदन पर जिले में लोक शांति बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, आपराधिक गतिविधियों को रोकने, हिंसक गतिविधियों को हतोत्साहित करने, क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत जिला दंडाधिकारी द्वारा आरोपियों को जिला बदर किया गया है।**

### इन आरोपियों को किया जिलाबदर

जिन आरोपियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है उनमें थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम के दीपक उर्फ अंडा पिता नंदकिशोर चावला, महावीर पिता पीरुलाल निनामा, थाना माणक चौक रतलाम के ऋतिक खरे पिता सुनील खरे,गोविंद पिता किरण भाटी, संजय पिता फकीरचंद चौधरी थाना दीनदयाल नगर रतलाम के वैभव पिता जगदीश सियाग, निलेश कारा पिता अशोक कारा, राहुल उर्फ बबलू उर्फ बम बैरागी पिता हीरादास बैरागी, जफर उर्फ जफरु पिता हाफिज कुरैशी, अशोक नायक पिता मांगीलाल नायक, थाना पिपलोदा के देवेंद्र पिता लक्ष्मण सिंह, चंदन सिंह पिता भोपाल सिंह राजपूत, हेमराज पिता धन्नाजी खराड़ी, नारायण पिता रणछोड़, थाना नामली के लोकेंद्र सिंह पिता डूंगर सिंह सिसोदिया, श्रीपाल सिंह पिता रतन सिंह सिसोदिया, नरेंद्र सिंह उर्फ सोनू पिता सुरेंद्र सिंह सिसोदिया थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा के सरदार पिता रईस हम्माल, बंटी उर्फ महिपाल सिंह पिता रतन सिंह राजपूत, सोनू उर्फ सोहराब पिता रुस्तम खा मेव, थाना सैलाना के अभिषेक उर्फ बाबा पिता लक्ष्मण चौहान, संतोष पिता राजू चंदेल, विशाल पिता मोहनलाल त्रिवेदी, थाना ताल के कांतिलाल उर्फ कांतू पिता लक्ष्मण वर्मा, राजू उर्फ छर्रा उर्फ राजीव पिता कारूलाल धोबी, थाना आलोट के रामप्रसाद पिता भुवान, संजय उर्फ संजय पिता जगदीश जोशी, थाना बिलपांक के भेरू सिंह पिता बलवंत भाटी, थाना रावटी के मांगू उर्फ मांगीलाल पिता कम्माजी, थाना जावरा शहर के बाबर उर्फ भूरा पिता इरफान, थाना बरखेड़ा कला के श्रवण सिंह पिता कान सिंह शामिल है। इसके अलावा थाना दीनदयाल नगर रतलाम के प्रदीप पिता पूनमचंद्र नायक को 1 वर्ष के लिए तथा थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम के पियूष उर्फ लवनीश पिता सुनील वर्मा को 3 माह के लिए जिला बदर। किया गया है।

## रायसेन में नगर पालिका परिषद द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता बाईक रैली

**रायसेन।**

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अधिकाधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रायसेन में नगर पालिका परिषद द्वारा बाईक रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय परिसर से एसडीएम श्री पीसी शाक्या द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह बाईक रैली नगर के मुख्य मार्गो तथा वार्डो में पहुंची तथा तथा इसके उपरांत सागर तिराहे पर समापन हुआ। बाईक रैली के समापन



अवसर पर सभी को आगामी 07 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। रैली में सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

## स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में कराएं : कलेक्टर

### सभी अधिकारी शासकीय कार्य में सजग एवं सक्रिय रहेः कलेक्टर



अनूपपुर । कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने निर्देश दिए है कि जिले में स्वीकृत निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्तायुक्त कराए जिससे समय पर नागरिकों को निर्माण कार्यों का लाभ प्राप्त हो सके । उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के कार्य एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें । मनरेगा फंड सहित अन्य योजनाओं की राशि का सदुपयोग करते हुए लोगों की जिन्दगी को आसान बनाने का कार्य किया जाए । सड़कों की गुणवत्ता के लिए निरंतर निगरानी रखी जाए । इसके लिए सजग और सक्रिय रहें । कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे ।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर श्री महिपाल सिंह गुर्जर सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी सहायक यंत्री, उप यंत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में गम्भीरता बरतें, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें । प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, अमृत सरोवर निर्माण, प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास, खेत तालाब, लघु तालाब, सुदूर संपर्क सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अमले से जानकारी ली । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है, इसलिए इनके लिए स्वीकृत किए गए आवासों के निर्माण को गम्भीरता से लें ।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लिया स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा




**छिन्दवाड़ा।**

छिन्दवाड़ा/लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान के बाद छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनें शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में तीन लेयर की कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीले-?द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री खत्री द्वारा आज भी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के.सी.बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, और पुलिस के अधिकारियों के साथ शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा पहुंचकर विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूमों और पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# नकुल-कमलनाथ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को दी हार्दिक शुभकामनायें

### अभिभावकों व शिक्षकों को दी ढेरों बधाई

**छिन्दवाड़ा।**

छिन्दवाड़ाः- मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड कक्षाओं के घोषित हुये परिणामों में जिले के होनहार छात्र-छात्राओं ने अपने जिले, स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ ने कक्षा बारहवीं की प्रदेश स्तरीय टॉप 10 सूची में जगह बनाने वाले पांच मेधावी विद्यार्थी प्रथम पिता अमित सोनी, दीपाली पिता सुनील वर्मा, शिवम पिता रामकुमार सनोडिया, तनुश्री पिता दुर्गेश शिवा एवं पाखी पिता मितुल चौहान एवं कक्षा दसवीं की मैरिट सूची में सम्मिलित शितिज पिता प्रमोद गढ़ेवाल, मेघा पिता धनराज बैंगने, पूनम पिता अशोक पांडे एवं धार्मिक पिता योगेश सोलंकी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की साथ ही बच्चों के पथ प्रदर्शक अभिभावकों व गुणी शिक्षकगणों को भी ढेरों बधाई प्रेषित की है।

प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में सफलता प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई दी साथ ही किन्हीं कारणों से अपेक्षाकृत परिणाम प्राप्त करने में सफल नहीं हुये छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुये कहा कि परीक्षा परिणाम से भविष्य का निर्धारण नहीं होता है इसलिये पुनः पूर्ण लगन के साथ मेहनत करें ताकि अगली दफा सार्थक व संतोषजनक परिणाम प्राप्त हों।

सांसद नकुलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि समस्त छात्र-छात्राओं ने अपने जिले व संस्था का नाम गौरवान्वित किया है इसके लिये सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने सभी को उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी साथ ही कम अंक अर्जित करने व असफल विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिये प्रेरित करने हेतु उनके अभिभावकों से अपील की है।


## मतगणना संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिये नोडल

### अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी और प्रभारी अधिकारी नियुक्त

छिन्दवाड़ा/ लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आगामी 4 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में मतगणना प्रारंभ होगी । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा मतगणना संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिये अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी छिन्दवाड़ा के.सी.बोपचे व अपर कलेक्टर पांढुर्णा नीलमणि अग्निहोत्री को नोडल अधिकारी और संयुक्त कलेक्टर छिन्दवाड़ा श्रीमती ज्योति ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है । साथ ही 40 अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुये उन्हें कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, परिवहन, गणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों व माइक्रो ऑब्जर्बर के नियुक्ति आदेश, बेरिकेटिंग, मार्गनिर्धारण, निर्बाध इंटरनेट व नेटवर्क, कम्प्यूटर व अन्य उपकरण, प्रशिक्षण, मतगणना सामग्री, प्रेक्षकगणों की आवश्यक व्यवस्था, पेयजल, मीडियाकर्मियों के परिचय पत्र, बैठक व अन्य व्यवस्था, स्वल्प आहार व भोजन, आकस्मिक चिकित्सा व चिकित्सकों की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, डाक मतपत्रों की मतगणना, ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों की सीलिंग, पृथक-पृथक रंगों की जैकेट की व्यवस्था, मतगणना परिणामों की उद्घोषणा आदि विभिन्न दायित्व सौंपे गये

## पत्रकार राजेश जैन को मातृशोक

परिहार गर्जना न्यूज । बीना (सागर) बीना की जाने-माने पत्रकार साथी भाई राजेश जैन की पूज्यनीय माता श्रीमती चंद्रप्रभा जैन जी आकस्मिक निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार नई बस्ती मुक्तिधाम में हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में अनेक पत्रकार गण समाज सेवी एवं नेतागण शामिल हुए सभी ने शोक-संतप्त परिवार को 2 मिनट का मोन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की । इस दुखद अवसर पर दैनिक परिहार गर्जना परिवार शोक व्यक्त करते हुये दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने ईश्वर से प्रार्थना करता है ।






# कंगना रणौत से हुए ब्रेकअप के सवाल पर अध्ययन सुमन ने दी प्रतिक्रिया

**मशहूर अभिनेत्री कंगना रणौत लगातार चर्चाओं में बनी रहती हैं। अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर अभिनेत्री का विवादों से गहरा नाता रहा है। हाल ही में उन्होंने राजनीति में कदम रखा है। वे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरी हैं। एक बार फिर से उनका नाम चर्चा में है और इस बार वजह है उनके पूर्व प्रेमी अध्ययन सुमन। एक इंटरव्यू में अध्ययन ने कंगना से संबंधित पूछे गए सवाल पर जवाब दिया है।**

कंगना और अध्ययन सुमन साल 2008-2009 के दौरान कुछ महीनों के लिए प्रेम संबंध में थे। हालांकि, दोनों का रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं टिका। इस रिश्ते का अंत बहुत बुरे तरीके से हुआ। इसके बाद अध्ययन ने कंगना पर कई आरोप भी लगाए थे। एक ताजा इंटरव्यू में हीरामंडी अभिनेता ने कहा, जिंदगी काफी बदल चुकी है। अब मैं 36 का हो चुका हूं। कंगना और उनके ब्रेकअप को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, आप जिस इंसान के बारे में पूछ रहे हो मैं उनके बारे में कोई बात नहीं करना चाहता, क्योंकि मैं वो सब भूल चुका हूं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा, आप पूछ रहे हो इसलिए मैं जवाब दे रहा हूं, लेकिन मैं इन बातों को कब का भूला चुका हूं। जिंदगी काफी आगे बढ़ चुकी है। मैं तब 20 का था और अभी 36 साल का हूं। अध्ययन सुमन एक बार फिर से ओटीटी पर छाने के लिए तैयार हैं। वह मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी ओटीटी सीरीज हीरामंडी में नजर आने वाले हैं। करीब 200 करोड़ में बनी इस सीरीज में कई अन्य बड़े कलाकार भी दिखने वाले हैं। ऋचा चड्ढा, सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोईराला, संजीदा शेख, अदिति राव हैदरी, शेखर सुमन और फरदीन खान जैसे कलाकार भी इसमें नजर आएंगे। 1 मई से यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी।

# करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बने आयुष्मान खुराना!



आयुष्मान खुराना बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेताओं में से एक हैं। आयुष्मान ने अपने करियर में विकी डोनर, ड्रीम गर्ल और आर्टिकल 15 जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। अब, एक ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आयुष्मान, करण जौहर की आगामी जासूसी फिल्म में अभिनय करेंगे। अभिनेता करण जौहर के नेतृत्व वाले धर्मा प्रोडक्शन के साथ अपने पहले प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान और करण दोनों एक फिल्म के लिए साथ आएंगे। आयुष्मान खुराना, करण जौहर के प्रोडक्शन के साथ एक नई सिनेमाई यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं। ड्रीम गर्ल 2 की सफलता के बाद अभिनेता की आगामी फिल्म, प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस और प्रशंसित निर्माता गुनीत मोंगा के साथ उनके सहयोग को चिह्नित करेगी। आकाश कौशिक द्वारा निर्देशित, बिना टाइटल वाली यह फिल्म जासूसी और कॉमेडी का डबल डोज देने का वादा करती है। फिल्म को लेकर एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है, करण और गुनीत इस विषय को लेकर बहुत उत्साहित हैं क्योंकि फिल्म में जबरदस्त कॉमेडी के साथ रोमांच और एक्शन है। साथ ही करण, गुनीत और आकाश की तिकड़ी को लगता है कि आयुष्मान खुराना इस किरदार में फिट बैठते हैं।



# इलियाना ने बताई फिल्मों से दूर रहने की वजह

अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी की है। इस साल मार्च महीने में आई फिल्म तेरा क्या होगा लवली के जरिए उनके फैंस का उन्हें पर्दे पर देखने का इंतजार खत्म हुआ था। अब उनकी एक और नई फिल्म दो और दो प्यार रिलीज हो चुकी है। इलियाना ने हाल ही में फिल्मों से ब्रेक लेने को लेकर बातचीत की है। इलियाना डिक्रूज ने प्रेग्नेंट होने के चलते अभिनय से किनारा कर लिया था। एक साक्षात्कार में इलियाना ने बताया कि उन्होंने सोच-समझकर यह फैसला नहीं लिया था। उन्होंने बताया कि फिल्म दो और दो प्यार साल 2021 में शूट हुई थी, लेकिन यह अब रिलीज हुई है। उन्होंने कहा कि साल 2020 में आई कोरोना महामारी के चलते सारा काम काज रुक गया था।

## इलियाना खुश है कि लोग काम की तारीफ कर रहे हैं

बड़े पर्दे से दूर रहने के दौरान उन्होंने ओटीटी पर भी काम किया था। साल 2021 में वह फिल्म द बिग बुल में नजर आई थी। उन्होंने बताया कि साल 2022 में उन्होंने एक वेब सीरीज की शूटिंग की थी, लेकिन गर्भवती होने के चलते उन्हें ब्रेक लेना पड़ा। इलियाना ने बताया कि गर्भवती होने से पहले उन्होंने कभी भी ब्रेक लेने का कोई फैसला नहीं लिया था। अब वापसी के बाद उन्हें इस बात की खुशी है कि दर्शक उनके काम की सराहना कर रहे हैं।

## दो और दो प्यार में ज्यादा फिट होने की नहीं थी मांग

इलियाना ने बताया कि फिल्म दो और दो प्यार में काम करने के लिए वह इसलिए राजी हुई थी, क्योंकि उनके किरदार के लिए ज्यादा फिट होने की मांग नहीं थी। फिल्म का ऑफर मिलते ही उन्होंने हां कह दिया था। इलियाना ने फिल्म की निर्देशक से भी फिटनेस को लेकर बात की थी। उन्होंने डायरेक्टर से कहा था कि वह फिलहाल पतली नहीं हैं और अगर फिल्म में ऐसी लड़की की जरूरत है तो वह ऐसा हो पाने की हालत में नहीं है। इस पर निर्देशक शीर्षा गुहा ठाकुरता ने उन्हें कहा था कि वह जैसी हैं वैसी ही खूबसूरत है।



# बॉलीवुड में जलवा बिखेरेंगी राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा

बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा संतोषी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि तनीषा जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तनीषा किसी बड़े बॉलीवुड स्टार के साथ काम करने जा रही हैं। आइए आपको बताते हैं कि आखिर तनीषा को बॉलीवुड में कौन लॉन्च करने जा रहा है। तनीषा संतोषी निर्देशक राजकुमार संतोषी की लाडली बेटी हैं। जल्द ही तनीषा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तनीषा एक रोमांटिक कॉमेडी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो तनीषा के अपोजिट किसी बड़े स्टार को साइन करने की बात चल रही है। तनीषा की इस फिल्म का निर्माण किसी और ने नहीं बल्कि विशाल राणा ने किया है।


## उत्साहित हैं तनीषा

राजकुमार संतोषी पिछले कुछ दिनों से अपनी आगामी फिल्म लाहौर 1947 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सनी देओल और प्रीति जिंटा एक साथ नजर आने वाले हैं। वहीं अब खबर आ रही है कि उनकी बेटी तनीषा भी बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने को तैयार हैं। हालांकि अभी इस पर राजकुमार संतोषी ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

## तनीषा आई थीं रणबीर के साथ नजर

तनीषा संतोषी पिछले महीने रणबीर कपूर के साथ एक विज्ञापन में काम करती नजर आई थीं। तनीषा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा था, पिछले पंद्रह साल से मैं आपको पसंद करती आई हूं। मुझे याद है आपको पहली बार मैंने अजब प्रेम की गजब कहानी की सेट पर देखा था और तब से अब तक आपके हर काम को पसंद करती आई हूं। आज आपके साथ इस विज्ञापन में काम करके मुझे काफी अच्छा लग रहा है।

# आईमैक्स प्रारूप में होगी रजनीकांत की फिल्म कुली की शूटिंग!



**रजनीकांत की गिनती तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में होती है। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। वे जल्द ही टीजे ग्नानवेल के निर्देशन में बन रही फिल्म वेट्टैयन में दिखाई देंगे। यह फिल्म इस अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा फैंस के मन में लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनने जा रही फिल्म को लेकर भी काफी ज्यादा उत्सुकता है।**

## आईमैक्स प्रारूप में होगी शूटिंग

हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म के नाम की घोषणा की थी। रजनीकांत की इस फिल्म का नाम कुली रखा गया है। शीर्षक की झलक सामने आने के बाद से ही फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। नवीनतम मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो कुली को 50 फीसदी से 70 फीसदी तक आईमैक्स प्रारूप में शूट किया जाएगा।

## अनिरुद्ध रविचंदर का होगा संगीत

इन रिपोर्ट्स के दावे अगर सच साबित होते हैं तो इस प्रारूप में शूट होने वाली यह लोकेश कनगराज की दूसरी फिल्म होगी। हालांकि, निर्माताओं की ओर से इसको लेकर अभी कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। कुली का निर्माण सन पिक्चर्स की ओर से किया जा रहा है। फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। इससे पहले वे जेलर में अपनी धुनों से लोगों को दीवाना बना चुके हैं।

## जेलर में दिखा था रजनीकांत का जलवा

वर्क फ्रंट की बात करें तो रजनीकांत को बड़े पर्दे पर पिछली बार लाल सलाम में देखा गया था। फिल्म में वे विस्तृत कैमियो रोल में थे। इसका निर्देशन उनकी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी। इस फिल्म से पहले वे जेलर में दिखे थे, जिसने टिकट खिड़की पर जबरदस्त कमाई की थी।

# तंजानिया में बेटे तैमूर के साथ वेकेशन मना रही हैं करीना



बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी फिल्म क्रू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म क्रू में एयरहोस्टेज जैस्मीन की दमदार भूमिका ने लोगों का दिल जीत लिया। इस फिल्म ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। फिल्म की सफलता के बाद बेबो अपने बेटे तैमूर के साथ छुट्टियां मनाने तंजानिया गई हैं। लेकिन इस वेकेशन पर बेबो अपने छोटे बेटे जेह और पति सैफ अली खान को साथ नहीं ले गई है। लगता है बेबो तैमूर के साथ ज्यादा क्वालिटी टाइम बिताना चाहती हैं। करीना ने कुछ ही घंटों पहले अपनी और बड़े बेटे तैमूर की कुछ लाजवाब तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन सभी फोटोज में मां-बेटे की लाजवाब बॉन्डिंग साफ नजर आ रही है। इन फोटोज में करीना अपने बेटे के साथ सवाना की शानदार सफारी का मजा लेते दिख रही है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस वेकेशन पर सैफ अली खान और उनका छोटा बेटा जेह अली खान भी गए है। लेकिन करीना ने आज सोशल मीडिया पर अपनी और तैमूर की फोटो ही अपलोड की हैं। दरअसल, सैफ और करीना अपने दोनों बेटों के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहते थे। इसलिए इन दोनों ने मिलकर ये ट्रीप बनाई। 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म क्रू में दर्शकों को दमदार कॉमेडी देखने को मिली। करीना की इस फिल्म की सफलता के बाद फैंस उनकी फिल्म सिंघम अगेन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# तारीफ करें या न करें? एनिमल देखकर निर्णय नहीं ले पा रहे विशाल

**पिछले साल रिलीज हुई निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की थी। इस फिल्म को लेकर मिले-जुले रिएक्शन आए थे। किसी को ये फिल्म बहुत ज्यादा पसंद आई थी तो किसी को इसके कुछ संवादों और दृश्यों से गंभीर आपत्ति थी। अब इस फिल्म को लेकर जाने-माने निर्देशक और संगीतकार विशाल भारद्वाज ने भी अपनी राय सामने रखी है। आइए जानते हैं एनिमल पर बोले विशाल**

रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म एनिमल को लोगों ने महिला विरोधी फिल्म करार दिया था। अब विशाल भारद्वाज ने भी फिल्म पर बात की और कहा कि उन्हें फिल्म मनोरंजक भी लगी और घृणा भी हुई। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, मैं फिल्म को लेकर अब तक एक निर्णय पर नहीं पहुंचा हूं। मुझे फिल्म मनोरंजक भी लगी और इससे नफरत भी हुई। विशाल ने बताया कि समय के साथ दर्शकों की पसंद बदली है। एनिमल की इतनी बड़ी सफलता बताती है कि इस तरह की फिल्मों की भी पर्याप्त मांग है। विशाल कमीने, हैदर और ओमकारा आदि फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

## संजय गुप्ता भी कर चुके हैं तारीफ

कुछ वक्त पहले फिल्म निर्माता संजय गुप्ता ने भी अपने एक्स अकाउंट पर एनिमल को लेकर एक पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने दूसरी बार एनिमल देखी है। यह फिल्म उन्हें पहली बार से भी ज्यादा पसंद आई है। उन्होंने निर्देशक संदीप रेड्डी के निर्देशन और रणबीर कपूर के अभिनय की भी तारीफ की। संजय ने अपनी पोस्ट में लिखा,संदीप रेड्डी के निर्देशन और रणबीर कपूर की अदाकारी पूरी फिल्म का सबसे मजबूत पहलू है। फिल्म की कहानी के साथ हर सीन को सर्वश्रेष्ठ बनाया गया है। काफी मेहनत और और दृढ़ता के साथ यह फिल्म बनाई गई है। संजय अपनी कांटे और काबिल जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर की बंपर कमाई

पिता और पुत्र के रिश्ते पर बनी एक्शन से भरपूर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर बवाल काटा। यह फिल्म भारतीय सिनेमा इतिहास की सबसे लंबी फिल्मों में से एक थी। फिल्म की पूरी अवधि 3 घंटे और 21 मिनट थी। एनिमल का संगीत भी लोगों को खूब पसंद आया। सतरंगा, पहले भी मैं, अर्जन वैली और पापा मेरी जान समेत सभी गाने खूब हिट रहे।

संक्षिप्त समाचार

## भारतीय आईटी क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में कमी : क्रिसिल




**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में नरमी देखी जा रही है। एक घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को कहा कि यूरोप और अमेरिका में प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई है, जिसके कारण घरेलू आईटी सेवा कंपनियों का राजस्व में वृद्धि में नरमी है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह क्षेत्र 5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस उद्योग का कुल आकार 250 अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया है और यह 50 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है। क्रिसिल के निदेशक आदित्य झावर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भी प्रौद्योगिकी खर्च में नरमी जारी रहेगी, जिससे आईटी सेवा प्रदाताओं की राजस्व वृद्धि पर असर पड़ेगा। हालांकि, उद्योग का परिचालन लाभ मार्जिन 22-23 प्रतिशत पर स्थिर रहेगा। इसका श्रेय कर्मचारी लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन को दिया जा सकता है। एजेंसी ने कहा कि उच्च ब्याज दरों और ग्राहक बाजारों में आर्थिक नरमी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई), खुदरा, प्रौद्योगिकी और संचार क्षेत्रों में कंपनियों के प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई। झावर ने कहा कि बीएफएसआई और खुदरा क्षेत्रों से राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 4-5 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ेगा।

## एफपीओ के बाद बाजार में हुई शेयरों की लिस्टिंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफपीओ के बाद टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के इक्विटी शेयरों की गुरुवार शेयर बाजार में लिस्टिंग हो गई। कंपनी के एफपीओ को को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, और इन्हें करीब गुना अधिक सब्सक्राइब किया गया था। हालांकि बाजार में शेयरों की लिस्टिंग 10त्न के डिस्काउंट के साथ हुई है। एफपीओ के पहले कंपनी के 5012 करोड़ शेयर लिस्टेड थे। गुरुवार को एफपीओ के बाद कंपनी के 1636 करोड़ नए शेयर लिस्ट हुए हैं। एफपीओ के बाद अब कंपनी के कुल 6648 करोड़ शेयर बाजार लिस्टेड हैं। एनएसई पर एफपीओ के बाद वोडाफोन आइडिया के इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग के बाद आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, वोडाफोन-आइडिया की इस मुकाम तक की यात्रा में सरकार का पथप्रदर्शक सुधार पैकेज महत्वपूर्ण साबित हुआ है। इसने पूरे सेक्टर को बदल दिया है। बिड़ला ने कहा, मैं पीएम मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को उनके नेतृत्व और तुलनात्मक रूप से तीन-खिलाड़ियों वाले बाजार को संरक्षित करने के लिए उनकी स्पष्ट प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूं।

# सिंगापुर-हांगकांग को भेजे जाने वाले मसालों का होगा परीक्षण, मसाला बोर्ड ने वापस बुलाई खेप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमडीएच, एवरेस्ट उत्पादों पर प्रतिबंध के मामले में मसाला बोर्ड सिंगापुर, हांगकांग को भेजे जाने वाले माल के अनिवार्य परीक्षण पर विचार कर रहा है




एमडीएच और एवरेस्ट जैसे भारतीय ब्रांड के मसालों को गुणवत्ता संबंधी परेशानियों के कारण सिंगापुर और हांगकांग में प्रतिबंध का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में मसाला बोर्ड ने बुधवार को कहा कि वह इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली ऐसी खेपों का परीक्षण शुरू करेगा। बोर्ड ने यह भी कहा कि वह मूल कारण का पता लगाने और सुधार के उपाय सुझाने के लिए उन निर्यातकों के साथ काम कर रहा है, जिनकी खेप वापस बुला ली गई है। इसके साथ ही नियामक मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्यातक सुविधाओं पर गहन निरीक्षण चल रहा है। मसाला बोर्ड द्वारा सिंगापुर और हांगकांग के लिए जाने वाली मसाला खेपों का अनिवार्य परीक्षण शुरू करने के लिए सिस्टम तैयार किया है। बताया गया है कि बोर्ड उन निर्यातकों के साथ काम कर रहा है जिनकी खेप वापस बुला ली गई है। इस तरह समस्या के मूल कारणों का पता लगाया जा सकेगा। बोर्ड द्वारा इन मसालों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाया जा रहा है। बताया गया है कि खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखते हुए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दुनिया के सबसे बड़े मसालों के उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत द्वारा पहले ही सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से विवरण मांगा गया है। बता दें कि सिंगापुर और हांगकांग द्वारा गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने सिंगापुर और हांगकांग स्थित भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है।

## सेजल ग्लास लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 की कुल आय में 253 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** सेजल ग्लास लिमिटेड एक अग्रणी आर्किटेक्चरल ग्लास निर्माता, ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के ऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए सेजल ग्लास लिमिटेड के प्रमोटर, श्री अमृत गड़ा ने कहा , हम टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यूहात्मक निवेश द्वारा चालित वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के अपवादात्मक परिणामों की घोषणा कर रोमांचित है. हमारे मजबूत ग्राहक आधार के अलावा हमारी ग्रोथ और इनोवेशन के प्रति दृढ प्रतिबद्धता बाजार की विभिन्न जरूरत को पूरा करते हुए एवरीथिंग इन ग्लास प्रदान करने के लिए हमें गो-टू प्रोवाइड के रूप में स्थापित करती है. वर्ष के दौरान मेसर्स सेजल ग्लास एंड ग्लास मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स एलएलसी, यूएई में 99.01 प्रतिशत हिस्से का अधिग्रहण ना सिर्फ हमारी ग्लोबल उपस्थित बढ़ता है

## डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीपी कानूनगो की सेवानिवृत्ति के बाद मई 2021 में शंकर को डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। उससे पहले वे आरबीआई के कार्यकारी निदेशकों में से एक थे। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, केंद्र सरकार ने 03 मई, 2024 से एक वर्ष के लिए टी रबी शंकर को भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में फिर से नियुक्त किया है। बीपी कानूनगो की सेवानिवृत्ति के बाद मई 2021 में शंकर को डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। उससे पहले वे आरबीआई के कार्यकारी निदेशकों में से एक थे। विनिमय दर प्रबंधन, आरक्षित पोर्टफोलियो प्रबंधन, सार्वजनिक ऋण प्रबंधन, मौद्रिक संचालन और विकास, वित्तीय बाजारों का विनियमन और निगरानी, भुगतान प्रणाली और आईटी बुनियादी ढांचे में उनकी विशेषज्ञता है। टी रबी शंकर ने 2005-11 तक सरकारी बांड बाजार और ऋण प्रबंधन के विकास पर आईएमएफ सलाहकार के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने विभिन्न विशेषज्ञ समितियों और कार्य समूहों के अलावा बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आरबीआई का प्रतिनिधित्व किया है।

## टेसला भारत में जल्द लगा सकती है कारखाना, मैक्सिको में भी बराबर कीमत वाली इलेक्ट्रिक कार बनाने की योजना


**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली प्रमुख अमेरिकी कंपनी टेस्ला जल्द ही भारत में अपना कारखाना स्थापित कर सकती है। कंपनी ने भारत और मैक्सिको में 25,000 डॉलर कीमत वाली अपनी किफायती इलेक्ट्रिक कार बनाने की योजना बनाई है जो 2025 में अथवा उसके बाद कभी भी साकार हो सकती है। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने घोषणा की है कि कंपनी नए कारखानों में निवेश करने से पहले नए एवं किफायती मॉडलों का उत्पादन अपने मौजूदा कारखानों में करेगी ताकि उनकी पूरी क्षमता का उपयोग किया जा सके। कंपनी अमेरिका के टैक्सस एवं फ्रेमोंट, जर्मनी के बर्लिन और चीन के शांघाई में अपने कारखानों का संचालन करती है। टेस्ला कैलेंडर वर्ष 2023 के अंत तक सालाना 18 लाख वाहनों का उत्पादन कर रही थी। मगर उसकी वैश्विक उत्पादन क्षमता सालाना 30 लाख वाहनों की है। मस्क ने मंगलवार को निवेशकों से बातचीत में कहा कि कंपनी को उत्पादन में 2023 के मुकाबले 50 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है। इसका मतलब साफ है कि 2024 के अंत तक वह अपनी अधिकांश क्षमता का उपयोग करेगी।




यह समय-सीमा सरकार की नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति के बिल्कुल अनुरूप है। इसके तहत भारत में तीन साल के भीतर विनिर्माण कारखाना स्थापित करना अनिवार्य है जिसे 2027 तक बढ़ाया जा सकता है। यह टेस्ला की उस रणनीति के भी अनुरूप है जिसके तहत उसने 2025 के मध्य से नए मॉडलों को बाजार में उतारने की घोषणा की है। मस्क ने निवेशकों से बातचीत में कहा कि नए वाहनों में अधिक किफायती मॉडल भी शामिल हैं।

## सोने के वायदा भाव गिरकर 71 हजार रुपए से नीचे, चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार की तेजी के बाद सोने चांदी के वायदा भाव में आज नरमी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 70,650 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,700 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।



### सोने के वायदा भाव सुस्त

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 272 रुपए की गिरावट के साथ 70,778 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 386 रुपए की गिरावट के साथ 70,664 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 70,778 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 70,650 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 73,958 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

MCX पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 174 रुपए की गिरावट के साथ 82,060 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 527 रुपए की गिरावट के साथ 81,707 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 82,060 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 81,501 रुपए के भाव निचला स्तर छू लिया। इस महीने चांदी के वायदा ने 86,126 रुपए किलो के भाव पर उच्चतम स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज सुस्ती के साथ हुई। Come& पर सोना 2,327.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,338.40 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 7.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2,331.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। Come& पर चांदी के वायदा भाव 27.18 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 27.34 डॉलर था।

## भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़ा : यूएनसीटीएडी रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यूएनसीटीएडी की एक रिपोर्ट के अनुसार,भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य शामिल हैं। यूएनसीटीएडी त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया, मौजूदा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वैश्विक सेवा निर्यात 2023 में 7900 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया। इसमें कहा गया कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में प्रमुख निर्यातकों में भारत, चीन, सिंगापुर, तुर्किये, थाईलैंड, मैक्सिको और सऊदी अरब शामिल हैं। हालांकि, भारत का सेवा आयात पिछले साल 0.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। भारत के सेवा निर्यात पर टिप्पणी करते हुए एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि आईटी तथा आईटी-सक्षम सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है।

## एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में पूरे भारत में 2 लाख से अधिक नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं में बारे में जागरूक किया

### बैंक ने पूरे भारत में 16,600 से अधिक साइबर धोखाधड़ी जागरूकता वर्कशॉप्स आयोजित कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक, ने अपने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान में पूरे भारत में सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की एक पूरी सीरीज़ का आयोजन किया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर 16,600 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की और इनमें 2,00,224 से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया।



इन कार्यशालाओं का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई जिससे वे भविष्य में अपने आप को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचाने में सक्षम होंगे। कार्यशालाओं में वास्तविक और रोजमर्रा के जीवन के उदाहरण, कहानियां और वीडियो शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीकों को समझने में मदद मिली और इस तरह की धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के टिप्स भी मिले। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है। इस पूरे अभियान के बारे में बात करते हुए श्री मनीष अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट-क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल - एचडीएफसी बैंक ने कहा कि साइबर अपराध व्यक्तियों और संगठनों के लिए समान रूप से एक गंभीर खतरा है। जागरूकता की कमी के कारण लोग ऐसे साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए, सभी आम लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना आवश्यक है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा किसी के साथ साझा न करें या नॉन-वेरिफाई लिंक पर क्लिक न करें। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तौर-तरीकों और सुरक्षित बैंकिंग प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करना है जिनका उन्हें पालन करने की आवश्यकता है ताकि वे इस तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार न बनें।

## बाइडेन ने कैपिटल गेन टैक्स में 45 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का रखा प्रस्ताव, 1922 के बाद से सबसे अधिक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शताब्दी के सबसे अधिक कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। इसके अनुसार बाइडेन ने कैपिटल गेन टैक्स लगभग 44.6 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जो 1922 के बाद से सबसे अधिक है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, आय संतुलन बनाने के लिए पूंजीगत लाभ कर वाले इस प्रस्ताव को 2025 वित्तीय वर्ष के लिए बाइडेन के बजट प्रस्ताव में जोड़ा गया है। प्रशासन के वित्तीय वर्ष 2025 के राजस्व प्रस्तावों के फुटनोट में इसे खास तौर पर इंगित किया गया है।



बाइडेन के इस फैसले को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जैसे नेताओं द्वारा टैक्स में बढ़ोतरी की वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा का माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य बढ़ते राष्ट्रीय कर्ज से निपटना है। हालांकि आलोचकों ने चेतावनी दी है कि इसका उल्टा असर हो सकता है। अमेरिका के राजस्व प्रस्तावों में शामिल एक अलग प्रस्ताव में सबसे पहले सामान्य दर को बढ़ाकर 39.6 प्रतिशत करने का फैसला शामिल है ।

इसी तरह एक अन्य प्रस्ताव में नेट इनकम टैक्स को 1.2 प्रतिशत बढ़ाकर 400,000 करने की भी योजना है। ये प्रस्ताव लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन और योग्य लाभांश पर शीर्ष सीमांत दर को 44.6 प्रतिशत तक बढ़ा देंगे। एक अन्य प्रस्ताव में करदाताओं के लिए लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन और योग्य लाभांश दरों को 37त्न तक बढ़ाने की योजना शामिल है।

# भारतपे ने भारतपे वन लॉन्च किया

### भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट डिवाइस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिनटेक उद्योग में भारत के अग्रणी भारतपे ने आज भारतपे वन के लॉन्च की घोषणा की, जो भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट उत्पाद है जो पीओएस, क्यूआर और स्पीकर को एक डिवाइस में इंटीग्रेट करता है। यह नया उत्पाद व्यापारियों के लिए लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो डेबिट और क्रेडिट कार्ड की एक विस्तृत श्रृंखला में गतिशील और स्थिर क्यूआर कोड, टैप-एंड-पे और पारंपरिक कार्ड भुगतान विकल्पों सहित बहुमुखी पेमेंट स्वीकृति विकल्प प्रदान करता है। कंपनी की योजना पहले चरण में 100+ शहरों में उत्पाद लॉन्च करने की है। अगले 6 महीनों के दौरान इसे 450+ शहरों तक बढ़ाया जाएगा।

रियल टाइम लेनदेन अपडेट और तुरंत वॉयस भुगतान पुष्टि के साथ, भारतपे वन खुदरा दुकानों पर भुगतान अनुभव को अगले स्तर पर ले जाएगा। यह व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए एक आसान और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करता है। हाई-डेफिनिशन टचस्क्रीन डिस्प्ले, 4जी और वाई-फाई कनेक्टिविटी से लैस और नवीनतम एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा संचालित, भारतपे वन बेहतर प्रदर्शन और सुरक्षा प्रदान करता है। यूजर्स के अनुकूल इंटरफेस, पोर्टेबल डिज़ाइन और व्यापक लेनदेन डैशबोर्ड के साथ, भारतपे वन ऑफ़लाइन व्यापारियों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करता है।




भारतपे के सीईओ नलिन नेगी ने कहा, ''भारतपे वन के साथ, हम एक और डिसरप्टिव उत्पाद लेकर आए हैं जो डिजिटल भुगतान के नजरिये को बदल देगा। देश भर के लाखों ऑफ़लाइन व्यापारियों के लिए दक्षता और सुविधा बढ़ाएगा। कई फंक्शनालिटी को एक लागत प्रभावी उपकरण में जोड़कर, हम विभिन्न क्षेत्रों में छोटे और मध्यम व्यवसायों की विभिन्न जरूरतों के अनुरूप एक व्यापक समाधान प्रदान कर रहे हैं। भारतपे एक मर्चेंट-प्रथम कंपनी है और यह अत्याधुनिक डिवाइस ऑफ़लाइन व्यापारियों के लिए एक पसंदीदा भागीदार बनने, मूल्य प्रदान करने और उनके व्यापार विकास को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।'' भारतपे के मुख्य बिजनेस अधिकारी-पीओएस सॉल्यूशंस, रिजीश राघवन ने कहा, भारतपे वन को हमारे व्यापारी भागीदारों को एकीकृत और निर्बाध भुगतान अनुभव प्रदान करने के लिए 'वन-स्टॉप डिवाइस' के रूप में डिजाइन किया गया है। मुझे विश्वास है कि भारत का यह पहला ऑल-इन-वन पेमेंट डिवाइस व्यापारियों को एक बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने में मदद करेगा, जिससे ग्राहकों की खुशी सुनिश्चित होगी। पायलट चरण में हमें अपने व्यापारियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और हमारा मानना ??है कि यह डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम के लिए एक और गेम चेंजर साबित होगा, जो फिनटेक उद्योग में अग्रणी के रूप में हमारी स्थिति को और मजबूत करेगा।

## वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने अख्तर खत्री को नियुक्त किया डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी

**वड़ोदरा एजेंसी।** भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने श्री अख्तर खत्री को डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) नियुक्त करने की घोषणा की है। 25 सालों के गौरवशाली करियर के साथ श्री खत्री के पास बैंकिंग, फाइनैंस, सेल्स एवं मार्केटिंग में गहन अनुभव है, जो निश्चित रूप से इस नई भूमिका के लिए बेहद कारगर होगा। डायरेक्टर सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) के रूप में श्री खत्री दोपहिया/तिपहिया/चार पहिया कारोबार के लिए सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी को संभालेंगे, साथ ही इंटरनेशनल मार्केट का भी नेतृत्व करेंगे। वे कारोबार के लक्ष्यों के अनुरूप सेल्स बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाएंगे। वे इंस्टीट्यूशनल सेल्स और कॉर्पोरेट कारोबार का भी नेतृत्व करेंगे। वे कंपनी के प्राथमिक दृष्टिकोण के मद्देनज़र वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स की सेल्स को नई उंचाईयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे। उनका सक्रिय दृष्टिकोण और व्यापक कौशल बाज़ार के अवसरों का लाभ उठाने में कारगर साति होगा और स्थायी परिवहन समाधानों में लीडर के रूप में वार्डविज़र्ड की स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगा।



इस नियुक्ति पर बात करते हुए श्री यतिन गुप्ते, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, ''वार्डविज़र्ड इनोवेशन के परिवार में श्री अख्तर खत्री का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका ट्रैक रिकॉर्ड और कौशल हमारी लीडरशिप टीम में एक महत्वपूर्ण एडीशन है। हमें विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में हम इनोवेट करना, मार्केट में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाना और उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान जारी रखेंगे।''

इस नई भूमिका पर उत्साह व्यक्त करते हुए श्री अख्तर खत्री, डायरेक्टर-सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स), वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, ''वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड में डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) के रूप में नियुक्त किया जाना मेरे लिए बेहद खुशी और सम्मान की बात है। इलेक्ट्रिक परिवहन समाधानों के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता मेरे व्यक्तिगत एवं पेशेवर मूल्यों के अनुरूप है। मुझे विश्वास है कि वार्डविज़र्ड की प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर हम स्थायी विकास को बढ़ावा देंगे और समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकेंगे।'' श्री खत्री मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनैंस लिमिटेड से वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स में शामिल हुए हैं, जहां वे चीफ़ फाइनैंस ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे। मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनैंस लिमिटेड से पहले उन्होंने कई मुख्य भूमिकाओं में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं जैसे एक्सिस बैंक लिमिटेड में एनआरआई बिज़नेस हैड, बजाज आलियान्ज़ लाईफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड में सीनियर डिविज़नल मैनेजर।

## खबर संक्षेप

### 5000 भारतीयों को रवांडा भेजेगी, ब्रिटेन सरकार

लंदन । ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 5000 अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को,अफ्रीका के देश रवांडा भेजने का फैसला किया है। 5000 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में रह रहे थे। उन्होंने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे ना मंजूर कर दिया है। 1 जनवरी 2022 के बाद से अवैध रूप से जो भी लोग ब्रिटेन पहुंचे हैं। ब्रिटेन सरकार द्वारा उन्हें शरणार्थी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। नाही ब्रिटेन सरकार उन्हें अपने देश में रखना चाहती है। ब्रिटेन में रह रहे यह 5253 भारतीयों मे 60 फीसदी से अधिक 18 से 29 साल के बीच के हैं। इंग्लिश चैनल को नावों के जरिए पार करके यह लोग ब्रिटेन पहुंचे थे।

### आईएस के 11 आतंकवादियों को ईराक ने दी फांसी

बगदाद। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह का सदस्य होने के आरोप में इराकी अधिकारियों ने 11 दोषियों को फांसी दी है। इस बात की जानकारी सुरक्षा से जुड़े एक सूत्र ने बुधवार को दी है। जानकारी देने वाले जेल अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि इराकी राजधानी बगदाद से लगभग 350 किलोमीटर दक्षिण में नासिरिया शहर में नासिरियाह सेंट्रल जेल में मंगलवार को आतंकी होने के बिनय पर 11 लोगों को फांसी दी है। सूत्रों की मानें तो इराकी न्याय मंत्रालय की एक टीम ने इराकी राष्ट्रपति की इजाजत के बाद ही सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर मौत की सजा को क्रियांवित किया है। यहां बतलाते चलें कि वर्ष 2017 के आखिर में इराकी बलों द्वारा इराक में आईएस को हराने के बाद सैकड़ों आईएस समर्थक या तो मार दिए गए थे पकड़े गए थे।

### 6 दफा हारने के बावजूद यह उम्मीदवार 7वीं बार चुनाव के मैदान में

वडोदरा। वडोदरा लोकसभा सीट से सोश्यालिस्ट यूनिटी सेंटर फोर इंडिया (सी) (एसयूसीआई-सी) के के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 22 अप्रैल को नाम वापस लेने के अंतिम दिनके बाद वडोदरा लोकसभा सीट पर चित्र स्पष्ट हो गया है। वडोदरा लोकसभा सीट पर 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिसमें भाजपा, कांग्रेस और बसपा समेत 7 निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। इनमें से एक हैं (एसयूसीआई-सी) के तपनदास गुप्ता7 तपनदास गुप्ता पहली बार चुनाव मैदान में नहीं उतरे बल्कि पहले भी लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं।

### 35 सालों मे गुजरात का कोई भी मुस्लिम, सांसद नहीं बना

अहमदाबाद । गुजरात में इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने किसी भी मुस्लिम को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। कांग्रेस पार्टी की टिकट के लिए अहमद पटेल की पुत्री मुमताज पटेल और उनके पुत्र फैसल पटेल दावा कर रहे थे। गठबंधन के समझौते मे आम आदमी पार्टी को भरूच की सीट मिली थी। लोकसभा 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने किसी भी मुस्लिम को उम्मीदवार नहीं बनाया है। पिछले 35 वर्षों से गुजरात से कोई भी मुस्लिम सांसद नहीं बना। अंतिम मुस्लिम सांसद का रिकॉर्ड अहमद पटेल के नाम पर है। गुजरात में लगभग 10 फीसदी आबादी मुसलमानो की है। 1984 के बाद से कोई भी मुस्लिम प्रत्याशी लोकसभा के लिए नहीं चुना गया। भाजपा ने 1984 के बाद से किसी भी मुस्लिम को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया। 1977 के लोकसभा चुनाव में तीन मुस्लिम उम्मीदवार खड़े हुए थे। इसमें दो को चुनाव में जीत हासिल हुई थी। अहमदाबाद सीट से एहसान जाफरी और भरूच से अहमद पटेल चुनाव जीते थे।



केन्या में भारी बारिश के बीच निकलती हुई एक वृद्ध महिला की सहायता करते हुए लोग।

## दुबई में तबाही वाली बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग नहीं जिम्मेदार: विशेषज्ञ

दुबई । बीते 16 अप्रैल को संयुक्त अरब अमीरात और उसके आस-पास के क्षेत्र में अभूतपूर्व बारिश ने हाहाकार मचा दिया था। अरब प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में उस दिन 24 घंटे में इतनी बारिश हुई ती, जितनी अमूमन 18 महीने में होती है। बारिश ने यूएई के सबसे स्मार्ट शहर दुबई की तस्वीर बिगाड़ कर रख दी थी। दुबई में हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। हालात ये हो गए थे कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों को रोकना पड़ा। हवाई अड्डा बंदरगाह की तरह हो गया था। कई विशेषज्ञ ने इस भारी बारिश के पीछे यूएई में होने वाली क्लाउड सीडिंग को जिम्मेदार ठहराया था लेकिन ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में जलवायु विज्ञान के प्रोफेसर रिचर्ड वाशिंगटन ऐसा नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि दुबई में जिस तरह बेतहाशा बारिश हुई है, उसे लाना इंसान के बस की बात नहीं है। भाषा से उन्होंने बताया कि चैट समूह में मौसम-विज्ञानी होने के नाते, मैंने उपग्रह और पूर्वानुमान मॉडल डेटा को देखा। मैंने जो देखा वह एक आदर्श तूफान के अवयव थे। अरब प्रायद्वीप जैसे पुराने रेगिस्तानों को आम तौर पर बहुत शुष्क बनाए रखने वाली चीज़ हवा का लगातार और तीव्र रूप से डूबना है, जो बारिश के लिए आवश्यक चीजों के बिल्कुल उलट है। गर्म महासागरों के निकट के रेगिस्तानों में, वाष्पीकरण प्रचुर मात्रा में होता है।

### पीएम मोदी-राहुल को चुनावी भाषणों पर ईसी का नोटिस

# भाजपा-कांग्रेस से 29 तक जवाब मांगा, नफरत फैलाने का आरोप

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने गुरुवार को कांग्रेस और भाजपा अध्यक्ष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के बयान पर जवाब मांगा है। आयोग ने मोदी और राहुल के भाषणों के खिलाफ की गई शिकायतों पर नोटिस भेजा है। इन शिकायतों में आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों में नफरत फैलाने और उन्हें बांटने का काम कर रहे हैं। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्ष से इस मामले में 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है।



### गरीबी बढ़ रही, हमारी सरकार आई तो एक झटके में खत्म कर देंगे: राहुल

चुनाव प्रचार के दौरान राहुल अलग-अलग जगहों पर गरीबी बढ़ने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने 11 अप्रैल को राजस्थान के बीकानेर में कहा था कि 22 लोग भारत के 70 करोड़ लोगों से अधिक अमीर हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो एक झटके में गरीबी खत्म हो जाएगी। राहुल के इस बयान पर भाजपा ने नीति आयोग की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। ऐसे में राहुल गरीबी बढ़ने का झूठा दावा कर रहे हैं।

### इलेक्शन कमीशन की 2 टिप्पणियां

1. इलेक्शन कमीशन ने जनप्रतिनिधि कानून के सेक्शन 77 के तहत दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस भेजा। आयोग ने स्टार प्रचारकों की फौज उतारने के लिए पहली नजर में पार्टी अध्यक्षों को ही जिम्मेदार ठहराया है।
2. चुनाव आयोग ने कहा, अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए। खासतौर पर स्टार कैंपेनर्स के मामले में। ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।

#### भाजपा की शिकायत

पार्टी ने सोमवार को चुनाव आयोग से कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में गरीबी बढ़ने का झूठा दावा कर रहे हैं। देश को भाषा के आधार पर उत्तर-दक्षिण में बांट रहे हैं। उनके खिलाफ सख्त कदम उठाया जाए।

#### कांग्रेस की शिकायत

पार्टी ने सोमवार को आयोग से शिकायत की थी कि पीएम मोदी के 'संपत्ति का बंटवारा' वाले बयान पर एक्शन लें। कांग्रेस ने इस बयान को विभाजनकारी, दुर्भावना से भरा और समुदाय विशेष को टारगेट करने वाला बताया था।

## सलमान के घर हुई फायरिंग के मामले में बिहार और झारखंड से जुड़ा कनेक्शन

एजेंसी | रांची



फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर हुई फायरिंग के मामले को महाराष्ट्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। इस घटना का पूरा कनेक्शन जानने के लिए मुंबई पुलिस लगाता दबिश दे रही है। संदिग्धों को उठा रही है और उनसे पूछताछ कर रही है। मुंबई क्राइम ब्रांच व बांद्रा पुलिस ने पश्चिम चंपारण के गौनाहा के मसही गांव से पांच लोगों को उठाया है। सभी को पूछताछ के लिए मुंबई ले गई है। मुंबई पुलिस के तीन अधिकारी तीसरी बार मसही गांव पहुंचे थे। मंगलवार की देर पांच लोगों को हिरासत में लेकर मुंबई रवाना हो गयी। पुलिस अधिकारियों ने गोली चलाने के आरोपी विक्की कुमार गुप्ता व सागर पाल के परिजनों समेत खलीफा उर्फ आशीष चौहान, अंकित कुमार, संजीत चौहान, सुनील कुमार, विक्की के साला विकास कुमार और विक्की के पिता साहेब साह से गहन पूछताछ की। पुलिस ने सभी को पूछताछ के लिए नोटिस दिया। नोटिस मुंबई पुलिस की अपराध शाखा कक्ष-9 की बांद्रा के सहायक पुलिस निरीक्षक ने जारी किया है। सभी को बांद्रा पुलिस की अपराध शाखा में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि शूटर सागर व विक्की के मोबाइल से इन लोगों के नाम सामने आये हैं। शूटर विक्की कुमार गुप्ता व सागर पाल को मुंबई पुलिस ने गुजरात के कच्छ शहर से गिरफ्तार किया था। मोबाइल से हुई बातचीत के आधार पर शूटर विक्की के भाई सोनू को भी मुंबई पुलिस चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर चुकी है। बता दें कि मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने सूरत में तापी नदी से अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी में प्रयुक्त हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

### भीख मांगने के मामले में यूएई में पाकिस्तानी सबसे आगे!

## पाकिस्तानी शिक्षा और स्किल के मामले में भारतीयों से बहुत पीछे

एजेंसी | इस्लामाबाद



फारस की खाड़ी के किनारे मौजूद अरब देशों में भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है तो पाकिस्तानी भी बड़ी संख्या में वहां मौजूद हैं। वैसे तो खाड़ी देशों में रहने वाले पाकिस्तानी शिक्षा और स्किल के मामले में भारतीयों से बहुत पीछे हैं, लेकिन एक ?विशेषता है जिसमें पाकिस्तानियों के सामने भारत का कोई मुकाबला नहीं है- वो है भीख मांगना। भीख मांगने के मामले में अरब देशों खासकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पाकिस्तानी सबसे आगे हैं। वैसे आगे कहना भी सही नहीं होगा, क्योंकि यहां पर भीख मांगने में पाकिस्तानियों का एकछत्र राज है। खाड़ी देशों में रहने वाले पाकिस्तानियों ने खुद अपने देश की पोल खोली है। एक पाकिस्तानी यूट्यूबर ने कुछ ओवरसीज पाकिस्तानियों से बात करके जब उनसे अरब देशों में भारतीयों और पाकिस्तानियों में अंतर बताने को कहा, तो चौंकाने वाले जवाब मिले। पाकिस्तानियों ने बताया कि खाड़ी देशों में रहने वाले पाकिस्तानी भारतीयों से शिक्षा और स्किल के मामले में काफी फिसड्डी हैं। लेकिन इन देशों में जितने भिखारी हैं।

## पाकिस्तानी आतंकियों के लिए कवच बना चीन का सीक्रेट वीटो

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र में ड्रैगन को किया बेनकाब

एजेंसी | न्यूयॉर्क



भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध समितियों में प्रस्तावों पर लगाई गई रोक एक प्रकार का छिपा हुआ वीटो है और इसकी आड़ में पाकिस्तान स्थित वैश्विक आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने जैसे मामलों पर परिषद के कुछ सदस्य देश कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कम्बोज ने यह बात कही। रुचिरा कम्बोज ने कहा ?कि किसी भी संस्थान के काम करने के तरीकों को उसके सामने आने वाली चुनौतियों का जवाब देना चाहिए। बढ़ती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड काफी निराशाजनक रहा है। कम्बोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वीटो पहल- संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को मजबूत करना प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि सुरक्षा परिषद ने वीटो को छिपाने के लिए अपने कामकाज के तरीके का उपयोग किया। उसने इस काम को अपनी समितियों की तदर्थ कार्य पद्धतियों के माध्यम से छिपाने का प्रयास किया है जो उसकी तरफ से काम तो करती है किंतु उसकी जवाबदेही बहुत कम है। रुचिरा ने कहा ?कि हममें से जो लोग मंजूरी समितियों की कार्य प्रणाली और रोक और अवरोध लगाने की इसकी परंपरा से परिचित हैं, वे जानते हैं कि ये उन मामलों पर एक प्रकार की छिपी हुई वीटो शक्ति हैं, जिन पर कुछ परिषद सदस्य कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे और उन्हें अपने निर्णयों की व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं होती है। कम्बोज की यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से चीन के संदर्भ में है। चीन ने सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को नामित करने के लिए भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगी देशों द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों पर बार-बार रोक लगाई है।

## रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार

### सिंधु जल संधि पर दोनों देशों ने किए हैं हस्ताक्षर

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि भारत को एक संधि के तहत रावी नदी के पानी पर पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह संधि पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करता है कि वह पड़ोसी देश की जल आक्रामकता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए। तरार ने नेशनल असेंबली (पाकिस्तानी संसद) में भारत के कार्यों पर चर्चा के लिए प्रस्तुत एक ध्यानाकर्षण नोटिस की कार्यवाही के दौरान कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच एक जल संधि है। रावी नदी पर पानी का अधिकार भारत का है और हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का







सहारा नहीं लिया जा सकता। दोनों देशों के बीच 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि के तहत भारत रावी, सतलज और ब्यास नदियों के पानी पर दावा करता है। संसद के निचले सदन में नोटिस पेश करने वाले पीटीआई एमएनए जरताज गुल ने तरार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज कानून मंत्री ने रावी नदी पर भारत का अधिकार स्वीकार कर लिया है, जो खेदजनक है। गुल को जवाब देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि कानूनी मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। कानून मंत्री ने कहा ?कि सिंधु जल संधि पर दोनों देशों ने 1960 में हस्ताक्षर किए थे, हालांकि, भारत इससे बाहर निकलना चाहता है, लेकिन आईसीजे ने इसे बाहर निकलने से रोक दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि पाकिस्तान किशनगंगा पनबिजली परियोजना के मुद्दे पर सफल हुआ। एक खबर के मुता?बिक भारत ने शाहपुर कंडी बैराज के पूरा होने के साथ रावी नदी से पाकिस्तान की ओर पानी का प्रवाह रोक दिया है।

## अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों की सलाह मानने से इजराइल का इंकार

### , राफा को ध्वस्त करने पर अमादा

एजेंसी | तेल अवीव



अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों ने इजराइल को सलाह दी है कि वह युद्ध से पीछे हट जाए। इसके बाद भी इजराइल ने गाजा के राफा शहर पर हमले की तैयारी पूरी कर ली है। इजराइल ने बुधवार को कहा कि वह राफा पर हमले की तैयारी में है और उसकी सेना आगे बढ़ रही है। उसके इस ऐलान से पड़ोसी देश मिस्त्र भी नाराज हो गया है। इजराइल यह हमला करेगा, इसकी कोई टाइमलाइन तय नहीं है, लेकिन हमला कभी भी हो सकता है। अब इजराइल का कहना है कि हमास की 4 सशस्त्र यूनिटों ने राफा शहर में ठिकाना बना लिया है। ऐसे में उसे नेस्तनाबूद करने के लिए राफा पर जमीनी हमला करना जरूरी है। इस बार इजरायल यह सावधानी भी रख रहा है कि उस पर आम नागरिकों के कत्लेआम का आरोप न लगे। इसीलिए उसने हमले से पहले टेंट सिटी बसाने का प्लान बनाया है ताकि राफा से निकलने वालों को शरण दी जा सके। वहीं मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी ने इजरायल को चेतावनी दी है कि यदि उसने राफा पर हमला किया तो गंभीर परिणाम होगे।राफा शहर पर हमले को लेकर मिस्त्र इसलिए चिंतित है क्योंकि वह उसकी सीमा से सटा हुआ है। पहले ही गाजा पर हमला होने के बाद से बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी मिस्त्र चले गए हैं।

## जौनपुर में ईट भट्टे पर छापेमारी से मचा हड़कंप,अवैध रूप से चल रहा, ईट भट्ठा किया गया सीज

जौनपुर न्यूज आशीष तिवारी। जिले के बक्शा थाना इलाके के ग्राम भिवरहा पोस्ट बख्शा तहसील सदर जिला जौनपुर में ईट भट्ठा मेसर्स जे0 एण्ड डी0 मार्का ईंट उद्योग के विरुद्ध जारी बंदी आदेश का अनुपालन ईट भट्ठा प्रतिनिध की उपस्थिति में कराया गया.बंदीआदेश काअनुपालन अग्निशमन विभाग



जौनपुर के द्वारा ईट भट्टे में लगी आग को बुझाकर व कच्ची ईंट को नष्ट कराया गया.और ईंटभट्ठा प्रतिनिध को निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में ईट भट्टे को पुन : संचालन न किया जाय.अवैध रूप से चल रहे ईट भट्टे को जिला प्रशासन ने सीज कर दिया. जौनपुर जिले के बक्शा थाना इलाके के ग्राम भिवरहा में कई सालों से अवैध रूप से चल रहे ईट भट्टे को जिला प्रशासन ने 25/04/2024 को सीज कर दिया.अचानक हुई इस कार्यवाही से पूरे इलाके के भट्ठा मालिको में हड़कम्प मच गया। जानकारी के मुताबिक भिवरहा गांव में एसडीएम पवन कुमार सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार,जिला पंचायत इंस्पेक्टर पवन यादव,मय पुलिस फ़ोर्स दमकल की गाड़िया लेकर मौके पर पहुंच कर दहकते भट्टे को दमकल की गाड़ियो से बुझा कर,कच्चे ईंट को नष्ट करवाया गया।

## हत्यारों के घर पर कब चलेगा बाबा का बुलडोजर, प्रमोद यादव का परिवार पुलिसिया कार्रवाई से संतुष्ट नही

जौनपुर न्यूज आशीष तिवारी। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री प्रमोद यादव हत्याकाण्ड में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दी है। मुठभेड़ के दरम्यान दो तरफ से हुई गोलीबारी में सिकरारा के थानेदार बाल बाल बच गये जबकि पुलिस द्वारा चलाई गयी गोली से एक आरोपी जख्मी हो गया है। पुलिस भले ही इसे उपलब्धि मान रही है लेकिन प्रमोद के परिवार पुलिसिया कार्रवाई से संतुष्ट नही दिख रहा है। भाजपा नेता के पुत्र ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान लगाते हुए कहा कि पुलिस तो यह बता रही है कि मेरे पापा के हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन यह खुलासा नही किया कि उनकी हत्या क्यों की गयी है शुटर को किसने पैसा दिया है। मेरे पिता के हत्यारों के घर पर बाबा का बुलडोजर कब चलेगा। बता दें सिकरारा थाना क्षेत्र के बोधापुर गांव के निवासी भाजपा के जिला मंत्री प्रमोद यादव पर बीते 7 मार्च को दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाशो ने ताबड़तोड़ गालियां बरसाकर मौत की नींद सुला दिया था। बीजेपी नेता की हत्या से पूरा जिला दहल गया था। पुलिस ने इस मामले पर परिजनो की तहरीर पर एक नामजद तथा तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलास में जुट गयी थी। पुलिस ने वारदात के दो दिन बाद नौ मार्च की रात नामजद अभियुक्त विजय यादव को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। अन्य की तलास कर रही थी।

## विधानसभा वार ईवीएम की हुई छटनी, सभी दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष की गई सील



उरई । जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम मशीन की विधानसभा वार छटाई करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम मशीन वेयरहाउस में सील की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी उरई सुरेश कुमार पाल, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा, वाहन चालकों का कराया गया स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण




उरई, जालौन। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जिले में परिवहन विभाग ने शुक्रवार को प्राइवेट बस स्टैण्ड (कोंच-जालौन) उरई में कैंप लगाकर वाहन चालकों और परिचालकों की आंखों की जांच कराई। प्राइवेट बस चालकों व अन्य प्राइवेट वाहन चालकों के नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर लगाकर समस्त चालकों के नेत्र व स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश कुमार, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण प्रभारी डा0 ए0के0 पाण्डेय, नेत्र विशेषज्ञ डा0 सुरेन्द्र कुमार, नेत्र परीक्षक राहित सोनी एवं प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारी के अध्यक्ष प्रदुम्न सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, सचिव अरविन्द कुमार दुबे, पूर्व अध्यक्ष बस यूनियन के शालिकराम पाण्डेय धर्मेन्द सिंह, सदस्य मनोज लल्ला व अन्य प्राइवेट वाहनों के यूनियन के पदाधिकारी सम्मिलित रहे। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों का सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल राजेश कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए अपील की गयी कि वे हेलमेट,सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाये व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुर्घटना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढ़ोयें ।

# लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी ने किया नामंकन: ओपी श्रीवास्तव

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। पूर्व विधासभा सीट पर होने जा रहे उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ओ.पी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। प्रातः हनुमान सेतु मंदिर से पार्टी रथ पर सवार होकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ कलेक्ट्रेट के लिए प्रस्थान किया। रथ पर साथ में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रस्तावक त्रिलोक अधिकारी महानगर महामंत्री, अरुण कुमार तिवारी पार्षद राजीव गांधी द्वितीय वार्ड, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, शिव शंकर अवस्थी, हेमंत दयाल, राकेश सिंह, प्रभु नाथ राय साथ में उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर ओपी श्रीवास्तव ने एसीएम 4 सचिन वर्मा को कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 21 में नामांकन पत्र सौंपा। एडवोकेट प्रशांत सिंह अटल और विनय पटेल उपस्थित रहे।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रातः ओपी श्रीवास्तव ने सबसे पहले अपने घर में पूजा अर्चना की उसके बाद प्रसिद्ध हनुमान सेतु मंदिर पहुंचकर शिवलिंग



पर जलाभिषेक किया और मंदिर में पूजन अर्चन कर गणेश भगवान और बजरंगबली सहित देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। उनके साथ सुपुत्र दर्पण श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी हनुमान जी के दर्शन किए और अपने प्रत्याशी की जीत की कामना की। इसके बाद मंदिर पार्किंग से रोड शो के रूप में उनका काफिला कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हो गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की भरी भीड़ उनके साथ थी।

जय श्री राम और मोदी योगी व राजनाथ सिंह के नारों की गूँज के बीच भव्य जुलूस में भाजपा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा, उत्साह से नामांकन जुलूस में शामिल हुए।

नामांकन जुलूस में इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी हैं तो मुमकिन, योगी हैं तो यकीन है। उन्होंने कहा कि लखनऊ लोकसभा सीट पर इस बार रिकॉर्ड टूटने जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीतने जा रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी ओपी ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, पूर्वी विधानसभा सीट पर भाजपा पहले से ज्यादा मतों से जीत हासिल करेगी। वहीं उन्होंने देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में पर बात करते हुए कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एनडीए गठबंधन चार सौ से ज्यादा सीटें जीतेगा। भाजपा प्रत्याशी ओपी ने कहा कि यह पहला चुनाव है जब देश की जनता ने अपना फैसला पहले ही सुना दिया है।

नामांकन के बाद ओपी श्रीवास्तव ने क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, मोहल्लों का भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह उनके जोरदार स्वागत का सिलसिला चलता रहा। इंदिरानगर ईश्वरधाम मंदिर के सामने स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय पहुंचने पर ओपी ने कार्यकर्ताओं का हालचाल पूछा और चुनाव तैयारियों के बावत जानकारियां ली।

# पाली जाखलौन मार्ग पर आए दिन हो रहे हादशे 5 दिन में चार लोगों की हुई मौत



**रिपोर्टर मनीष चौरसिया**

ललितपुर पाली जाखलौन मार्ग पर कुछ दिनों से आए दिन हादसों से क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। काफी ज्यादा शहनाइयां होने के कारण गलियों में काफी भीड़ देखी जा सकती है रोडो पर चलना भी किसी मुसीबत से कम साबित नहीं हो रहा है। लोगों को बरतना चाहिए काफी सावधानिया सावधान रहे देखकर चलें नशा ना करे। सूत्रों की माने तो अक्सर नशा के कारण हो रहे हादसे। पाली क्षेत्र में कुछ दिनों लगातार एक्सीडेंट के कारण हो रही मौतें।

तो वही एक तरफ शादी की शहनाइयां बज रही हैं। तो वहीं दूसरी तरफ नगर क्षेत्र में मातम सा पसरा हुआ नजर आ रहा है ।लोगों में बना चर्चा का विषय आखिर हो क्या रहा है। जाखलौन पाली मार्ग पर 5 दिनों में चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना मिल रही है।

जिसका कारण निश्चित ही तौर पर बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार लापरवाही एवं शराब का अधिक नाश कर चलाए जा रहे वाहन। तो वही शुक्रवार को दोपहर भी जाखलौन की ओर जा रहे तेज रफ्तार में आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रण होकर भदौरा पंप के पास खाई में जा गिरा जिससे ट्रैक्टर चालक गोकल अहिरवार उम्र करीब 35 वर्ष चर्चा

नगर मे फैली तो। लोगों में चर्चा होने लगी की काफी दिनों इस मार्ग पर घटनाओं का क्रम लगातार बढ़ता सा जा रहा है । दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक को को डॉक्टरो ने किया मृत घोषित।

## जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण



उरई( जालौन ) ।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रशिक्षित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन को संपन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी प्रपत्रों, रजिस्टरों, लिफाफों एवं मतदान के दिन प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों रवाना होने से पहले सामग्री का मिलान अवश्य करा लें, साथ ही निर्धारित वाहन से ही जाएं। उन्होंने मतदान दिवस पर मतदान के प्रतिशत को संकलित किए जाने हेतु तैयार किए गए एमपीएस मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के संबंध में बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को मतदान दिवस पर शाम 6 बजे के पश्चात फाइनल वोटर टर्न आउट का आकलन भी एमपीएस मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के माध्यम से किया जाएगा।

# ग्लोबल हॉस्पिटल का फीता काटकर किया गया भव्य शुभारंभ



**दैनिक सिद्धि सरकार**

जालौन। नगर में ग्लोबल हॉस्पिटल का शुभारंभ चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश राजपूत ने किया। इस मौके पर नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। नगर में औरैया रोड पर चुंगी नंबर चार के पास ग्लोबल हॉस्पिटल का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। हॉस्पिटल का शुभारंभ झांसी में चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश राजपूत ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर में एक हॉस्पिटल की आवश्यकता थी। जिसे ग्लोबल हॉस्पिटल पूरा करेगा। उन्होंने हॉस्पिटल के संचालकों से अपील की क्षेत्र की जनता कृषि आधारित है। ऐसे में मरीजों को उचित दर पर इलाज मुहैया कराएं। संचालन कर रहे डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने बताया कि हॉस्पिटल में यदि मरीज और तीमारदारों को सुविधाएं मिलती हैं तो निश्चत ही मरीज किसी अन्य जगह नहीं जाएगा। लोग अपने नजदीक स्थानर पर ही इलाज कराना उचित समझते हैं। बस उन्हें ऐसा न लगे कि उन्हें बेवजह तंग किया जा रहा है।


हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अमित ने कहा कि उनकी मंशा है कि आगे चलकर हॉस्टिल को ट्रामा सेंटर के रूप में विकसित किया जाए। हास्पिटल में मरीजों को 24 घंटे इमर्जेंसी सुविधा उचित दर पर मिलेगी। बताया कि मरीजों को प्रथम परामर्श निशुल्क दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसएन वर्मा, डॉ. आरके राजपूत, डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. मोहसिन, डॉ. अंसारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्ष कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनू आदि मौजूद रहे।

# समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लिखी जा रही बाहर की दवाएं, मरीजों की ढीली हो रही जेब

### सुविधा शुल्क न देने पर प्रसूताओं को कर दिया जाता है रेफर

महोबा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर में जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते चिकित्सक यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को बाहर की दवाईओं का भारी भरकम का पर्चा थमा देते हैं। डिलीवरी कराने आई महिलाओं से भी नर्सो द्वारा पैसों मांग की जाती है द्य असमर्थता जताने पर बच्चा उल्टा होने या फिर आपरेशन से बच्चा होने का बहाना बना रेफर कर दिया जाता है।

जिससे मरीजों में प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति भारी नाराजगी पनप रही है द्य केन्द्र व प्रदेश सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी चिकित्सक सुधरने का नाम नही ले रहे है। वह अस्पताल आने जाने वाले मरीजों को बाहर की दवायें लेने को मजबूर करने से बाज नही आ रहे है। चिकित्सकों की बाहर



स्थित मेडिकल संचालकों से भारी कमीशन मिलता है। जिसके चक्कर में चिकित्सक बाहर की दबाये लिखकर मरीजों को लूटने का कार्य कर रहे है। इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारी है कि इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। जिससे चिकित्सकों के हौसले बुलन्द बने हुये है। कस्बा निवासी नेहा ने बताया कि वह डिलेवरी की जांच कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आई थी। जहां डॉक्टर ने एक पर्चा थमाते हुये कहा कि यह दबाये बाहर के मेडीकल से ले आओ। जब वह मेडिकल से दबाये लेने गई तो उसे 1090 रुपए का पर्चा थमा दिया गया। मजबूरी में महिला को वह दवायें अपने साथी से पैसे उधार लेकर खरीदनी पडी। यह कोई एक मामला नहीं है ऐसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन होता है।

अस्पताल के प्रभारी महीने में एक या दो दिन ही अस्पताल में मौजूद रहते हैं। अस्पताल का फार्मासिस्ट व स्टाफ कर्मचारी ही संचालन करते है द्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर में पर्चा लिखना आम बात हो गई है। क्योंकि पर्चे से ली गई दवाई में अस्पताल के डॉक्टर का कमीशन सेट होता है। इसी से परेशान मरीजों ने डाक्टरों की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर कार्यवाही की मांग की है।

# नामांकन के पहले दिन भाजपा प्रत्याशी ने अपने समर्थकों के साथ दाखिल किया पर्चा

महोबा। पाँचवे चरण में लोकसभा 47 हमीरपुर, तिंदवारी, महोबा का मतदान 20 मई सम्पन्न होना है द्य जिसको लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है द्य नामांकन के पहले दिन भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद सिंह चन्देल ने कलेक्ट्रेट पहुंच अपने समर्थको के साथ पहला सेट जमा कर दिया है द्य

बुंदेलखण्ड के महोबा जिले के रहने वाले पुष्पेंद्र सिंह चन्देल को तीसरी बार भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है द्य पुष्पेंद सिंह चन्देल दो बार भाजपा से सांसद रहे और रेलवे का विस्तारी कारण हो या केंन बेतवा लिंक परियोजना हो या अन्य विकास को लेकर संसद मे बुंदेलखण्ड के विकास को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे है द्य पाँचवे चरण में लोकसभा 47, तिंदवारी महोबा हमीरपुर मे चुनाव



सम्पन्न होना है जिसको लेकर नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन भाजपा प्रत्याशी ने पहला सेट समर्थको के साथ पहुँच जमा किया है द्य नामांकन पत्रो की जांच 4 मई को होगी द्य नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 6 मई निर्धारित की गई है तथा 20 मई को पाचवे चरण का मतदान सम्पन्न होना है। लोकसभा 47 में 18 लाख 34 हजार 4 सौ 44 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला तय करेगे। पाँचवे चरण के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है द्य भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही पहले दिन समर्थकों के साथ पहुच पर्चा दाखिल किया द्य उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के लोगों से बड़ा प्रेम मिल रहा है और तीसरी बार भी तिंदवारी हमीरपुर महोबा की जनता का प्रेम मिल रहा है उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों तक पानी पहुचाने का काम करुगा द्य उन्होंने कहा कि जनता का प्रेम मिल रहा है और जनता के विश्वास मे खारा उतरुगा और क्षेत्र का विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा ।

# जलती हुई माचिस की तीली और अधजली बीड़ी सिगरेट इधर उधर न फेंके : डीएम

महोबा। तेजी से बढ़ रही गर्मी के दृष्टिगत संभावित अग्नि काण्डों से बचाव को लेकर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जनसामान्य को बचाव के टिप्स देते हुए सचेत किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही अग्निकाण्ड की घटनाएं भी प्रारम्भ हो गई हैं। गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं बड़े पैमाने पर घटित होती हैं जिसके फलस्वरूप हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है।

जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण इन घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में बताया कि बहुत छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर हम अग्निकांड की घटनाओं को



रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि घास फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें।

हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें। गर्मी के दिनों में दिन में तेज व गर्म हवाएं चलती हैं इसलिए जहां तक सम्भव हो गर्मियों में दिन का खाना 9 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनाएं। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें उसकी सूचना बिना देर किए बिजली विभाग को दें।

खेतों के पास लगे बिजली खंभें के फसल को पहले काट लें, जिससे चिंगारी से आग लगने की संभावना कम हो जायेगी। आग लगने पर

# मऊरानीपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संपन्न हुआ




मऊरानीपुर। आज मऊरानीपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक गिरी ने की। मुख्य वक्ता ने बूथ अध्यक्षों मंडल अध्यक्षों एवं जिले के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष ही भारतीय जनता पार्टी के रीड की हड्डी है।

सभी को जो बूथ पर 20 काम आए हैं। उनको संपन्न करते हुए हमें इस बार मोदी जी को पुनः 400 के पास करवाना है। उन्होंने बूथों पर होने वाले अनेक कार्य बताएं कि किस तरह संगठन का कार्य करते हुए समाज को जोड़कर एवं जनप्रतिनिधियों की सहायता लेते हुए आने वाले 30 मई को अधिक से अधिक मतों से यहां अनुराग शर्मा को विजय बनाकर संसद में भेजना है। तथा प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आप सभी को जितने भी लाभार्थी रह रहे हो चाहे वह आयुष्मान योजना से लाभान्वित हो या प्रधानमंत्री आवास योजना से हो या किसान सम्मान निधि से हो या अन्य योजना से लाभान्वित हो। सभी से संपर्क करना है। एक-एक घर का दरवाजा खटखटाना है एवं अपने बूथ को सशक्तिकरण करना है। इस बार हमें बूथ पर 370 से अधिक मतों को जोड़ना है। सी ग्रेड के बूथ को बी ग्रेड, बी ग्रेड के बूथ को ए ग्रेड एवं ए ग्रेड के बूथ को ए प्लस ग्रेड बनाना है। झांसी ललितपुर सांसद एवं प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी का 140 करोड़ का परिवार है। और 18 करोड़ की सेना है। उन्होंने आगे कहा कि केन बेतवा की परियोजना किसान भाईयों के लिए बहुत लाभदायक है मोदी जी ने हम सभी को छुआ है। सबसे बड़ी बात है कि देश के सभी मतदाता मोदी जी के लिए वोट डालना चाहते हैं।

आप भाजपा के देवतुलय कार्यकर्ता हैं आप सभी को हर घर पर दस्तक देना है तथा उनसे राम राम करना है। हम सभी चुनाव में जाएंगे और बताएंगे की जब कमल का बटन यहां दबाएंगे तो पाकिस्तान थर्राता है। जब कमल का बटन यहां दबता है तब भ्रष्टाचारियों का दिल दहलता है। जब कमल का बटन यहां दबता है तब गुंडा दर से कांपता है। 80 करोड़ लोगों को राशन दिया जा रहा है। पहले लोग बीमार पड़ते थे तो गरीब आदमी सोचता था कि बीमार को बचाएं या घर चलाएं। आज अगर कोई बीमार होता है तो प्राइवेट हॉस्पिटल तक में आयुष्मान योजना में इलाज संभव है। आज तक 4 करोड़ घर बने हैं मोदी की गारंटी है अगले पांच साल में योजना का और विस्तार होगा। अगर किसान सम्मान निधि के पैसे आते तो एक रुपया भी बीच वाला नहीं ले पाता है। ये है मोदी की गारंटी है। उनके यहां परिवारवाद है चाहे सपा देख लीजिए उनके चाचा भतीजा बहु दामाद सभी को टिकट दे दिया है।

## 12वीं शादी की वर्षगांठ की बधाई एवं शुभकामनाएं



आज हमारे दैनिक सिद्धि सरकार के संवादाता श्री जितेंद्र कुमार एवं श्रीमति खुशबू सेन जी की शादी की 12 वी वर्षगांठ मनाई गई है हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं की इन दोनो की

दैनिक सिद्धि सरकार के लिए स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अखिलेश कुमार द्वारा परशुराम एसोसिएट एंड कानन ड्रीम प्रोडेक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहर रोड, आजादपुरा ललितपुर (उ.प्र.) से छपवाकर 91 मसौरा खुर्द ललितपुर (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक अखिलेश कुमार। Email : siddhisarkar94@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ललितपुर होगा। मो. 9793444829, 9044133894